✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 218 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 4 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण करते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव




## संक्षिप्त समाचार

### स्मैक के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजीव नगर थाना क्षेत्र के पहलवान चौक स्थित खटाल के पास से पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। दोनों के पास से स्मैक की कुल 54 पुड़िया बरामद की गई है, जिसका कुल वजन 28.06 ग्राम बताया गया है। गिरफ्तार महिला की पहचान बेबी देवी और युवक की पहचान मनोहर कुमार के रूप में हुई है।

### 50 हजार का इनामी ठाकुर यादव गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार एसटीएफ ने भोजपुर जिला के 50 हजार रूपये के इनामी कुख्यात अपराधी ठाकुर यादव को रामगढ़ (झारखंड) से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ठाकुर यादव विगत वर्षों से गोलीबारी एवं रंगदारी के कांड में फरार चल रहा था। भोजपुर के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार स्थित एक मॉल पर फायरिंग में वांछित था। ठाकुर यादव सरैया निवासी लालबाबू यादव का पुत्र है। उसके खिलाफ पूर्व से हत्या, अपहरण, रंगदारी और लूट सहित छह मामले दर्ज हैं। सभी मामले कृष्णगढ़ थाना में दर्ज हैं।

### पुराने की अपेक्षा नये शिक्षकों को अधिक मिल रहा वेतन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पुराने शिक्षकों से अधिक नये शिक्षकों को वेतन मिल रहा है। 2022 और इसके पहले स्कूलों में नियुक्त कक्षा एक से 12 तक के 40 हजार से अधिक शिक्षकों को 2024 में बीपीएससी से चयनित शिक्षकों से कम वेतन मिल रहा है। इसमें सिर्फ 2022 में नियुक्त 25 हजार शिक्षक हैं। वेतन विसंगति दूर करने के लिए शिक्षा विभाग ने कई बैंठकों में जिलों को निर्देश दिया है। इसके बाद भी अभी इसमें सुधार नहीं हो सका है। छठे चरण के तहत 2022 में प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक बन गए हैं।

### एक साल में 22 हजार किमी बिछेगा ऑप्टिकल फाइबर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** इंटरनेट उपभोक्ताओं को नेट की स्पीड मिले, इसके लिए राज्यभर में ऑप्टिकल फाइबर बिछाया जाएगा। यह काम इस वर्ष पूरा कर लिया जाएगा। पूरे साल 22 हजार किलोमीटर में ऑप्टिकल फाइबर को बिछाना है। इसके लिए दूर संचार विभाग ने कार्ययोजना तैयार करना शुरू किया है। किस महीने में कितनेऑप्टिकल फाइबर को बिछाने का काम पूरा किया जाएगा, इसके लिए मासिक योजना बनायी जा रही है।

## न्याय प्रणाली में सहानुभूति बेहद जरूरी : मुख्य न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/मसौढ़ी।** कानून प्रणाली में सहानुभूति होना जरूरी है क्योंकि इसी से एक न्यायपूर्ण समाज और अन्यायपूर्ण समाज में फर्क होता है। यह कहना है सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का। उन्होंने कहा कि न्याय सबसे ज्यादा उन लोगों और समुदायों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। शनिवार को सीजेआइ ने पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में युवा वकीलों को याद दिलाया कि करियर में मेहनत और जोश होना जरूरी है लेकिन इसके कारण संवेदनशीलता और नैतिक भावनाओं का नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई युवा वकील मानते हैं कि सफलता के लिए काम, नियमों और उम्मीदों के प्रति पूरी तरह समर्पित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुछ समय के लिए यह जोश जरूरी है लेकिन इससे मन की संवेदनशीलता नहीं मिटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कानून आपके जीवन के हर हिस्से पर हावी हो जाता है तो आप उस सहानुभूति और न्याय के लिए जरूरी समझ खो सकते हैं जो सही न्याय के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी कानूनी प्रणाली में यही सहानुभूति एक न्यायपूर्ण समाज को अन्यायपूर्ण समाज से अलग करती है। सीजेआइ ने युवा वकीलों से कहा कि



जब आप इस विश्वविद्यालय से विदा होंगे तो याद रखें कि कानून सिर्फ उन लोगों के लिए नहीं है जो इसे वहन कर सकते हैं बल्कि उन सभी के लिए है जिन्हें इसकी सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपके ऊपर यह जिम्मेदारी है कि आप अपनी क्षमताओं का उपयोग लोगों के लाभ के लिए करें। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैं अक्सर कहता हूं, सवाल यह नहीं है कि आपने कानून सीखा है या नहीं बल्कि यह है कि क्या आप कानून को बेहतर बनाने और न्याय की दिशा उन समुदायों की ओर मोड़ने के लिए तैयार हैं जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। सीजेआइ सूर्यकांत ने बिहार के इतिहास की सराहना करते हुए कहा कि यह भूमि, तार्किक विचारकों और न्यायशास्त्र के महान चिंतकों की भूमि है और लंबे समय से नीति, तर्क व न्याय का संगम रही है। राज्य के दो-दिवसीय दौरे पर आए सीजेआइ ने इससे पहले पटना हाई कोर्ट परिसर में बुनियादी ढांचों से जुड़ीं सात परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे का विकास बेहद जरूरी है ताकि बढ़ती आबादी, बढ़ते मुकदमों और जटिल होते विवादों से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। सात परियोजनाओं में एक एडीआर भवन एवं सभागार, एक आईटी भवन, एक प्रशासनिक भवन, बहु-स्तरीय कार पार्किंग, एक अस्पताल, पटना उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के लिए एक आवासीय भवन तथा महाधिवक्ता कार्यालय का एक सौध भवन शामिल हैं। सीजेआइ ने अपने संबोधन में कहा कि पटना हाई कोर्ट के प्रशासनिक ब्लॉक, आईटी ब्लॉक और अन्य सुविधाओं के लिए शिलान्यास अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस अवसर का बिहार में और भी गहरा महत्व है, जो भारत की सभ्यतागत स्मृति में एक विशिष्ट स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली के दक्षता विकास का मतलब है कि उसे बढ़ती आबादी, (शेष पृष्ठ 11 पर)

**जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को घर पर ही मिलेंगे अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाएं**

## सभी नागरिकों के जीवन को बनाया जायेगा आसान : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए साल के तीसरे दिन जनता को संबोधित किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 24 नवंबर 2005 को राज्य में जब से हमलोगों की सरकार बनी तब से न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए हमलोगों ने समाज के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान एवं हर क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है। हमलोगों ने पूरे बिहार को अपना परिवार माना है और सबके मान और सम्मान का पूरा ख्याल रखा है। अब राज्य में समाज के हर वर्ग के लोग सम्मान के साथ आसानी से जीवन व्यतीत कर सकें इसे लेकर हमलोगों ने गंभीरता से कार्य प्रारंभ कर दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने वर्ष 2025 से 2030 के लिए राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने



हेतु सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करना तथा उनके जीवन को और भी आसान बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले हमलोगों की कोशिश है कि राज्य के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को जरूरत के समय उनके घर पर ही अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। जैसे नर्सिंग सहायता की सुविधा, घर पर ही पैथोलॉजी, ब्लड प्रेशर और ईसीजी जांच, फिजियोथेरेपी की सुविधा एवं आपातकालीन स्थिति में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधित उपरोक्त सभी सुविधाएं उन्हें घर पर ही मिल सकें, इसे लेकर हमलोगों ने स्वास्थ्य विभाग को तेजी से काम करने का निर्देश दिया है। राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान बनाने हेतु और क्या-क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं, इसे चिह्नित किया जाना भी आवश्यक है। इस संबंध में अगर आप कोई विशिष्ट सुझाव देना चाहते हैं तो अपने बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं।

## रिश्वत लेते जिला कृषि पदाधिकारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई हुई है। पटना निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने शनिवार को जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार को 19 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए उनके निजी आवास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पूरे कृषि विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि सुधीर कुमार के पास वर्तमान में परियोजना निदेशक (आत्मा) के साथ-साथ जिले के सहायक निदेशक (शस्य) एवं तिरहुत प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार भी था। निगरानी टीम ने उन्हें रिश्वत की राशि के साथ उनके आवास से गिरफ्तार किया और इसके बाद निगरानी थाना, मुजफ्फरपुर लाकर पूछताछ शुरू की। मामले में पीड़ित संतोष कुमार ने बताया कि रिश्वत की बड़ी रकम चुकाने के लिए उसे अपनी जमा पूंजी के अलावा घर की कीमती वस्तुएं भी बेचनी पड़ीं। संतोष के अनुसार 5 दिसंबर को उसने सुधीर कुमार को 1,81,000 रुपये की पहली किस्त दी थी। यह राशि उसने बैंक से लोन लेकर, पत्नी के गहने गिरवी रखकर और अपनी गाड़ी बेचकर जुटाई थी। इतनी बड़ी रकम देने के



बावजूद आरोपी अधिकारी शेष 19,000 रुपये के लिए लगातार दबाव बना रहा था। इस संबंध में निगरानी विभाग के डीएसपी मिथिलेश कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को घूस की राशि के साथ गिरफ्तार किया गया है। उनके आवास की तलाशी भी ली जा रही है ताकि आय से अधिक संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों का पता लगाया जा सके। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम आरोपी को लेकर पटना रवाना हो गई है जहां उसे विशेष निगरानी अदालत में पेश किया जाएगा। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## जाली दस्तावेजों से जमीनों में खेल बर्दाश्त नहीं : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जमीन बंटवारे, दाखिल-खारिज में अधिकारियों की लापरवाही को लेकर डिप्टी सीएम सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय सिन्हा ने सख्त रुख अपना लिया है। उन्होने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देने के साथ ही विभाग का सिस्टम भी बदल दिया है। डिप्टी सीएम ने कहा है कि भूमि सुधार जनकल्याण संवाद के दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों का त्वरित और समयबद्ध निष्पादन होगा। बिहार भूमि पोर्टल पर लागू एफआईएफओ व्यवस्था को 31 मार्च तक अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्देश दिया गया है। सरकार की प्राथमिकता है कि जनसंवाद से जुड़े मामलों का समाधान बिना अनावश्यक विलंब के किया जाए। उन्होने कहा कि भूमि से संबंधित मामलों में जाली और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खेल अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डीसीएलआर की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक 6 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़े कार्यों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा छह जनवरी को होगी। राज्यभर के भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) इसमें शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल करेंगे। बैठक दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी, जिसमें अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गया, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा, नवादा, पटना, रोहतास एवं शेखपुरा जिलों के भूमि सुधार उप समाहर्ता भाग लेंगे।

## बच्चों की जीवन रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : श्रवण

**स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन मंत्री सख्त**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंत्री ने कहा कि बच्चों की जीवन रक्षा और सुरक्षित परिवहन सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी स्कूलों की ओर से संचालित वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल प्रबंधनों और वाहन मालिकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जनवरी माह में सभी जिला परिवहन अधिकारियों (डीटीओ) की ओर से विशेष अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल वाहनों को सुरक्षा उपकरणों से लैस करना होगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में



त्वरित मदद मिल सके। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरा और निर्धारित गति सीमा के अनुरूप स्कूली वाहन चलाने का निर्देश दिया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रत्येक स्कूल वाहन में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी), पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम लगाना जरूरी है। स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाना होगा। इसकी फुटेज स्कूल प्रबंधन कम से कम 60 दिनों तक संरक्षित रखेगा। 14 सीटर से कम छोटे वाहनों में सीसीटीवी अनिवार्य नहीं। सभी स्कूल वाहनों में स्पीड गवर्नर लगाना जरूरी है जिसकी अधिकतम गति सीमा 40 किमी प्रति घंटा होगी। लाल बत्ती उल्लंघन, लेन अनुशासन भंग या अनाधिकृत व्यक्ति को वाहन चलाने की अनुमति जैसे अपराधों में एक वर्ष में दो बार से अधिक दंडित चालक स्कूल वाहन नहीं चला सकेंगे। तेज गति, खतरनाक ड्राइविंग या नशे में ड्राइविंग के एक बार भी दंडित चालक, आईपीसी, सीआरपीसी या पोक्सो एक्ट के अपराधों में सजा पाए चालकों को स्कूल वाहन चलाने की अनुमति नहीं है। इसके साथ ही चालकों की नियुक्ति से पहले उनके स्थायी पता और निकटतम दो रिश्तेदारों का पुलिस सत्यापन भी अनिवार्य होगा। इनके अलावा सभी बसों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगाना होगा। श्री कुमार ने बताया कि वाहनों में वैध दस्तावेज जैसे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट और चालक के पास भारी मोटर वाहन (भारी यात्री वाहन) का वैध ड्राइविंग लाइसेंस और कम से कम एक वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।




C M Y K

# फरवरी 2026 से बिहार में शुरू होगी ई-बस सेवा, पर्यटन स्थलों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने नए साल पर प्रदेशवासियों और सैलानियों को बड़ी सौगात दी है। राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए फरवरी 2026 से अत्याधुनिक 40 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन शुरू किया जाएगा। योजना के तहत बोधगया, राजगीर, नवादा, कैमूर, सासाराम, बांका, सीतामढ़ी, वैशाली समेत कई महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्रों को ई-बसों के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बीते कुछ वर्षों में बिहार में पर्यटन को लेकर सकारात्मक माहौल बना है और घरेलू के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आधारभूत संरचनाओं के विकास और बेहतर संपर्क व्यवस्था के कारण बिहार पर्यटन के नक्शे पर तेजी से उभर रहा है। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि ई-बस सेवा शुरू होने से बिहार भी गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों की तरह संगठित और सुविधाजनक पर्यटन परिवहन व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ेगा। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। परिवहन और पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ई-बस सेवा फरवरी 2026 से शुरू होने की संभावना है। फिलहाल दोनों विभागों के बीच मार्ग निर्धारण और संचालन व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद बसों का नियमित परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। पर्यटन स्थलों के लिए चलाई जाने वाली इन इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बसों में आरामदायक सीटें, टेलीविजन, संगीत प्रणाली, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट समेत कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके। ई-बस सेवा को लेकर युवाओं और यात्रियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। एक यात्री ने कहा कि बिहार में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं जिनकी जानकारी देश और दुनिया को अभी पूरी तरह नहीं है। राजगीर की जेठियन पहाड़ी हो या कैमूर की ललपनिया झील, यहां आकर अलग अनुभव मिलता है। ई-बस सेवा से अब अधिक लोग बिहार की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को देख सकेंगे। ट्रैवल ब्लॉगर ब्रिजेश केवट ने कहा कि यह ई-बस सेवा ट्रैवल ब्लॉगर्स के लिए भी काफी लाभदायक साबित होगी। प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान और कम खर्चीली होगी जिससे बिहार को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

# सदाकत आश्रम में अतिपिछड़ा कांग्रेस कमिटी की बैठक सम्पन्न

## श्रद्धा से मनाई गई सावित्री बाई फुले की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम परिसर में अतिपिछड़ा कांग्रेस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिपिछड़ा विभाग का प्रदेश अध्यक्ष शशिभूषण पंडित ने की। बैठक में बिहार प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जिला एवं प्रदेश स्तर के कांग्रेस नेताओं की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर महान समाज सुधारक एवं नारी शिक्षा की प्रेरणास्त्रोत सावित्री बाई फुले जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। सभी उपस्थित नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के प्रति उनके योगदान को नमन किया।

बैठक में संगठनात्मक एवं राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अतिपिछड़ा वर्ग के ढांचागत व सांगठनिक विस्तार की कार्य योजना तथा आगामी जनआंदोलनों एवं संघर्ष के एजेंडा पर मंथन किया गया। अतिपिछड़ा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शशिभूषण पंडित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, अतिपिछड़ा वर्ग के अधिकारों और शिक्षा के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। बैठक में सुरेश मुखिया, रंजीत पंडित, रामप्रवेश, अभिषेक कुमार यादव, डॉ. किशोरी लाल, अरुण कुमार बिंद, डॉ. सुरेश कुमार, राजकुमार मंडल, बिनय कुमार उर्फ गुड्डू साह, अशोक कुमार, नीतू सिंह निषाद, रमन कांत, डॉ. इन्द्रदीप चंद्रावती, मिथिलेश निषाद, मो. उसमान हलालखोर, सुनील कुमार सुमन तथा प्रभात कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य नेता शामिल रहे। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने संगठन की मजबूती, सामाजिक न्याय और अतिपिछड़ा वर्ग के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक संत मोरारी बापू के रामकथा में शामिल हुए संजय सरावगी

## बिहार भाजपा अध्यक्ष पहुंचे अशोक धाम, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राम कथा वाचक संत मोरारी बापू की राम कथा का शुभारंभ शनिवार को लखीसराय जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अशोक धाम मंदिर परिसर में हुआ। मोरारी बापू की भव्य श्रीरामकथा के उद्घाटन कार्यक्रम में बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी सहभागिता की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस आयोजन की तारीफ करते हुए कहा 'बिहार में मोरारी बापू की मौजूदगी लोगों में आध्यात्मिक जागरूकता, पॉजिटिव एनर्जी और मानसिक शांति लाएगी। अशोक धाम में राम कथा नैतिक मूल्यों को मजबूत करने और लोगों को भगवान राम के दिखाए गए नेकी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।' उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों तक इस धार्मिक स्थल पर मर्यादा पुरुषोत्तम की कथा की ज्ञान गंगा बहेगी। इससे पहले अशोकधाम जाने के क्रम में भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी का मोकामा गोसाई, बहरिया श्रीकृष्ण चौक, जैतपुर, पहाड़पुर, लखीसराय टोल गेट सहित विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। भाजपा अध्यक्ष ने इस आत्मीय स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन से मन अभिभूत है। इस अनन्य स्नेह, सम्मान और सत्कार के लिए सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार है।

# डीवीडीएमएस से मजबूत हुई बिहार की दवा आपूर्ति व्यवस्था : मंगल पांडेय

## अब दवा की कमी नहीं बनेगी इलाज में बाधा, राज्यभर में 180 औषधि वाहन दे रही सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के स्वास्थ्य कल्याण हेतु निःशुल्क और सुलभ दवा पहुंचाने के संकल्प को तेजी से धरातल पर उतार रही है। इस दिशा में राज्य के 14 हजार 337 स्वास्थ्य संस्थानों को ड्रग्स एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (डीवीडीएमएस) से पूरी तरह सूचीबद्ध किया गया है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से दवा आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी प्रभावी और जवाबदेह बनाया गया है ताकि किसी भी स्तर पर दवा की कमी न हो और जरूरतमंद मरीज को समय पर मुफ्त दवा उपलब्ध हो सके। यह व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं को जन-केंद्रित और भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत सरकार के डीवीडीएमएस पोर्टल पर विगत 16 माह से बिहार प्रथम स्थान पर है। श्री पांडेय ने कहा कि डीवीडीएमएस के सफल क्रियान्वयन से राज्य में दवाओं की आपूर्ति श्रृंखला अब ऑनलाइन निगरानी हो रही है। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल से लेकर जिला अस्पतालों तक दवा की उपलब्धता खपत और मांग का वास्तविक समय में आकलन संभव हुआ है। अब दवा प्रबंधन में अनियमितताओं की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई है। सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी मरीज केवल दवा के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से बीपी और शुगर जैसे गैर-संचारी रोगों के मरीजों को 30 दिनों की दवा एक साथ उपलब्ध कराई जा रही है। डीवीडीएमएस के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें। राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार द्वारा दवा वितरण को और मजबूत बनाने के लिए राज्यभर में 180 औषधि वाहन लगातार संचालित किए जा रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में निःशुल्क दवा वितरण मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। आने वाले समय में डीवीडीएमएस को और अधिक उन्नत किया जाएगा। बिहार की यह पहल स्वास्थ्य व्यवस्था को जन-केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हाशिए पर खड़े व्यक्ति तक निःशुल्क दवा पहुंचाना केवल एक योजना नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का प्रतीक है।

## छह से नौ जनवरी तक विशेष अभियान, किसानों से सहभागिता की अपील

# फार्मर रजिस्ट्री से कृषि सेवाओं को मिलेगी नई गति : राम कृपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टैक परियोजना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है जिसका उद्देश्य राज्य में कृषि सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं किसानोन्मुख बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी तैयार की जा रही है जिसमें किसान के भूमि संबंधी विवरण को आधार से जोड़ा जा रहा है। ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। मंत्री ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का मुख्य उद्देश्य राज्य में संचालित सभी कृषि एवं इससे संबंधित किसान कल्याण योजनाओं को वास्तविक और पात्र किसानों तक सीधे पहुंचाना है। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले सभी किसानों के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। बिहार में पीएम-किसान के 75 लाख से अधिक सक्रिय लाभुक हैं। आगामी किस्त का लाभ प्राप्त करने हेतु इन सभी लाभुकों को अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री कैंप में भाग लेकर फार्मर रजिस्ट्री वेब पोर्टल/ऐप के माध्यम से बायोमेट्रिक अथवा फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा सत्यापन कराते हुए भूमि संबंधी दावा दर्ज करना होगा। उन्होंने बताया कि एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत राज्य के किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने के लिए बिहार भूमि के डाटाबेस को समेकित किया गया है। प्रत्येक राजस्व ग्राम में समान नाम एवं पिता के नाम वाली जमाबंदियों का ऑनलाइन बकेट तैयार कर राज्य को उपलब्ध कराया गया है जिसके आधार पर राज्य स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया में कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा किसानों का ई-केवाईसी किया जा रहा है जबकि राजस्व विभाग के राजस्व कर्मचारी बकेट सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। इस समन्वित प्रयास से फार्मर आईडी निर्माण की प्रक्रिया को गति मिली है। मंत्री ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रारंभ करने से पूर्व राज्य के पांच जिलों–सारण, गया, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया एवं भागलपुर–के दो-दो राजस्व ग्रामों में पायलट के रूप में किया गया था। इसके पश्चात राज्य के सभी जिलों के कुल 38,516 गांवों का बकेटिंग कार्य पूर्ण कर अप्रैल माह से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शेष गांवों की बकेटिंग के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। अब तक कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा 30 लाख से अधिक किसानों का ई-केवाईसी किया जा चुका है तथा बकेट सत्यापन के उपरांत 5 लाख 85 हजार से अधिक फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी हैं जिनमें 3 लाख 70 हजार से अधिक पीएम-किसान लाभार्थी शामिल हैं। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि फार्मर रजिस्ट्री को सफल बनाने हेतु 6 जनवरी, 7 जनवरी, 8 जनवरी एवं 9 जनवरी 2026 को चलाए जा रहे विशेष अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और समय पर अपनी फार्मर आईडी बनवाकर सरकारी योजनाओं का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करें।

# बाइक की चोरी, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी एवं धनरूआ समेत कई इलाकों में एक बार फिर से बाइक चोर गैंग सक्रिय हो चुका है। इसमें पिछले एक हफ्ते में कई चोरियां हो चुकी हैं। ऐसे में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सोनकुकरा मोहल्ले से घर के पास लगी हुई बाइक की चोरी हो गई जिसके खिलाफ थाने में पीड़ित ने आवेदन दिया है जबकि धनरूआ थाना क्षेत्र के रेडबिगहा गांव में घर के पास लगी हुई एक बाइक चोरी कर ली गई है। इस संबंध में पीड़ित संतोष कुमार ने धनरूआ थाने में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# साधारण टिकट के किराये में वृद्धि को वापस लेने की मांग, किया प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** रेलवे के साधारण टिकट के किराये में वृद्धि को वापस लेने, गया जंक्शन को रेलवे डिविजन बनाने, वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, खिलाड़ियों को टिकट में मिलने वाली रियायत को फिर से शुरू करने सहित अन्य मांगों को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संगठन की ओर से उक्त मांगों से युक्त केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेजा गया। कार्यक्रम में पार्टी के बिहार प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक खान अली, युगल किशोर सिंह, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान, टिंकू गिरी सहित कई अन्य शामिल थे। इन नेताओं ने कहा कि गरीब-मध्यमवर्गीय परिवार का लाइफलाइन कहे जाने वाले भारतीय रेल के साधारण टिकट में मूल्यवृद्धि कर नये वर्ष में महंगाई की सौगात देने का काम किया गया है।

# फतेहपुर में डीलरों और लाभुकों के बीच सप्लाई विभाग ने चलाया विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गयाजी जिले के फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली के लाभुकों और डीलरों के बीच सही तरीके से सेवारत की भावना को अपनाते हुए अनाज का वितरण व्यवस्था को सुनिश्चित बनाए रखने को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। आपूर्ति विभाग द्वारा चलाए गए विशेष जागरूकता अभियान के दौरान डीलरों को यह नसीहत दी गई कि वह हर संभव सेवारत की भावना को आत्मसात करते हुए जरूरतमंद और गरीब लोगों के बीच सही तरीके से सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनाज का वितरण करें। वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही तथा अनियमितता की शिकायत पर हर संभव विभागीय कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। सूत्रों ने बताया कि फतेहपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में जन वितरण प्रणाली के विक्रेता और लाभुकों के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र में संबंधित जन वितरण प्रणाली की दुकानों की भी जांच की जा रही है। साथ ही पीडीएस लाभुकों को सही तरीके से अनाज का वितरण करने तथा लाभुकों के साथ अच्छे व्यवहार से पेश आने की भी नसीहत दी जा रही है। गया जी के डीएम शशांक शुभंकर के विशेष दिशा निर्देश के आलोक में सदर एसडीओ पिछले श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जा रहा है।

# बिहार का विधानसभा चुनाव वर्ष 2025 की देश की प्रमुख राजनीतिक घटनाओं के लिए किया जायेगा याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन की जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रिकॉर्ड दसवीं बार राज्य की बागडोर संभालना न केवल इस राज्य की बल्कि देश के राजनीतिक परिदृष्य की गुजर रहे साल की महत्वपूर्ण घटना रही। वर्ष के शुरू में आलोचकों द्वारा स्वास्थ्य के आधार पर खारिज किये जा रहे श्री कुमार ने अपने राजनीतिक कौशल और स्वच्छ छवि के आधार पर चुनावी बिसात पर अपने विरोधियों को चारों खाने चित्त कर राजनीतिक चर्चाओं में विकास की राजनीति को बल दिया। बाद में विश्लेषकों ने इस चुनाव को बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ बताया। राज्य के युवा नेता नितिन नवीन का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना बिहार के लिए इस साल की महत्वपूर्ण घटना रही। वर्ष 2025 में जब पूरे देश की नजर बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव पर थी तो उस समय सभी राजनीतिक पंडितों के आकलन के अनुसार इस चुनाव को सुशासन बाबू के नाम से चर्चित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक यात्रा का अंतिम पड़ाव साबित होने का अनुमान लगाया जा रहा था। नवंबर में हुए चुनाव में 243 सीटों वाली राज्य विधानसभा के चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की चुनाव में प्रचंड आंधी ने राज्य की सत्ता पाने का सपना देख रहे महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, उपमुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे मुकेश सहनी और प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के तीसरा मोर्चा बनने के सपनों को ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने यहां तक आरोप लगाया था कि श्री कुमार बिहार के मुखौटा मुख्यमंत्री हैं जबकि सरकार दिल्ली से भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी चला रहे हैं। श्री यादव ने कई बार कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार अचेतावस्था में हैं और राज्य में कानून-व्यवस्था समेत कई अन्य मामलों से वह अनभिज्ञ हैं। जनसुराज के नेता प्रशांत किशोर तो यहां तक कहने लगे थे कि श्री कुमार के स्वास्थ्य की स्थिति मुख्यमंत्री बने रहने लायक नहीं है और यदि यह बात सही नहीं है तो सरकार उनके स्वास्थ्य की अद्‌तन स्थिति पर एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर इसका खंडन करे। भाजपा ने विपक्ष के राजग के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर लगातार बढ़ रहे हमले को देखते हुये भी यह कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने चुनाव की तिथि की घोषणा के पूर्व यह कह कर विपक्षी दलों को एक बड़ा मुद्दा दे दिया था कि चुनाव के बाद राजग के नवनिर्वाचित विधायक बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिये नेता चुनेंगे। चुनाव परिणाम की घोषणा होने पर श्री कुमार के नेतृत्व में राजग को प्रचंड जीत मिली और उनकी पार्टी का आंकड़ा पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले 43 से बढ़कर 85 हो गया। सत्ता के दूसरे प्रमुख दावेदार महागठबंधन मात्र 35 सीट पर ही सिमट गयी। चुनाव परिणाम में जदयू की मजबूती के साथ राजग को 202 सीटों पर जीत के साथ प्रचंड बहुमत मिलने के बाद भाजपा के लिये श्री कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाये जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं रह गया था और उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में 20 नवंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शपथ ली।

श्री कुमार ने विधानसभा चुनाव में और उसके पूर्व विपक्ष की गंभीर चुनौतियों का सामना किया। विपक्षी दलों ने शराबंदी की असफलता और विधि व्यवस्था को लेकर श्री कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा था कि बिहार में महिलायें सुरक्षित नहीं है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कई ऐसे कदम उठाये जिससे पुलिस प्रशासन ने महिलाओं के सुरक्षा को लेकर कई सुविधायें देना प्रारंभ किया। महिलाओं में आर्थिक सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू किया गया जिसके तहत मुख्यमंत्री ने स्वयं महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये हस्तांरित किये।

# सोनालीका ने दिसंबर में 12392 ट्रैक्टर बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन दर्ज की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वर्ष 2025 का शानदार समापन करते हुए दिसंबर की अब तक की सर्वाधिक कुल 12,392 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है। यह नया रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन एक ऐतिहासिक वर्ष का बेहतरीन समापन है जो कंपनी द्वारा उन्नत प्रदर्शन और नए मुकाम से भरा रहा। सोनालीका का यह नवीनतम प्रदर्शन भारतीय कृषि की विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप समाधान प्रदान करने पर ब्रांड के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। शानदार प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि दिसंबर में 12,392 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री, विभिन्न कृषि परिस्थितियों में हमारे हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों द्वारा दम प्रदान करने पर हमारे निरंतर फोकस को दर्शाती है। किसानों का मनोबल लगातार बढ़ा हुआ है क्योंकि पिछले वर्ष की तुलना में रबी की बुवाई का क्षेत्र काफी बढ़ा है जो एक आशाजनक फसल भविष्य और नवीन मशीनरी द्वारा संचालित वृद्धि का संकेत देता है। जैसे-जैसे हम नए साल 2026 की ओर बढ़ रहे हैं, हम तकनिकी समाधानों के माध्यम से कृषि मशीनीकरण को गति देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं जो किसानों को एक स्थाई भविष्य के निर्माण में सशक्त बनाते हैं।

# ज्ञान भवन में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के दसवें संस्करण का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** जी एस मार्केटिंग एसोसिएट्स एवं बंगाल चैम्बर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के दसवें संस्करण का शुभारंभ शनिवार को ज्ञान भवन में किया गया। इस मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू एवं कार्यक्रम संयोजक बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्य तपन घोष के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्य तपन घोष ने कहा कि यह प्रदर्शनी जी एस मार्केटिंग एसोसिएट्स की 280वीं प्रदर्शनी है। जी एस मार्केटिंग और बंगाल चैंबर ने मिलकर इस मेले का आयोजन विशेष रूप से पटना के नागरिकों के लिए किया है। अंतरराष्ट्रीय उत्पाद की व्यापक संख्या से सजी इस दस दिवसीय प्रदर्शनी में पचीस हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की बिक्री हो रही है। 2 जनवरी से 12 जनवरी, 2026 तक चलने वाले इस प्रदर्शनी में भारत के 15 राज्यों के साथ विश्व के 8 देश हिस्सा ले रहे हैं जिनमें अफगानिस्तान, मलेशिया, ईरान, थाईलैंड, दुबई, तुर्की और निश्चित रूप से भारत शामिल है। भारत और विदेशों से करीब 25000 से अधिक अद्वितीय उत्पादों के प्रदर्शन के साथ मेले का आयोजन एक भव्य प्रदर्शनी माहौल में किया गया है। उन्होंने बताया कि पटना में आयोजित अपने पिछले नौ आईआईएमटीएफ की सफलता से हम बेहद उत्साहित हैं और इसी उत्साह ने हमें इस गतिशील और प्रगतिशील शहर में 10वें आईआईएमटीएफ का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया है। यह मेला सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक ग्राहकों के निःशुल्क प्रवेश के साथ खुला रहेगा।

# एनडीए के शासन में देश होगा नक्सलवाद से मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प से देश 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। नक्सल मुक्त भारत अभियान के तहत ही छत्तीसगढ़ में शनिवार की सुबह दो अलग-अलग जगहों पर हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ का मोस्ट वांटेड नक्सली स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर देवा बारसे ने हैदराबाद में सरेंडर कर दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि देश तेजी से नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रहा है। 2024 से नक्सलवाद के खिलाफ चले अभियान में अब तक 290 नक्सली मारे गए हैं, 1090 गिरफ्तार किए गए हैं जबकि 881 ने सरेंडर किया है। आत्मसमर्पण करने वालों को पुनर्वास नीति के तहत सहायता दे कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए अवसर व प्रेरणा दी जा रही है। सरेंडर नहीं करने वाले कई टॉप नक्सलियों का 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में सफाया किया जा चुका है। श्री पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। यह बात नक्सलियों को जितनी जल्द समझ में आ जाय, उनके लिए अच्छा रहेगा।

# लोक प्राधिकार के परिवादों के निस्तारण हेतु डीएम ने दिए निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 51 अपील आवेदनों एवं सेवा शिकायत निवारण अन्तर्गत 01 अपील आवेदन पर शनिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार, सेवा प्राधिकार के रूप में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सासाराम-1, निदेशक डीआरडीए रोहतास, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी बिक्रमगंज, अनुमण्डल पदाधिकारी सासाराम, अवर निर्वाचन पदाधिकारी डिहरी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज आदि उपस्थित रहे। परन्तु, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् रोहतास, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सासाराम अन्य कारण से उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण उनसे संबंधित परिवाद पर सुनवाई नहीं किया गया। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान अंजनी कुमार, विश्वमोहन प्रसाद, बसंत चौधरी, आदित्य कुमार, रामायण सिंह, नीतीश कुमार, शिव नारायण राय, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, बुटन राम, दिनेश्वर तिवारी, पारस चौरसिया एवं अन्य, दुर्गा प्रसाद, रामजी प्रसाद गुप्ता, राम आशीष राम, रामजी सिंह, संजय प्रताप तिवारी, दीपक कुमार, नन्द कुमार सिंह, चन्द्र शेखर सिंह, ललन प्रसाद सिंह, श्री कृष्ण कुमार वर्मा, संतोष कुमार, इन्द्रजीत कुमार, पूर्णवासी सिंह एवं ओम प्रकाश तिवारी के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ हीं लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिये गये।

## शीतलहर को देख डीएम के निर्देश पर मुख्य चौक-चौराहे पर अलाव की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। रोहतास जिले में ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर आमजन को राहत देने के उद्देश्य से जिले के प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव की व्यवस्था की गई है। ताकि राहगीरों, बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव मिल सके। इस बीच सासाराम शहर में अलाव जलाने के लिए जिन प्रमुख स्थानों को चिन्हित किया गया है उनमें पोस्ट ऑफिस मोड़, करगहर मोड़, पुराना बस



पड़ाव, बौलिया मोड़, माईको पर, बैंक कॉलोनी मोड़, नया बस पड़ाव, फजलगंज, बेदा नहर पर, रेलवे स्टेशन (दोनों तरफ), धर्मशाला मोड़, बैंक कॉलोनी मोड़, शेरगंज, बस्ती मोड़, नवरतन बाजार, जानी बाजार, गोला थाना के पास, चौक बाजार, तकिया बाजार, तकिया बाजार समिति गेट के पास, सागर मोड़, चौखंडी, गांधी नीम, नूरनगंज, दुर्गा मंदिर अड्डा रोड, न्यू एरिया मोड़, रौजा रोड सहित अन्य स्थान शामिल हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से जारी रहे और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरती जाए। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे अत्यधिक ठंड में सावधानी बरतें।

# शादी के नाम पर फर्जीवाड़ा में तीन महिलाओं समेत पांच गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना की पुलिस ने शनिवार को शादी के नाम फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के तीन महिलाओं समेत पांच को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके पास से एक लाख 32 हजार नगद, सोने का आभूषण व दो मोबाइल बरामद किया गया है। एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा ने डिहरी नगर थाना में प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत 2 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई थी कि राज्य से बाहर के पुरुष का फर्जी तरीके से शादी करवाकर उनसे करीब एक लाख 40 हजार रूपये, एक मंगलसूत्र, बिछिया, पायल एवं नथनी एवं साड़ी ठग कर तीन महिलाएं एवं दो पुरूष फरार हो गये। इस कांड के उद्भेदन एवं उसमें संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार व डीआईयू की टीम को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए करगहर थाना के गोरी गांव से जया कुमारी पटेल को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर काराकाट रागिनी उर्फ झुनी देवी को विधिवत अभिरक्षा में लिया गया। उन्होंने बताया कि अभिरक्षा में लिए गए महिला रागिनी देवी उर्फ झुनी देवी से पूछताछ करने पर उनके द्वारा कांड का खुलासा करते हुए बताया गया कि इनका एक गिरोह है जिसमें उन दोनों के अलावे धर्मशीला देवी, अभिषेक पटेल एवं श्रवण कुमार शामिल हैं। श्री झा ने बताया कि ये लोग शादी का झांसा देकर राज्य से बाहर के ऐसे पुरुषों को निशाना बनाती है जिनका उम्र ज्यादा हो एवं उनकी शादी नहीं हो रही हो। वैसे पुरुषों से ये लोग अपने गिरोह की लड़की जया कुमारी पटेल से फर्जी तरीके से शादी करवा देते हैं तथा उनसे शादी के नाम पर मोटे रकम लेकर शादी के बाद वहां से फरार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला रागिनी देवी उर्फ झुनी देवी के निशानदेही पर इस गिरोह के अन्य अभियुक्तों आयरकोठा निवासी धर्मशीला देवी, गोरी गांव निवासी अभिषेक पटेल व डिहरी नगर थाना के एनिकट निवासी श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पायल, बिछिया, सोने का मंगलसूत्र, सोने का नथनी, 132850 रूपये नगद व दो मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल डिहरी नगर थाना के पुअनि चन्द्रहास कुमार, अल्का सोनी, डिहरी नगर थाना व डीआईयूटीम शामिल थी।

# बिहार के हर किसान के पास अपनी डिजिटल पहचान होगी फार्मर रजिस्ट्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** कृषि विभाग राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। बिहार के हर किसान की अपनी डिजिटल पहचान होगी जिसे फार्मर रजिस्ट्री कहा जाएगा। इस नई व्यवस्था को तेजी से लागू करने के लिए सरकार ने 6, 7, 8 और 9 जनवरी 2026 को राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी और बिचौलियों के सीधे पहुंचाया जा सके। अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य कर दी गई है। यह डिजिटल आईडी किसानों के लिए सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ पाने की चाबी की तरह काम करेगी। किसान अपनी डिजिटल आईडी बनवाने के लिए अपने नजदीकी किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक एवं हल्का कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं। वही रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं भूमि से संबंधित दस्तावेज होना चाहिए। यदि रजिस्ट्रेशन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी या जानकारी की आवश्यकता हो तो किसान सीधे अपने संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी से या प्रखंड कृषि पदाधिकारी अंचल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए है। कृषि विभाग के हेल्पलाइन नम्बर 18001801551 एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के हेल्पलाइन नम्बर 18003456215 पर किसान संपर्क कर सकते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि 9 जनवरी 2026 तक अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन पूरा कराया जाए। ताकि भविष्य में कोई भी किसान किसी सरकारी लाभ से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे तय तिथियों पर अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवा लें और डिजिटल व्यवस्था का लाभ उठाएं।

# डीएलसीसी की बैठक में ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर

## डीडीसी ने आपसी समन्वय, नियमित समीक्षा एवं समयबद्ध कार्रवाई का दिया मंत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 3 जनवरी 2026 को मुंडेश्वरी सभागार, कैमूर में जिला विकास आयुक्त, कैमूर सूर्य प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कैमूर जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, कैमूर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, जिला कृषि पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, बिहार ग्रामीण बैंक, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक तथा संबंधित लाइन विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिले में ऋण प्रवाह की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष



द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण पर विशेष ध्यान देते हुए जिले में कुल ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही कृषि ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड के निर्गमन में तेजी लाने के निर्देश बैंकों को दिए गए। अध्यक्ष द्वारा बैंकों को यह भी निर्देशित किया गया कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की सूची संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं जिला कृषि पदाधिकारी, कैमूर के साथ साझा की जाए। ताकि समन्वय के साथ फॉलो-अप एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई तथा निर्देश दिया गया कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निष्पादन करते हुए समयबद्ध रूप से स्वीकृति अथवा अस्वीकृति सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों को लेकर बैंकों को निर्देश दिया गया कि पात्र स्ट्रीट वेंडरों के आवेदनों का शीघ्र अनुमोदन किया जाए। ताकि योजना का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंच सके। अध्यक्ष द्वारा सभी संबंधित बैंकों एवं विभागों को आपसी समन्वय, नियमित समीक्षा एवं समयबद्ध कार्रवाई के माध्यम से जिले में ऋण प्रवाह, वित्तीय समावेशन तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आगामी 26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 जनवरी की सुबह प्रभातफेरी निकाली जाएगी जिसके नोडल पदाधिकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी होंगे। मुख्य समारोह स्थल न्यू फजलगंज स्टेडियम, सासाराम में सुबह 09:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। समारोह के दौरान जीविका, समारोह में आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। साथ ही कार्यक्रम के क्रम में 1001 लोगों के बीच पर्चा



वितरण किया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता एवं सजावट को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महादलित टोलों एवं पंचायत सरकार भवनों में भी विधिवत ध्वजारोहण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान का विशेष प्रावधान रखा गया है। नगर आयुक्त, सासाराम को शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों पर तिरंगा लाइटिंग कराने तथा आरसीडी के अभियंता को सभी जेब्रा क्रॉसिंग को रंग-रोगन कर दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं, शाम 05:00 बजे फजलगंज स्थित मल्टीपर्पस हॉल, सासाराम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए समारोह को भव्य, अनुशासित एवं जन-भागीदारी के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया।

# भारतमाला परियोजना में मुआवजा वितरण तेज, 98 करोड़ से अधिक का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले में भारतमाला परियोजना (बनारस-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस-वे) के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और मुआवजे के भुगतान को लेकर ताजा आंकड़े सामने आए हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए डीपीआरओ ने बताया कि 2 जनवरी 2026 तक की रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 771 आवेदनों पर कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 1 अरब 19 करोड़ 83 लाख 81 हजार 221 रुपये की कुल राशि का विवरण तैयार किया गया है।

उन्होंने भुगतान की वर्तमान स्थिति पर बताया कि जिला प्रशासन ने मुआवजे की प्रक्रिया को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया है। सफल भुगतान में अब तक 640 रैयतों (किसानों) के बैंक खातों में 98.31 करोड़ रुपये की राशि सीधे भेजी जा चुकी है। इसमें सबसे अधिक भुगतान पैकेज-I के तहत 78.89 करोड़ रुपये का हुआ है। लंबित मामलों पर बताया कि जीएम स्तर पर 13 आवेदन (राशिः 1.59 करोड़)। पीडी स्तर पर 18 आवेदन (राशिः 1.85 करोड़)। लगभग 100 से अधिक ऐसे मामले हैं जो सत्यापन के विभिन्न चरणों में हैं। खाता सत्यापन 18 आवेदन (राशिः 1.73 करोड़)। सीसी वाउचर निर्माण और सत्यापन में कुल 82 आवेदन इस प्रक्रिया में हैं जिनकी कुल राशि लगभग 16.33 करोड़ रुपये है। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहा यह 6-लेन एक्सप्रेस-वे कैमूर जिले के विकास के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। इससे वाराणसी से कोलकाता की दूरी और समय में भारी कमी आएगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द भुगतान कर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाए ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सके।

अरविन्द कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने सभी रैयतों से अपील की है कि रैयत अपना आवेदन और वांछित दस्तावेज जिला भू-अर्जन कार्यालय कैमूर में जल्द से जल्द जमा कर दें ताकि सभी रैयतों को शीघ्र भुगतान किया जा सके। साथ ही भुगतान में कोई समस्या आ रही हो तो जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से सभी दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क कर सकते हैं।

# साबित्री बाई फुले का हमें अनुकरण करना चाहिए : मोहन राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** देश में शिक्षा की प्रथम लौ जलाने वाली राष्ट्रमाता, समाज सुधारक साबित्री बाई फुले जी के जन्म दिन के पावन बेला पर डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त व मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष मोहन राम ने कहा कि हमें राष्ट्रमाता साबित्री बाई फुले का अनुकरण करना चाहिए, तभी समाज के विकास में आमूल चूल परिवर्तन होंगे। श्री राम ने समाज सुधारक साबित्री बाई फुले के जन्म दिन पर कहा कि इनका जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिला के एक गांव में 3 जनवरी 1831 को आतिपिछड़ा समाज के माली बिरादरी में हुआ था जो ये बिल्कुल ही अशिक्षित महिला थी, शादी के बाद इनके पति ज्योतिबा फुले ने घर पर पढ़ाया एवं शिक्षा दिलायी तथा पढ़ाई के लिए काफी प्रेरित किये। साबित्री बाई फुले का त्याग व कठिन परिश्रम का ही प्रतिफल रहा जो ये देश की प्रथम महिला शिक्षक बनी। इन्होंने वंचित समाज के महिलाओं में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया। श्री राम ने बड़े ही गर्व के साथ कहा कि शिक्षा की देवी के रूप में पारंपरिक रूप से सरस्वती को माना जाता है, जो ज्ञान, कला और शिक्षा की देवी है, लेकिन आधुनिक युग में सामाजिक न्याय के लिए 'साबित्री बाई फुले को शिक्षा की असली देवी कहा जाता है। क्योंकि भारत में महिलाओं को शिक्षा की नींव रखने वाली पहली महिला शिक्षिका हैं। श्री राम ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि हमें राष्ट्रमाता साबित्री बाई फुले के कार्यकलापों का अनुकरण करना चाहिये तभी समाज के विकास में आमूल चूल परिवर्तन होंगे।

# कड़ाके की ठंड में सरकारी कागज बनवाना मुश्किल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के दावे चाहे जितने भी किये जायें, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इन दिनों सरकारी दस्तावेज बनवाने व आधार अपडेट कराने के लिए कड़ाके की ठंड में भी ग्रामीणों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। सीएससी संचालकों के अनुसार, लिंक व सर्वर फेल होने की वजह से कामकाज प्रभावित है, लेकिन इस तकनीकी खामी का सबसे बड़ा खामियाजा आम जनता, खासतौर पर बुजुर्गों व महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। जिले में शीतलहर व कड़ाके की ठंड जारी रहने से वृद्धा पेंशन पाने वाले बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। पेंशन के लिए केवाइसी व आधार आधारित सत्यापन अनिवार्य है जिसमें अंगूठा लगाना जरूरी होता है। कभी बायोमेट्रिक मशीन काम नहीं करती तो कभी सर्वर डाउन हो जाता है। कई बुजुर्ग ऐसे हैं जो पिछले कई दिनों से केवल अंगूठा लगवाने के लिए केंद्रों का चक्कर काट रहे हैं। घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी उनका नंबर नहीं आता। अगर किसी दिन नंबर आ भी जाये तो कभी तकनीकी समस्या तो कभी अंगूठा नहीं लेने के कारण काम नहीं हो पाता। शहर स्थित कॉमन सर्विस सेंटर व आधार केंद्रों पर हालात यह है कि कड़ाके की ठंड के बावजूद लोग सुबह पांच बजे से ही लाइन में लगने को मजबूर हैं। बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष एक ही कतार में घंटों खड़े दिखायी देते हैं। इसके बावजूद दिनभर इंतजार के बाद भी कई लोगों का काम नहीं हो पाता। ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों का कहना है कि उन्हें बताया जाता है कि आज सर्वर डाउन है या लिंक काम नहीं कर रहा। कई बार घंटों इंतजार के बाद जब नंबर आता है तो आधार में किसी न किसी तरह की गड़बड़ी निकल आती है। ऐसे में उन्हें आधार अपडेट कराने के लिए दूसरे केंद्र भेज दिया जाता है जहां पहले से ही लंबी कतार लगी होती है। प्रखंड कार्यालयों में भी हालात जस के तस लोगों को उम्मीद रहती है कि प्रखंड कार्यालय में शायद उनका काम हो जायेगा, लेकिन वहां भी स्थिति अलग नहीं है। कर्मचारी साफ तौर पर कह देते हैं कि सर्वर डाउन है और अभी कुछ नहीं हो पायेगा। इससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ जाती है, क्योंकि उन्हें आने-जाने में समय व पैसे दोनों खर्च करने पड़ते हैं। आधार अपडेट एक अलग संघर्ष आधार में नाम, जन्मतिथि या बायोमेट्रिक अपडेट कराना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। आधार केंद्रों की संख्या कम होने के कारण भीड़ अत्यधिक है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक दिन में सीमित लोगों का ही काम हो पाता है जबकि बाकी लोगों को अगले दिन आने के लिए कह दिया जाता है। छात्रों को भी आधार अपडेट नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति, परीक्षा फॉर्म व अन्य सुविधाओं में दिक्कत आ रही है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। ठंड में लाचार बुजुर्ग, व्यवस्था पर सवाल कड़ाके की ठंड में 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को घंटों लाइन में खड़े रहना चिंताजनक है। न तो बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही ठंड से बचाव के लिए कोई इंतजाम। कई बार लोग बीमार पड़ जाते हैं, फिर भी मजबूरी में उन्हें आना पड़ता है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 06/01/2026 दिन मंगलवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरुकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S.No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 1 | Bharat Financial Inclusion Ltd, Daltonganj | CRO | 30 | 10th | 18-32 | 13000-15000 | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 2 | Vision India Pvt. Ltd. :- (i) MRF | Trainee | 50 | 10th | 18-28 | 17,500/- | Chennai |
| | (ii) Hindalco | Associate | 50 | 12th | 18-27 | 12,500/- | Renukut, UP |
| | (iii) Schneider | Associate | 50 | 10th | 18-24 | 18,109/- | Hyderabad |
| 3 | Maiyan Babu Hospital, Daltonganj | ANM | 05 | ANM, GNM | -- | Negotiable | Daltonganj |
| | | GNM | 08 | B.Sc. Nursing | -- | Negotiable | |
| | | OT Tech. | 01 | OT Tech. | -- | Negotiable | |

जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।
नोट :– रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 369984 (District) 25-26 (D)

## एक नजर

### प्रथम महिला शिक्षिका की जयंती मनाई गई

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में देश की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक और नारी सशक्तिकरण की प्रेरणास्रोत क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती शनिवार को मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और शैक्षिक संस्थानों द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। गणेश विद्या मंदिर नावाडीह व गणेश लाईब्रेरी के संचालक गोपाल कुमार उर्फ गोपाल सर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डाला। संचालक गोपाल सर ने कहा कि शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए सावित्रीबाई फुले ने जो अलख जगाई, वह आज भी समाज को नई दिशा दे रही है। सावित्रीबाई फुले ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनके विचार सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में आज भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं। इस अवसर पर लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभी ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जयंती पर शिक्षा,महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।

### सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के अब्दलपुर पड़रिया गांव में सावित्री बाई फुले की 195 वीं जयंती शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता सरपंच प्रवेश रविदास ने की। इस दौरान सावित्री बाई फुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर लोगों को जागरूक किया। सरपंच ने कहा भारत में सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले ने महिलाओं के विद्यालय खोला था। उनका जन्म तीन जनवरी 1831 ई.में महाराष्ट्र के सतारा नायगांव में हुआ था। उनके पति ज्योति राव फुले की मदद से औपचारिक शिक्षा शुरु की। उसके बाद 1848 ई.में पुणे में लड़कियों के लिए पहला विद्यालय की स्थापना की। महिलाओं के अधिकारों के बारें में जागरूकता बढ़ाने के लिए 1852 में महिला सेवा मंडल की स्थापना की। सती प्रथा, बाल विवाह, छुआछूत जैसी कुरीतियों के विरुद्ध सावित्री बाई फुले ने जमकर संघर्ष की है। मौके पर पूर्व वार्ड सदस्य पार्वती देवी, पंच रेखा देवी, आशा देवी, प्रतिमा देवी,रविया देवी, निर्मला देवी, कृष्ण कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### प्रखंड में संचालित जी राम जी योजनाओं की समीक्षा

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में स्थित वीबी जी राम जी कार्यालय में शनिवार को मुखिया की बैठक हुई। अध्यक्षता पीओ राजीव कुमार ने की। इस बैठक में प्रखंड में संचालित जी राम जी योजनाओं की समीक्षा की गई। पीओ ने कहा मनरेगा योजना का नाम बदल गया है। नए नाम वीबी जी राम जी योजना के नाम से जाना जाएगा। प्रखंड में योजना जो संचालित थी वह समाप्त हो गया है। या अपूर्ण है। उन्होंने अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा इस प्रखंड में 11 हजार जाब कार्ड धारी है। सभी जाब कार्ड धारियों का इकेवाईसी होना जरूरी है। इस कार्य के लिए मुखिया , पीआरएस के माध्यम से लाभुक अपना इकेवाईसी जल्द कराने की बात कही है। मौके पर मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रामाधीन चौहान, मुखिया दिनेश कुमार, झमन मांझी,पीआरएस सुनील कुमार, भरत रजक, रामाशीष कुमार, महेश कुमार समेत अन्य रहे।

### रोजगार आजीविका मिशन से सशक्त होंगी ग्राम पंचायतें

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल के बैनर तले विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) "जी राम जी" विधेयक पर एक दिवसीय जागरूकता अभियान सह पंचायत जन प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लोगों को वीबी जी राम जी विधेयक के बारे में जागरूक किया गया। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी असलम हुसैन ने लोगों को बताया कि यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रतिवर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (मनरेगा) की जगह लाया गया है। उन्होंने विस्तार से जनप्रतिनिधियों को नए अधिनियम के प्रावधान से अवगत कराया। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रौशन कुमार,रविकांत चौबे,अनिल कुमार,सुमितराय रंजन,प्रखण्ड तकनीकी सहायक प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

### कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम के बीच घने कोहरे एवं शीतलहर का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। कपकपाती ठंड से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तापमान में भारी गिरावट के कारण लोग अपने घरों से निकलने में असमर्थ हो रहे हैं तथा हाथ-पांव ठिठुरने लगे हैं। कड़ाके की ठंड के चलते शाम ढलने से पहले ही लोग अपने-अपने घरों में शरण लेने को मजबूर हैं। शनिवार से अचानक ठंड में इतना इजाफा हो गया कि लोगों का सामान्य जीवन दूभर हो गया है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस कड़ाके की ठंड में भी प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। न तो गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है और न ही सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। मजबूरी में लोग अपने स्तर से अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग किया है कि शीघ्र सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाये तथा गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण सुनिश्चित किया जाये, ताकि इस भीषण ठंड से लोगों को राहत मिल सके।

### अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य अफरोजा खातून ने किया निरीक्षण

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के तरौन गांव अवस्थित कब्रिस्तान के मीनार को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिए जाने की घटना के बाद राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के निर्देश पर आयोग की सदस्य अफरोजा खातून ने शनिवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद अल्पसंख्यक समाज के लोगों के पूछताछ कर घटना के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। आयोग की सदस्य अफरोज़ा खातून ने इस दौरान सीओ मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह को भी मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने घटना पर दुःख जताते हुए कहा कि इस तरह की घटना कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी धर्म विशेष की भावना को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया है। जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने मामले की पूरी जांच रिपोर्ट आयोग को सौंपने की बात कही। साथ ही उन्होंने सीओ को मापी कर जमीन चिन्हित करने का भी निर्देश दिया ताकि कब्रिस्तान की घेराबंदी सहित अन्य आवश्यक कदम उठाए जा सके एवं इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। मौके पर बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार,समाजसेवी योगी त्यागनाथ समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नगरनौसा में पैक्स व व्यापार मंडल ने अब तक 1201.868 एमटी धान की खरीद की

**नगरनौसा (नालंदा)।** रबी सीजन की रफ्तार के साथ नगरनौसा प्रखंड में धान अधिप्राप्ति का अभियान सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ रहा है। प्रखंड की नौ पैक्स एवं एक व्यापार मंडल के माध्यम से किसानों से धान की खरीद लगातार जारी है। प्रशासन द्वारा सभी इकाइयों को अलग-अलग लक्ष्य सौंपते हुए कुल 3934.482 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के अनुसार अरियावां पैक्स को 457.696 एमटी, भुतहाखार 338.725 एमटी, दामोदरपुर बलधा 605.748 एमटी, गोरायपुर 346.945 एमटी, काछियावां 304.610 एमटी, कैला 515.359 एमटी, खजुरा 326.785 एमटी, नगरनौसा 253.958 एमटी, रामपुर 438.226 एमटी तथा व्यापार मंडल को 346.432 एमटी धान खरीद का दायित्व दिया गया है। अब तक की प्रगति पर नजर डालें तो भुतहाखार पैक्स ने 27 किसानों से 170.734 एमटी, दामोदरपुर बलधा ने 19 किसानों से 187.400 एमटी, गोरायपुर ने 12 किसानों से 101.00 एमटी, काछियावां ने 16 किसानों से 85.317 एमटी, कैला ने 27 किसानों से 187.817 एमटी, खजुरा ने 19 किसानों से 171.100 एमटी, नगरनौसा पैक्स ने 13 किसानों से 95.900 एमटी, रामपुर पैक्स ने 13 किसानों से 96.100 एमटी तथा नगरनौसा व्यापार मंडल ने 13 किसानों से 106.500 एमटी धान की खरीद की है।

# टीएचआर वितरण में देरी पर जवाब-तलब



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आइसीडीएस) निरुपमा शंकर द्वारा आईसीडीएस योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने के साथ हुई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर मूलभूत आवश्यकताओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में डीपीओ, आइसीडीएस द्वारा बताया गया कि कुल 75 प्रतिशत लाभुकों को टीएचआर का वितरण पोषण ट्रैकर के एफआरएस के माध्यम से किया गया है। कम उपलब्धि के संबंध में पूछताछ किए जाने पर बताया गया कि चावल उठाव में विलंब के कारण केंद्रों पर टीएचआर का वितरण 29 दिसंबर 2025 को किया गया, जिससे उपलब्धि प्रभावित हुई। इस पर डीएम, एसएफसी द्वारा अवगत कराया गया कि अक्टूबर–दिसंबर तिमाही के लिए आरओ नवंबर माह में विभाग से प्राप्त हुआ था, वहीं कुछ ट्रांसपोर्टर संबंधी समस्याओं के कारण भी विलंब हुआ।

आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण की स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि कुल 60 केंद्रों के लिए निर्माण की स्वीकृति विभाग से प्राप्त है। जिला पदाधिकारी ने इन केंद्रों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) को अविलंब आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी लक्ष्य प्राप्ति हेतु समयबद्ध एवं समन्वित प्रयास करना सुनिश्चित करें।

इसके पश्चात सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि विगत समीक्षा के पश्चात पेंशन एवं गैर-पेंशन योजनाओं की प्रगति में सुधार हुआ है, किंतु बीपीएल परिवारों से संबंधित योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति हेतु और अधिक तीव्र गति से कार्य करने की आवश्यकता है। इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित कराएं तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग अंतर्गत संचालित परवरिश योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, संबल योजना एवं यूडीआईडी परियोजना आदि की भी विस्तृत समीक्षा की गई।परवरिश योजना के अंतर्गत लाभुकों की संख्या बढ़ाने हेतु सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग को निर्देशित किया गया कि वे प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के माध्यम से पंचायत एवं ग्राम स्तर पर कर्मियों द्वारा अनाथ एवं पात्र बच्चों का सर्वेक्षण कराते हुए पात्रता के अनुसार आवेदन सृजित कराएं।साथ ही, वृहद आश्रय गृह में होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त निलिमा साहु, प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अमरनाथ कुमार, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग रितेश कुमार, डीपीओ (मनरेगा) विकेस कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ठंड को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में ठंड का मौसम एवं विशेष रूप से सुबह एवं शाम के समय तापमान में हो रही गिरावट को देखते हुए सभी कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न 10:00 बजे से पहले एवं अपराह्न 03:00 बजे के पश्चात् प्रतिबंध लगाया गया था। वर्तमान में भी विशेष रूप से सुबह एवं शाम के समय तापमान में गिरावट लगातार जारी है। ऐसी स्थिति में उक्त आदेश को पुनः विस्तारित किए जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है।

अतः मैं रवि प्रकाश, भा०प्र०से०, जिला पदाधिकारी, नवादा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत पूर्व में निर्गत आदेश को विस्तारित करते हुए नवादा जिला के सभी निजी/ सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों सहित) की सभी कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों




पर पूर्वाह्न 10:00 बजे से पहले एवं अपराह्न 03:00 बजे के पश्चात् प्रतिबंध लगाता हूं। जिले के सभी संबंधित विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया जाता है कि उपर्युक्त आदेश के आलोक में शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण सुनिश्चित करें।साथ ही प्री-बोर्ड/बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित की जाने वाली विशेष कक्षाओं/ परीक्षाओं को पर्याप्त सावधानी के साथ संचालित करें।

उपर्युक्त आदेश 05 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।

# सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए ब्लैक स्पॉट्स पर लगेंगे कॉन्वेक्स मिरर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला परिवहन विभाग ने ठोस पहल शुरू की है। जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) पर कॉन्वेक्स मिरर (उत्तल दर्पण) लगाने की योजना को जल्द धरातल पर उतारा जाएगा। इस योजना की शुरुआत बिहार शरीफ के मामू भागना क्षेत्र से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की जाएगी। ट्रायल सफल रहने पर इसे जिले के अन्य संवेदनशील स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी राहुल सिन्हा ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित सड़क सुरक्षा समिति द्वारा ऐसे सभी स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां बार-बार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं या जहां हादसे की आशंका बनी रहती है। समिति द्वारा इन स्थानों का भौतिक सर्वेक्षण भी किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, तीखे मोड़, टी-प्वाइंट, संकरी सड़कों और सीमित दृश्यता वाले स्थानों पर कॉन्वेक्स मिरर वाहन चालकों के लिए बेहद उपयोगी होते हैं।

# नालंदा कॉलेज में मनायी गयी सावित्री बाई फुले की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। भूगोल विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग ने सावित्री बाई फूले स्टडी सर्किल के साथ मिलकर शनिवार को सावित्री बाई फुले की जयंती मनायी। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने समाज में शिक्षा, समानता व महिला अधिकारों के लिए बेहतरीन काम किया। सावित्री बाई फूले स्टडी सर्किल की संयोजक डॉ भावना ने उनकी शिक्षा, सेवा और सामाजिक समानता के प्रति योगदान को याद किया। शोषितों-वंचितों और नारी उत्थान के लिए उन्होंने जो अभूतपूर्व कार्य किए



हैं, वे सदैव समाज के नवनिर्माण के लिए हम सबको प्रेरित करते रहेंगे। एनएसएस समन्वयक डॉ बिनीत लाल ने सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर कहा कि हम उस अग्रणी समाज सुधारक को स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने सेवा और शिक्षा के जरिए सामाजिक बदलाव के लिए अपना जीवन समर्पित किया। वे समानता, न्याय और करुणा के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध थीं। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा सामाजिक बदलाव का सबसे शक्तिशाली साधन है। इसलिए फुले ने ज्ञान और अध्ययन के जरिए महिलाओं की जिंदगी में परिवर्तन लाने पर जोर दिया। जरूरतमंदों के लिए उनका काम भी सराहनीय है। भूगोल विभाग के मो. अली एस के ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सावित्रीबाई फुले जयंती पर उनके शिक्षा और नारी सशक्तिकरण में योगदान को याद किया। कार्यकम संचालन भूगोल विभाग की डॉ प्रीति रानी ने किया और बताया कि सावित्री बाई फुले ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की और उनके समाज सुधार की अलख जगाने के काम को सबके लिए प्रेरणा दायी बताया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के डॉ मनोज कुमार एवं भूगोल विभाग की डॉ सिंधु भी मौजूद रहीं।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी लाई जाए : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** एग्री स्टेक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री कार्य को गति देने के उद्देश्य से स्थनीय टाउन हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने की। इसमें कृषि एवं राजस्व विभाग के जिला से लेकर पंचायत स्तर तक के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने कम उपलब्धि वाले प्रखंडों पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि आपसी समन्वय के साथ कार्य कर फार्मर रजिस्ट्री को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाए। जिला कृषि पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में पीएम किसान योजना के कुल 1,74,784 लाभार्थी हैं, जिनमें से अब तक 70,428 किसानों का ई-केवाईसी तथा 13,829 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री आईडी




तैयार किया जा चुका है। शेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए 6, 7, 8 एवं 9 जनवरी 2026 को पंचायत स्तर पर मेगा कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि 4 जनवरी से ही अभियान में तेजी लाई जाए और इन मेगा कैंपों में कृषि विभाग के एसी, बीटीएम, एटीएम, केएस एवं राजस्व विभाग के अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी और हल्का कर्मचारी संयुक्त रूप से कार्य करते हुए समय पर एफआर आईडी बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसान न केवल कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे, बल्कि फसल ऋण, फसल बीमा, मुआवजा एवं आपदा राहत प्राप्त करने में भी सुविधा होगी। बैठक में व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए ताकि अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देने एवं सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के भी निर्देश दिए गए। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर नियमसंगत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजस्व, जिला कृषि पदाधिकारी नालंदा, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) सहित कृषि एवं राजस्व विभाग के सभी जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# नालंदा में छात्रवृत्ति आवेदनों की समीक्षा, 32,798 को मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले में एससी/एसटी/ बीसी/ईबीसी वर्ग के प्रवेशिकोत्तर के छात्रवृत्ति आवेदनों की समीक्षा को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में जिला छात्रवृत्ति समिति के सदस्यों के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय भौतिक सत्यापन समिति (बीइओ एवं बीडब्लूओ) के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में प्राप्त छात्रवृत्ति आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने लंबित आवेदनों पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि सभी संबंधित पदाधिकारी एक सप्ताह के भीतर संस्थानों से समन्वय स्थापित कर शेष आवेदनों का सत्यापन अनिवार्य रूप से पूरा करें। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीसी/ईबीसी वर्ग के 69,986 तथा 2025-26 में 54,791 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं एससी/एसटी वर्ग में 2024-25 में 15,680 और 2025-26 में 12,121 आवेदन दर्ज किए गए। विभिन्न स्तरों—संस्थान, भौतिक सत्यापन समिति एवं जिला समिति—पर हजारों आवेदन लंबित पाए गए, जिनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में कुल 32,798 आवेदनों को अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

अंत में उप विकास आयुक्त ने सभी बीइओ एवं बीडब्लूओ को स्पष्ट निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर शेष सभी लंबित मामलों का हर हाल में निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला छात्रवृत्ति समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# नेपाल के 125 उद्यमियों ने किया राजगीर का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नेपाल के 125 सदस्यीय उद्यमियों का एक दल शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर पहुंचा। यह दल भारत के विभिन्न राज्यों के 10 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर रहा है। राजगीर आगमन के दौरान उद्यमियों को पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की पर्यटन संरचना, पर्यटक सुविधाओं, होटल एवं आतिथ्य उद्योग, स्थानीय रोजगार के अवसर तथा पर्यटन आधारित उद्यमिता की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उद्यमियों ने विशेष रूप से पर्यटन के माध्यम से आर्थिक विकास और स्थानीय लोगों की भागीदारी को लेकर गहरी रुचि दिखाई। इसके पश्चात नेपाली उद्यमियों के दल ने बौद्ध सर्किट से जुड़े प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विश्व शांति स्तूप, वेणुवन, गृद्धकूट पर्वत, जीवक आम्रवन एवं गर्म कुंड जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। दल का नेतृत्व कर रहे राम बहादुर श्रेष्ठ ने कहा कि राजगीर में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक विरासत और बेहतर पर्यटन सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-नेपाल के बीच पर्यटन और उद्यमिता के क्षेत्र में सहयोग से दोनों देशों को आर्थिक लाभ मिल सकता है।

# रजौली में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में अवस्थित सभागार में शनिवार की शाम 4 बजे एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों और समाजसेवियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसडीपीओ गुलशन कुमार,अवर निबंधन पदाधिकारी हीरालाल पाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सीता कुजूर के अलावे नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी मौजूद रहे। एसडीएम ने बैठक के दौरान राजकीय झंडोत्तोलन का स्थल पूर्ववत की भांति रजौली इंटर विद्यालय के मैदान में ही रखा गया।साथ ही राजकीय झंडोत्तोलन के बाद अनुमंडल



कार्यालय,अधिवक्ता कार्यालय,प्रखंड सह अंचल कार्यालय समेत विभिन्न कार्यालयों में झंडोत्तोलन का समय में कोई परिवर्तन नहीं रहेगा।बैठक में मुख्य समारोह, परेड, झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, अतिथियों के स्वागत, मंच व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था और मीडिया कवरेज सहित सभी आवश्यक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एसडीपीओ ने पुलिस प्रशासन को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, सुचारु यातायात और आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। वहीं चिकित्सा विभाग को प्राथमिक चिकित्सा और एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने, जबकि नगर निकाय को स्वच्छता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा करने एवं अधिकारियों को नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने और आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही गणतंत्र दिवस के दिन दोपहर में प्रशासन और पब्लिक के बीच फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। साथ ही छात्राओं के बीच फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह,सरपंच संघ के अध्यक्ष मनीष देव, इंटर विद्यालय के शिक्षक रंजन कुमार, बिजली जेई भुवनेश्वर कुमार, थाना से एसआई नूर आलम, साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पप्पू,कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र पांडे, प्रोजेक्ट विद्यालय प्रधानाध्यापक के प्रभारी प्राचार्य सुबोध कुमार, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के वार्डन रेखा कुमारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नेत्र जांच शिविर में 157 मरीजों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के काशीचक प्रखंड के मधेपुर गांव में शनिवार को लगाए गए नेत्र जांच शिविर में 157 मरीजों की जांच की गयी, जिसमें से 38 मोतियाबिंद के मरीज चिह्नित हुए। जबकि 35 सामान्य दृष्टि दोष वाले मरीज भी चिह्नित किए गए। खखरी पंचायत के मधेपुर गांव स्थित शिव मंदिर में गैर सरकारी संस्था प्रयोगशाला द्वारा सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के साथ मिलकर नेत्र जांच शिविर का सघन अभियान चलाया गया। सामान्य दृष्टि दोष के मरीजों को चश्मा प्रदान किया जाएगा। इनके




अलावा अन्य जो मरीज थे और जिन्हें उन्हें सामान्य समस्या थी, उन्हें ड्रॉप उपलब्ध कराई गई।

मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किए गए मरीजों को बहुत जल्द पटना एवं गया के स्पेशलाइज्ड हेल्थ सेंटर पर ऑपरेशन के लिए संस्था के द्वारा भेजा जाएगा। उन्हें सारी सुविधा मुहैया कराई जाएगी। जांच की तरह यह ऑपरेशन भी बिल्कुल निःशुल्क होगा। इसमें किसी भी तरह का कोई खर्च मरीजों से नहीं लिया जाएगा एवं चश्मा भी उन्हें मुफ्त प्रदान किया जाएगा। जांच शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काशीचक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जीवेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक धनपत प्रसाद एवं स्वास्थ्य केंद्र नियंत्रक सोनू कुमार उपस्थित रहे। संस्था की तरफ से प्रयोगशाला के सचिव शंभू कुमार, शिविर समन्वयक गोपाल कुमार एवं नीलम कुमारी आदि समन्वय स्थापित कर शिविर का सफल आयोजन कराया। सभी आशा कार्यकर्ताओं का काफी सहयोग रहा। मेडिकल टीम से शिविर के जिला समन्वय राहुल सिंह समेत डॉक्टर गुंजन आनंद और डॉक्टर रोशन कुमार एवं टेक्नीशियन के रूप में गौरव कुमार एवं दिवाकर कुमार ने बड़ी भूमिका निभाई। मधेपुर के ग्रामीणों की विशेष भूमिका रही, जिनका प्रयोगशाला संस्था ने आभार जताया। सचिव शम्भू कुमार ने बताया कि आगे भी इस तरह के शिविर लगातार आयोजित की जाएगी।

# पीएम आवास योजना में कमीशनखोरी का मामला पकड़ा तूल, प्रशासन हरकत में

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा ब्यूरो।** प्रधानमंत्री आवास योजना में कमीशन मांगने और धमकी देने के एक गंभीर मामले को जिला प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। नालंदा के जिलाधिकारी ने प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है तथा समिति को दो दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट समर्पित करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। मामला हिलसा नगर परिषद के वार्ड संख्या-10 से जुड़ा है। यहां पीएम आवास योजना की लाभुक सुमन्ता देवी ने वार्ड पार्षद शैलेन्द्र कुमार उर्फ शैलू सिंह पर आवास निर्माण के एवज में 30 हजार रुपये कमीशन मांगने तथा राशि नहीं देने पर निर्माण कार्य रुकवाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। लाभुक की शिकायत को गंभीर मानते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल जांच का आदेश जारी किया है। जांच समिति में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी हिलसा, नगर परिषद हिलसा के कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिला विकास शाखा के एक अधिकारी को शामिल किया गया है। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मामले के सामने आने के बाद वार्ड पार्षद के बयान लगातार बदलते रहे हैं। पहले उन्होंने सड़क से निर्माण सामग्री हटवाने का प्रयास किया, बाद में लाभुक पर शराब बिक्री जैसे आरोप लगाकर स्वयं को आरोपों से बचाने की कोशिश की।

# बोधगया प्रखंड में फ्लोराइड युक्त पानी पीने को ग्रामीण मजबूर

## प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीम की लगातार निगरानी : सिविल सर्जन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** बोधगया प्रखंड के गौर बीघा गांव में पिछले कई वर्षों से ग्रामीण फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। इसके कारण ग्रामीणों के दांत पीले और काले हो रहे हैं, हड्डियों में परेशानी बढ़ रही है तथा कुछ मामलों में मानसिक विकार की भी शिकायत सामने आ रही है। वर्ष 2023 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की गुणवत्ता की जांच कराई गई थी जिसमें पानी में 70 से 80 प्रतिशत तक फ्लोराइड की पुष्टि हुई थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को फ्लोराइड रिमूवल संयंत्र लगाने का निर्देश दिया। इससे ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद जगी, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने ऐसे स्थान पर फ्लोराइड रिमूवल संयंत्र का वाटर टावर स्थापित कर दिया जहां भूमिगत जल की उपलब्धता बेहद कम थी। नतीजतन संयंत्र शुभारंभ से पहले ही फेल हो गया और अब यह केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। संयंत्र पर मकड़ी के जाले लगे हुए हैं और इससे ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई और तब से हर महीने एक दिन मेडिकल टीम गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर रही है। फ्लोराइड युक्त पानी के सेवन से युवाओं के दांत पीले और काले हो रहे हैं। बच्चों का शारीरिक विकास अवरुद्ध हो रहा है जबकि 40 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में कमर दर्द और हड्डियों से जुड़ी समस्याओं की शिकायतें बढ़ रही हैं। गया सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद ने बताया कि जिले के कई इलाकों में फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या सामने आई है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीम लगातार निगरानी कर रही है। आमस प्रखंड के भूपनगर, नगर प्रखंड के जुरावन नगर, बोधगया प्रखंड के गौर बीघा, बांकेबाजार प्रखंड के खरार और भोक्तरी गांव में भी पानी में फ्लोराइड की शिकायत मिली है। सिविल सर्जन ने बताया कि पानी में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने से पहले दांत पीले होते हैं और मात्रा अधिक होने पर हड्डियां विकृत होने लगती हैं जिससे विकलांगता की स्थिति तक उत्पन्न हो सकती है। फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में विकलांगता की स्थिति आने पर विकलांग प्रमाण पत्र भी बनाया गया है। दांत पीले होने की शिकायत पर मेडिकल टीम द्वारा जांच कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि फ्लोराइड युक्त पानी के उपचार की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की है, इसके लिए पत्र भी भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से फ्लोराइड से प्रभावित लोगों का इलाज किया जा रहा है और गांवों में नियमित रूप से मेडिकल टीम भेजकर स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है।

# जमीन खरीद-बिक्री में धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार, एक करोड़ से अधिक की ठगी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में जमीन की खरीद-बिक्री के नाम पर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी संजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने चंदौती थाना क्षेत्र के कटारी हिल मोहल्ला निवासी संजय यादव को उसके कटारी हिल स्थित आवास से गिरफ्तार किया। आरोपी पर जमीन कारोबार में धोखाधड़ी और एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि के गबन का गंभीर आरोप है। इस संबंध में शनिवार सुबह सिविल लाइंस थानाध्यक्ष शमीम अहमद से पूछे जाने पर बताया कि संजय यादव लंबे समय से पुलिस की नजर में था और उसके खिलाफ जमीन खरीद-बिक्री में ठगी और 420 के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी कई महीनों से फरार चल रहा था और लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसके आवास पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि संजय यादव जमीन का कारोबार करता है और स्थानीय स्तर पर उसकी पहचान एक भू-माफिया के रूप में भी की जाती रही है। आरोप है कि उसने लोगों को सस्ते दामों पर जमीन दिलाने का लालच देकर उनसे बड़ी रकम वसूली, लेकिन बाद में न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही पैसे वापस किए। इस तरह उसने कई लोगों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया। संजय यादव पर एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि के गबन का आरोप है। मामले में कई पीड़ित सामने आए हैं जिन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस को आशंका है कि जांच के दौरान और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं। फिलहाल आरोपी से सिविल लाइंस थाना में पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसके इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा जमीन कारोबार में उसने किन-किन तरीकों से धोखाधड़ी की। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि जमीन खरीदने या बेचने से पहले सभी कागजातों की अच्छी तरह जांच करें और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं। साथ ही यदि किसी के साथ इस तरह की धोखाधड़ी हुई है तो वह तुरंत पुलिस से संपर्क करे।

## किसान के पुआल व जलावन में लगाई आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में शुक्रवार रात्रि शरारती तत्वों ने किसान राजा लाल चौधरी के पुआल और जलावन में आग लगा दी। आग लगने से किसान को काफी नुकसान हुआ है।

## किसानों से निर्धारित तिथि तक फार्मर रजिस्ट्री करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में कृषि विभाग बिहार के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर 6 जनवरी से 21 जनवरी तक आधार कार्ड, कृषि भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और मोबाइल नंबर के साथ कृषि सलाहकार या कृषि समन्वयक या कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री करने से सरकारी योजनाओं के लाभ किसानों को निर्बाध रूप से मिल सकेगा। उन्होंने सभी किसानों से निर्धारित तिथि तक फार्मर रजिस्ट्री करने की अपील की है।

# मगध विश्वविद्यालय में सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग में आई क्यू ए सी के तत्वावधान में शुक्रवार को सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें भारत की पहली महिला शिक्षक, समाज सुधारक और शिक्षा की अग्रणी के रूप में स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं समाजविज्ञान संकायाध्यक्ष दीपक कुमार तथा मगध विश्वविद्यालय के डी एस डब्लू पी के चौधरी ने अपने विचार रखे। दीपक कुमार ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले भारतीय समाज की महिलाओं की मार्गदर्शिका हैं। उन्होंने विचारक जयरीन फ्रीमैन के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं और पुरुषों को उनके स्त्रीत्व या पुरुषत्व के आधार पर नहीं, बल्कि उनकी ऊर्जा और क्षमता के स्तर पर आंकना चाहिए। उन्होंने मेरी डेली के समाजशास्त्रीय कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों में कुछ खामियां और कुछ खूबियां होती हैं। किसी को भी श्रेष्ठ नहीं माना जा सकता। दोनों एकजुट होकर ही समाज को संपूर्ण बना सकते हैं। सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें उन्हें मार्गदर्शिका के रूप में स्वीकार करना चाहिए और उनके कार्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। महिला सशक्तिकरण पर उन्होंने कहा कि सकल नामांकन अनुपात अब बराबरी की ओर बढ़ रहा है जो महिलाओं के सशक्त होने का प्रमाण है। सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के इतिहास को पढ़ना और समझना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन प्रियम शर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग की वंदना कुमारी, अनन्या स्वराज, कविता कुमारी, चांदनी रोशन, रघुवंश सिन्हा, कुमारी रति, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव, सुमित कुमार, एल एस डब्लू विभागाध्यक्ष वंदना कुमारी तथा राजेश कुमार सहित अन्य शिक्षक और शोधार्थी उपस्थित रहे।

## तीन फरार वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना की पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग गांवों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लंबे समय से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे जहेंदर कुमार, ग्राम खजुरी मठिया को मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं धरहारा गांव निवासी राजू यादव, जो एससी/एसटी एक्ट के मामले में वारंटी था, उसे भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा मद्य निषेध मामले में लंबे समय से फरार चल रहे शत्रुघ्न दास को भी गिरफ्तार किया गया है। एएसआई शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने तीनों वारंटियों के घर पर छापेमारी कर गिरफ्तारी की। गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# गोपालपुर गांव से हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धीरज दास, पिता गुरुशरण दास, निवासी गोपालपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि गोपालपुर गांव में कुछ दिन पूर्व आपसी विवाद को लेकर आरोपी धीरज दास ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। पीड़ित के बयान के आधार पर शेरघाटी थाना में हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए शेरघाटी थाना पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी गोपालपुर गांव में ही छिपा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर आरोपी धीरज दास को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी के पकड़े जाने से गांव में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और अपराधियों में पुलिस का भय बना रहेगा।

# शेरघाटी में अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

## दोहरे हत्याकांड व गोलीबारी के आरोपित अब भी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चापी पंचायत में हुए सनसनी खेज दोहरे हत्याकांड को लगभग एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लग सका है। इस जघन्य वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पीड़ित परिजन और ग्रामीण न्याय की आस लगाए बैठे हैं। घटना के खुलासे को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टेक्निकल सेल, डॉग स्क्वाड और स्थानीय स्तर पर कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ, मोबाइल कॉल डिटेल खंगालने और घटनास्थल के आसपास भी जांच की जा रही है। बावजूद इसके एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिली है और आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इधर, शेरघाटी के नवादा गांव में हुई गोलीबारी की घटना के आरोपी की गिरफ्तारी भी अब तक नहीं हो सकी है। इस मामले में भी पुलिस के हाथ खाली हैं। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं और आरोपियों की गिरफ्तारी में हो रही देरी से आम लोगों में पुलिस से विश्वास उठ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस उन्हें पकड़ने में असफल साबित हो रही है। ऐसे में ग्रामीणों व परिजनों का कहना है कि मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अपराधियों को नहीं पकड़ा गया तो इससे अपराधियों का मनोबल और बढ़ेगा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति और बिगड़ सकती है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही दोनों मामलों का खुलासा कर लिया जाएगा। पुलिस ने लोगों से संयम बनाए रखने और सहयोग करने की अपील की है। हालांकि अब देखना यह होगा कि पुलिस अपने दावों पर कब तक खरी उतरती है और क्षेत्र में भरोसा बहाल कर पाती है।

# कचौड़ी पंचायत में मनरेगा कार्य में अनियमितता, जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** शेरघाटी प्रखंड के कचौड़ी पंचायत क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कराए गए कार्यों में अनियमितता की आशंका सामने आई है। स्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार यह कार्य जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत कराया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने शनिवार को दोपहर 3 बजे कहा कि जिस उद्देश्य से योजना के तहत कार्य कराया गया था, वह पूरी तरह सफल होता नहीं दिख रहा। खेत और आसपास के क्षेत्र में कार्य के निशान तो मौजूद हैं, लेकिन मिट्टी कटाव, अधूरा कार्य और रख-रखाव की कमी साफ दिखाई दे रही है। इससे सरकारी राशि के सही उपयोग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना बोर्ड के अनुसार इस कार्य में लाखों रुपये की लागत दर्शायी गई है और हजारों मानव दिवस सृजित होने की बात कही गई है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि काम की गुणवत्ता बेहद कमजोर है और कई मजदूरों को पूरा काम नहीं मिला। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। यदि जांच होती है तो योजना में शामिल पंचायत प्रतिनिधि, तकनीकी सहायक और संबंधित पदाधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ सकती है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई करता है।

# सावित्री बाई फुले जयंती समारोह आयोजित

## शिक्षा व सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड अंतर्गत चबूरा पंचायत के हसनपुर गांव में शनिवार दोपहर 2 बजे सावित्री बाई फुले जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेंद्र यादव ने की जबकि संचालन शिक्षक मिथिलेश यादव ने किया। समारोह में वक्ताओं ने सावित्री बाई फुले के विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया। टिकारी विधायक अजय दांगी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले एक महान समाज सुधारक और शिक्षिका थीं जिन्होंने महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने 1848 में पुणे में पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया और महिलाओं को शिक्षित करने के लिए काम किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत ब्यास सुदर्शन यादव ने प्रगतिशील गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ज्योति राव विचार मंच सह नवयुवक क्लब, ग्राम हसनपुर द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व राज्यमंत्री रामेश्वर यादव, डॉ लालजी यादव, बसपा जिला प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव, राजद प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार, मुखिया संजय यादव, डॉ. तुलसी यादव, शंभूनाथ यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार, मोहन यादव, पैक्स अध्यक्ष अनिल वर्मा, हरेंद्र दांगी, आलोक कुमार, किशोर यादव, मो. रेयाजउद्दीन, डॉ बिट्टू, जगदीश यादव, चंचल यादव, रंजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने पीड़ित परिजनों को दिया चेक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ प्रभाकर सिंह ने कुर्किहार के महादलित टोला एकता नगर निवासी गंगा मांझी को पारिवारिक लाभ योजना की राशि का चेक प्रदान किया। बीडीओ ने बताया कि बीते बुधवार को गंगा मांझी की पत्नी व नाती और नतिनी की मौत बोरसी के धुंए से दम घुटने से हो गयी थी। आश्रित गंगा मांझी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी गयी है। यह राशि उसी दिन उपलब्ध करा दी गयी थी, लेकिन परिवार का कोई सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। इसके कारण उनके घर पहुंचने के बाद कार्रवाई की गयी है। इस मौके पर ग्रामीण सह पूर्व पंसस मिथिलेश शर्मा भी मौजूद थे।

# पंचायत सरकार भवनों के मॉडल नक्शे में सुधार की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** पंचायत सरकार भवनों के उपरी तल्ला में नहीं होता शौचालय, मूत्रालय एवं पेयजल की व्यवस्था। गौरतलब है कि सरकार की महात्वाकांक्षी योजना पंचायत सरकार भवनों के उपरी तल्ला में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था नक्शा में नहीं रहने के कारण बनाया नहीं गया है। इस वजह से उपरी तल्ला में कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में देवकली पंचायत के सरपंच अखिलेश चंद, मलपा पंचायत के सरपंच भुनेश्वर गहलोत, गुड़रू पंचायत की सरपंच सान्या कुमारी, रौना पंचायत के सरपंच राजेश कुमार पासवान आदि ने बताया कि पंचायत सरकार भवन के नक्शे में सुधार की आवश्यकता है। उपर तल्ला पर शौचालय एवं पेयजल आपूर्ति का कनेक्शन होना अति आवश्यक है। सरकार को मॉडल नक्शे में सुधार करना चाहिए। इस संबंध में दर्जनों पंचायत सरकार भवनों के रहे संवेदक विश्वनाथ सिंह ने बताया कि पंचायत सरकार भवन के नक्शे में उपरी तल्ला पर शौचालय एवं पेयजल आपूर्ति के लिए किसी भी प्रकार का कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही साथ पंचायत सरकार भवनों में सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था नहीं रहने से यहां असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है और नित्य प्रति भवनों को क्षति पहुंचाया जा रहा है।

## खाद बिक्री में अनियमितता बरतने वाले दुकानदारों पर होगी सख्त कार्रवाई : संजीव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिला कृषि विभाग द्वारा जिले में निबंध खाद दुकानों में खाद बिक्री में अनियमितता की शिकायत पर शनिवार को जिला कृषि विभाग की विशेष टीम द्वारा दुकानों की औचक जांच की गई। जांच के दौरान वजीरगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित श्री राम खाद दुकान में खाद बिक्री की अनियमितता पाए जाने पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम ने वजीरगंज के विशुनपुर गांव स्थित एनएएसपी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा पुरोहित खाद दुकान से जवाब तलब किया गया है जिले के मानपुर, वजीरगंज, टनकुपा और फतेहपुर प्रखंड के दर्जन व खाद दुकानों की जांच की गई जांच टीम में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार, सहायक निदेशक विकास कुमार, शिवम कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी शामिल थे।

# महिला से मारपीट, पांच नामजद, आरोपितों पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** थाना क्षेत्र के कोंच डीह गांव में महिला के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। इस संबंध में शनिवार को फर्द बयान के आधार पर कोंच थाना में कांड संख्या 2/26 दर्ज की गई है। पीड़िता सुषमा कुमारी (30 वर्ष), पति मनोज कुमार, निवासी कोंच डीह ने अपने बयान में बताया कि विगत दिनों रात्रि में वह अपनी 17 वर्षीय पुत्री अंजलि कुमारी के साथ घर पर थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवक लोहे का रॉड और पिस्टल लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया। मारपीट में सुषमा कुमारी का सिर फट गया तथा पुत्री का दाहिना हाथ भी गंभीर रूप से घायल हो गया। शरीर पर चोट के कई निशान हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी कोंच में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया। कोंच प्रभारी थानाध्यक्ष सोहराब अली ने बताया कि इस मामले में कुंदन कुमार, उज्ज्वल कुमार, नीतीश कुमार, राजेश कुमार और अंकित कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# स्कूटी से देसी व घर से अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना की पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए देसी व अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माना बीघा रोड से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की जहां एक स्कूटी पर लदी करीब 12 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी स्कूटी छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसी क्रम में पुलिस ने माना बीघा गांव में विकास कुमार के घर पर छापेमारी कर लगभग 23 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि बरामद शराब नए साल के जश्न में खपाने और बेचने के उद्देश्य से रखी व ले जाई जा रही थी। पुलिस ने शराब व वाहन को जब्त कर लिया है तथा फरार शराब कारोबारियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी और कानूनी कार्रवाई जारी है।

# थाईलैंड के सैकड़ों बौद्ध अनुयायी बुद्ध की धरती भुरहा धाम पहुंचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड बुध धरती भुरहा धाम में थाईलैंड से आए सैकड़ों बौद्ध अनुयायी शनिवार को बोधगया से पदयात्रा करते हुए बुद्ध की धरती भुरहा धाम पहुंचे। दोपहर करीब 2 बजे पहुंचे अनुयायियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष बुद्ध वंदना की और कुछ समय विश्राम के बाद वाराणसी के लिए रवाना हो गए। यह पदयात्रा भगवान बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों और बौद्ध विरासत से जुड़ाव के उद्देश्य से की जा रही है। भुरहा पहुंचने पर बौद्ध अनुयायियों ने ऐतिहासिक स्तूपों का अवलोकन किया। स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सामूहिक प्रार्थना भी की गई। पदयात्रा दल में थाईलैंड से आए प्रमुख बौद्ध अनुयायी वार्त जय, व्रासी, तोप अनुसाते भिया और एकपेंग जावा शामिल हैं।

संपादकीय

# क्या कांग्रेस खुद को सुदृढ़ कर सकती है ?

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की हाल ही में हुई कार्यकारी समिति की बैठक ने यह याद दिलाया कि सबसे पुरानी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में अभी भी कुछ जान बाकी है. क्यों? क्योंकि, भाजपा की सुसंगठित संरचना की तुलना में, कांग्रेस में आंतरिक कलह और आपसी साजिशें हमेशा जारी रहती हैं, भले ही हर चुनाव के बाद इसकी स्थिति कमजोर होती जाती हो. कर्नाटक इसका एक उदाहरण है. इसलिए, कांग्रेस को अपने आंतरिक मामलों को सुधारने की जरूरत है और कार्यकारी समिति की बैठकें ऐसे अवसर हैं जो कठिन समय में एकजुटता का प्रदर्शन करते हैं और संगठन को मजबूती देते हैं.

हालांकि विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी सबसे प्रभावशाली चेहरा बने हुए हैं और सही-गलत दोनों कारणों से सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन महाराष्ट्र और बिहार चुनावों में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस कुछ और नीचे फिसल गई है व एक और संकट का सामना कर रही है.

इससे जनता के मन की गहरी धारणा और मजबूत होती है कि कांग्रेस के लिए सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. भाजपा द्वारा बार-बार 'गांधी परिवार की पार्टी' कहे जाने वाली कांग्रेस का नेतृत्व पिछले कुछ वर्षों से गैर-गांधी परिवार के दिग्गज नेता मल्लिकार्जुन खड़गे (83 वर्ष) कर रहे हैं. इसलिए, यह आरोप उन पर अब पूरी तरह से सटीक नहीं बैठता, खासकर तब जब भाजपा के कई नेताओं के परिवार के सदस्य भी राजनीति में सक्रिय हैं. एक बार पिता को टिकट मिल जाता है, तो अगली बार बेटे या भतीजे को.

खैर, नए साल की शुरुआत के साथ ही कांग्रेस को भाजपा के उन आरोपों का बेहतर जवाब ढूंढ़ना होगा कि कांग्रेस की राजनीति में नेहरू और गांधी परिवार का ही दबदबा रहा है. भाजपा में लोगों को जिस तरह शीर्ष पद मिलते दिख रहे हैं, वैसे यहां कोई आम कार्यकर्ता नहीं पहुंच सकता. नितिन नबीन इसका ताजा उदाहरण हैं- यह एक अलग मुद्दा है कि वे कितने शक्तिशाली होंगे.

कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' से महात्मा गांधी का नाम हटाने के महत्वपूर्ण मुद्दे पर दिसंबर में चर्चा की. समिति ने गांधी के प्रति भाजपा के सम्मान के ढोंग को उजागर करने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने की भी घोषणा की.

हालांकि, 'सीडब्ल्यूसी' में उठाए गए मुद्दे और श्रमिकों के लिए घोषित कार्यक्रम शशि थरूर और दिग्विजय सिंह के बिल्कुल अलग-अलग बयानों के कारण थोड़े धूमिल हो गए; सिंह ने भाजपा और आरएसएस की खुलेआम प्रशंसा की है.

लगातार चुनावी हार ने कांग्रेस को ऐसी स्थिति में ला खड़ा किया है जहां उसे जमीनी स्तर से खुद को पुनर्जीवित करने के लिए कड़े फैसले लेने होंगे. सोनिया गांधी और खड़गे दोनों ही उम्रदराज नेता हैं. दिग्विजय, कमलनाथ, सिद्धारमैया या हरीश रावत किसी भी मायने में युवा नहीं हैं और पार्टी को कोई बड़ी जीत नहीं दिला सकते.

नए साल के आगमन के साथ ही कांग्रेस को इसलिए अपना पुनर्गठन करना होगा, 2026 के लिए नए ठोस संकल्प लेने होंगे और भारतीय समाज और उसकी समस्याओं से अवगत ईमानदार, प्रतिभाशाली और युवा नेताओं को आगे लाना होगा. तभी वे असीमित धन और प्रशिक्षित व समर्पित कार्यकर्ताओं की विशाल सेना वाली महाकाय भाजपा का मुकाबला कर पाएंगे, जो मजबूत विपक्ष के बिना कई वर्षों तक सरकार में बनी रहेगी. ताकतवर कांग्रेस लोकतंत्र के लिए जरूरी है, पर क्या राहुल गांधी इस चुनौती को स्वीकार कर पाएंगे?

# चांदी के बाजार में चीन का नया खेल

**कमोडिटी बाजारों में 'कोर्नरिंग' या 'मैनिपुलेशन' की कोशिशों का इतिहास बेहद कड़वा रहा है। 1979-80 में हंट ब्रदर्स ने भारी मात्रा में फ्यूचर्स और भौतिक चांदी खरीदकर दुनिया की एक-तिहाई चांदी पर नियंत्रण करने की कोशिश की, जिससे कीमतें लगभग 6 डॉलर से बढ़कर 50 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं। जैसे ही नियामकों ने पोजीशन लिमिट कड़ी की और मार्जिन बढ़ाए, बाजार ध्वस्त हुआ, 'सिल्वर थर्सडे' के नाम से मशहूर क्रैश में कुछ ही दिनों में कीमत आधे से भी कम पर आ गई और लाखों निवेशक बर्बाद हुए। इसी तरह, दुर्लभ धातुओं के बाजार में चीन की 2010 की पाबंदियों ने वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को झटका दिया, उनकी लागत अचानक बढ़ गई और निवेश निर्णयों में भारी अनिश्चितता पैदा हुई। ये उदाहरण बताते हैं कि जब भी कोई सरकार या शक्तिशाली समूह किसी कमोडिटी को नियंत्रित करने की हद तक अपने हाथ में लेने लगता है, तो शुरुआती दौर में कीमतें ऊंची होकर 'लाभ' का भ्रम पैदा करती हैं लेकिन अंततः परिणाम क्रैश और अव्यवस्था के रूप में सामने आते हैं।**

**रजनीश कपूर**

दुनिया के चांदी बाजार में इस समय जो उथल-पुथल दिख रही है, उसमें चीन की नीतियां निर्णायक भूमिका निभा रही हैं और यही स्थिति वैश्विक निवेशकों के लिए गंभीर चेतावनी बन गई है। यह केवल सामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि आपूर्ति, स्टॉकपाइल और निर्यात नियंत्रण के जरिए कीमतों व भावनाओं को प्रभावित करने का जटिल खेल है। 2025 में चीन ने चांदी पर राज्य-नियंत्रित निर्यात लाइसैंसिंग सिस्टम लागू किया, यानी बिना सरकारी मंजूरी के कोई कंपनी चांदी बाहर नहीं भेज सकती। शुरुआत में यह कदम 'घरेलू उद्योग की सुरक्षा' और 'संसाधन-संरक्षण' के नाम पर उठाया गया लेकिन इसका तात्कालिक असर वैश्विक बाजार में आपूर्ति-संकट और तेजी से बढ़ती कीमतों के रूप में दिखा।

इसी साल अक्तूबर में चीन ने अचानक रिकॉर्ड 660 टन चांदी एक महीने में निर्यात कर दी, जो इतिहास में सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा माना जा रहा है। यह कदम पहले लगाए गए निर्यात नियंत्रणों से उलट था और इसे एक घबराए हुए बाजार को शांत करने तथा वैश्विक कीमतों की दिशा तय करने की कोशिश के रूप में देखा गया। शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज के आंकड़े दिखाते हैं कि 2021 के आसपास लगभग 3,900-5,000 टन तक पहुंचा चीन का चांदी स्टॉक 2025 के अंत तक गिरकर लगभग 700-800 टन के आसपास ही रह गया। यानी 80-85 प्रतिशत तक की गिरावट। जब दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक खपत वाली अर्थव्यवस्था के गोदाम इस तरह खाली होने लगते हैं और साथ ही निर्यात नीति बार-बार बदली जाती है, तो बाजार में 'वास्तविक कमी' और 'संचालित कमी' के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है।




अनुमान है कि 2024 में चीन ने लगभग 3,300 टन चांदी का उत्पादन किया, जबकि घरेलू खपत 19,000 टन के आसपास पहुंच गई, यानी लगभग 15,700 टन का वार्षिक घाटा। यह संरचनात्मक घाटा और घटते स्टॉकपाइल चीन को नीति के जरिए अंतर्राष्ट्रीय कीमतों और सप्लाई-चेन पर अतिरिक्त दबाव बनाने का मौका देता है। यह पहली बार नहीं है जब चीन किसी महत्वपूर्ण खनिज या धातु की आपूर्ति को भू-राजनीतिक (जियोपॉलिटिक्स) या आर्थिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया हो। दुर्लभ धातुओं में 2008-2010 के बीच चीन ने निर्यात पर कोटा और पाबंदियां लगाकर कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया और जापान के साथ विवाद के दौरान सप्लाई रोक कर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने की कोशिश की थी।

कमोडिटी बाजारों में 'कोर्नरिंग' या 'मैनिपुलेशन' की कोशिशों का इतिहास बेहद कड़वा रहा है। 1979-80 में हंट ब्रदर्स ने भारी मात्रा में फ्यूचर्स और भौतिक चांदी खरीदकर दुनिया की एक-तिहाई चांदी पर नियंत्रण करने की कोशिश की, जिससे कीमतें लगभग 6 डॉलर से बढ़कर 50 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं। जैसे ही नियामकों ने पोजीशन लिमिट कड़ी की और मार्जिन बढ़ाए, बाजार ध्वस्त हुआ, 'सिल्वर थर्सडे' के नाम से मशहूर क्रैश में कुछ ही दिनों में कीमत आधे से भी कम पर आ गई और लाखों निवेशक बर्बाद हुए। इसी तरह, दुर्लभ धातुओं के बाजार में चीन की 2010 की पाबंदियों ने वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को झटका दिया, उनकी लागत अचानक बढ़ गई और निवेश निर्णयों में भारी अनिश्चितता पैदा हुई। ये उदाहरण बताते हैं कि जब भी कोई सरकार या शक्तिशाली समूह किसी कमोडिटी को नियंत्रित करने की हद तक अपने हाथ में लेने लगता है, तो शुरुआती दौर में कीमतें ऊंची होकर 'लाभ' का भ्रम पैदा करती हैं लेकिन अंततः परिणाम क्रैश और अव्यवस्था के रूप में सामने आते हैं। आज की स्थिति में चांदी की कीमतों में तेज उछाल के पीछे दो समानांतर धाराएं काम कर रही हैं। एक तरफ वास्तविक औद्योगिक मांग, जैसे कि सोलर पैनल, इलैक्ट्रिक वाहन, इलैक्ट्रॉनिक्स, मैडिकल उपकरण, जिसके लिए चांदी लगभग अपरिवर्तनीय है। दूसरी तरफ चीन सहित बड़े खिलाड़ियों की नीतिगत चालें, जैसे कि निर्यात पर रोक, अचानक बड़े निर्यात और कमोडिटी एक्सचेंजों पर 'पेपर' व 'फिजिकल' बाजार के बीच बढ़ती खाई।

भ्रमित हो रहे निवेशकों के लिए इन दिनों सबसे बड़ा खतरा यह है कि चांदी की मौजूदा तेजी को बिना समझे 'नई सामान्य स्थिति' मान लिया जाए। कई विश्लेषण 80-100 प्रतिशत सालाना बढ़त और 90-170 डॉलर प्रति औंस के संभावित लक्ष्य जैसी बातों का जिक्र कर रहे हैं लेकिन यह भी साफ चेतावनी देते हैं कि यह वित्तीय सलाह नहीं, बल्कि उच्च जोखिम वाले परिदृश्य हैं। ऐसे माहौल में भावनात्मक खरीद, लेवरेज्ड ट्रेडिंग और अफवाह आधारित निर्णय निवेशकों को एक बार फिर से 'सिल्वर थर्सडे' जैसी स्थितियों की ओर धकेल सकते हैं। निवेशकों के लिए जरूरी है कि वे चीन की हर नीति-घोषणा, निर्यात लाइसैंसिंग, टैक्स बदलाव, स्टॉक रिलीज आदि को केवल 'समाचार' नहीं, बल्कि बाजार-रणनीति का हिस्सा समझें।

किसी भी एक देश, एक एक्सचेंज या एक विश्लेषक के नैरेटिव पर अत्यधिक भरोसा करने की बजाय, विविध स्रोतों से आंकड़े, स्टॉक स्तर, इंडस्ट्रियल डिमांड और पॉलिसी-रिस्क का आकलन करना आवश्यक है। सबक साफ है कि जब भी संसाधन और सत्ता एक ही हाथ में केंद्रित होते हैं, बाजार 'फ्री' नहीं रह जाते, वे 'मैनेज्ड' हो जाते हैं। चांदी की मौजूदा कहानी निवेशकों के लिए केवल मुनाफे का मौका नहीं, बल्कि यह समझने की कसौटी है कि भू राजनीति और कमोडिटी बाजार के बीच गठजोड़ कितना खतरनाक हो सकता है और इस खतरनाक गठजोड़ से बचाव की पहली और अहम शर्त केवल सावधानी ही है, अंध-उत्साह नहीं।

अध्यात्म

## जीवन में सुख-शांति चाहते हैं, तो हमेशा सकारात्मक रहें

रामायण का किस्सा है। अयोध्या में राजा दशरथ ये तय कर चुके थे कि अब राम राजा बनेंगे। इस घोषणा के बाद पूरी अयोध्या में उत्सव मनाया जा रहा था। राम के राजतिलक की तैयारियां चल रही थीं। राजा दशरथ प्रसन्न थे और वे रानी कैकयी के महल की ओर जा रहे थे, क्योंकि कैकयी हमेशा राम को राजा बनाने की बात कहती थीं।

कैकयी के पास राजा के आने से पहले मंथरा कैकयी के पास पहुंच गई। मंथरा ने कैकयी की सोच बदल दी। उसने कैकयी को ये विश्वास दिला दिया कि अगर राम राजा बने, तो भरत का भविष्य खराब हो जाएगा। मंथरा की बातों में आकर कैकयी का मन बदल गया।

जब राजा दशरथ कैकयी के पास पहुंचे, तो कैकयी ने अपने दो पुराने वरदान मांग लिए। उसने भरत के लिए राज्य और राम के लिए 14 वर्षों का वनवास मांगा। ये सुनकर राजा दशरथ टूट गए। वे समझाने लगे और कहा कि राम स्वभाव से ही त्यागी है और भरत को राजा बनते देखकर प्रसन्न ही होगा, फिर उसे वनवास भेजने की जरूरत क्यों है?

दशरथ के समझाने के बाद भी कैकयी अपनी जिद पर अड़ी रहीं। राम को बुलवाया गया। जब राम आए तो उन्होंने देखा कि पिता बहुत दुखी हैं और माता कैकयी गुस्से में हैं। राम ने विनम्रता से इसका पूछा, तो कैकयी ने बताया कि तुम्हारे पिता को उनके दो वचन पूरे करने हैं। ये वचन तुमसे जुड़े हैं।

राम ने कहा कि अगर मेरी वजह से मेरे माता-पिता दुखी हैं तो ये मेरे लिए दुख की बात है। आप आज्ञा दीजिए, मैं उसका पालन करूंगा।

कैकयी ने राम को वनवास और भरत के राज्य की बात बता दी। ये सुनकर राम के चेहरे पर कोई शिकन नहीं आई। वे मुस्कुराए और बोले कि बस इतनी सी बात है। भरत राजा बनेंगे, यह तो बहुत खुशी की बात है। वनवास में मुझे संतों का सान्निध्य मिलेगा, जीवन को और गहराई से समझने का अवसर मिलेगा। ये भी मेरे लिए बहुत अच्छा है। मैं इन दोनों बातों के लिए तैयार हूं। राम का ये व्यवहार देखकर दशरथ ने कहा कि यही राम है, जो किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होता है।

ये प्रसंग हमें सिखाता है कि जीवन में सबसे बड़ी शक्ति है संतुलन और स्वीकार्यता। जब हम परिस्थितियों को स्वीकार कर लेते हैं और खुद को हालात के मुताबिक ढाल लेते हैं तो जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

# राष्ट्रवादी भावना की प्रतिध्वनि है 'धुरंधर'?

**वर्ष 2025 में 'धुरंधर' की सफलता इसलिए भी उल्लेखनीय है, क्योंकि फिल्म पटकथाओं में इस साल महत्वपूर्ण बदलाव दिखाई पड़ा. फरवरी में विलक्षण मराठा योद्धा संभाजी के जीवन पर आधारित विकी कौशल की 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस में 600 करोड़ का आंकड़ा पार किया था. 'छावा' ने बताया था कि भारत का इतिहास और भारतीय नायक अब हाशिये के नहीं, मुख्यधारा के लोकप्रिय विषय हैं. 'धुरंधर' ने इसे ही सिनेमैटिक क्राफ्ट में प्रतीकात्मकता के साथ दिखाया है. फिल्म की शुरुआत एक सुस्पष्ट सैन्य कार्रवाई से हुई, जो इस जोश को जज्बा देते हुए आगे बढ़ती रही. रुपहले पर्दे पर लंबे समय से व्यंग्य और नैतिक ऊहापोह के अभ्यस्त दर्शकों को इस स्पष्टता ने राहत दी. वर्षों से भारतीय सिनेमा का दर्शकों से रिश्ता टूट गया था.**

**प्रभु चावला**

बीते साल का अंत रुपहले पर्दे पर एक गर्जन के साथ हुआ और इसकी प्रतिध्वनि बाकी सब को परिभाषित कर रही है. 'धुरंधर' की सफलता सिर्फ सिनेमाई नहीं, बल्कि सभ्यतागत सफलता भी है. इसने सिर्फ रिकॉर्ड नहीं तोड़े, इसने देश का भावनात्मक लहजा भी तय किया है. जब दर्शक इसकी सफलता पर अभिभूत होकर खड़े हुए, तब वे सिर्फ इस फिल्म के क्राफ्ट का आनंद नहीं मना रहे थे, वे उस भावना पर भी मुहर लगा रहे थे, जो लंबे समय से स्वर की तलाश में थी. रिलीज होने के 21वें दिन 'धुरंधर' ने दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए का कीर्तिमान छू लिया.

यह उपलब्धि बताती है कि भारत का राष्ट्रवादी मूड राजनीति से लोकप्रियतावादी कल्पना में शिफ्ट हो गया है, और फिल्मों के दर्शक देश के भावनात्मक विमर्श का अनुकरण करने के बजाय उसे दिशा दे रहे हैं. देश के जिस सबसे बड़े उद्योग पर लंबे समय तक उधारी के लहजे और महानगरीय सूत्रों का आरोप लगता था, वह एकाएक राष्ट्रवादी मूड की प्रतिध्वनि बन गया है.

जिस कारण से यह उपलब्धि और महत्वपूर्ण हो गई है, यह दरअसल वह इकोसिस्टम है, जिसका खुलासा इसने किया है. पूरे 2025 में बॉलीवुड में ब्लॉकबस्टर्स का इंतजार किए बगैर लगातार शानदार भूमिकाएं सामने आईं. अकेले इस साल के पूर्वार्ध में 17 फिल्मों ने घरेलू बाजार में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया, जबकि 2024 के पूर्वार्ध में ऐसी 10 फिल्में ही आई थीं.

दशकों तक हिंदी सिनेमा का सालाना चक्र इस तरह था कि दो या तीन हिट फिल्मों से पूरे साल का दबाव निकल आता था. वर्ष 2025 में यह स्थिति बदल गई. इस वर्ष फिल्म उद्योग ऐसी फिल्मों का गवाह बना, जिन्होंने अपनी मौलिकता, भावनात्मक ईमानदारी और उन मुद्दों को संबोधित करने की इच्छाशक्ति का परिचय दिया, जो फिल्म आलोचकों की सोच के बजाय दर्शकों की इच्छाओं से जुड़ी हैं.

पहले ही सप्ताह से 'धुरंधर' ब्लॉकबस्टर से ज्यादा ही कुछ साबित हुई. इसके विज्ञापन, इसकी कहन शैली, इसके संवाद और दर्शकों से इसके जुड़ाव ने एक ऐसा माहौल तैयार किया, जो अद्भुत और शानदार था. इसने साबित किया कि देशभक्ति की भावना भौगोलिक और जनसांख्यिकीय सरहदों के पार तक पहुंचती है.

वर्ष 2025 में 'धुरंधर' की सफलता इसलिए भी उल्लेखनीय है, क्योंकि फिल्म पटकथाओं में इस साल महत्वपूर्ण बदलाव दिखाई पड़ा. फरवरी में विलक्षण मराठा योद्धा संभाजी के जीवन पर आधारित विकी कौशल की 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस में 600 करोड़ का आंकड़ा पार किया था. 'छावा' ने बताया था कि भारत का इतिहास और भारतीय नायक अब हाशिये के नहीं, मुख्यधारा के लोकप्रिय विषय हैं.

'धुरंधर' ने इसे ही सिनेमैटिक क्राफ्ट में प्रतीकात्मकता के साथ दिखाया है. फिल्म की शुरुआत एक सुस्पष्ट सैन्य कार्रवाई से हुई, जो इस



जोश को जज्बा देते हुए आगे बढ़ती रही. रुपहले पर्दे पर लंबे समय से व्यंग्य और नैतिक ऊहापोह के अभ्यस्त दर्शकों को इस स्पष्टता ने राहत दी. वर्षों से भारतीय सिनेमा का दर्शकों से रिश्ता टूट गया था.

दरअसल सिनेमा के हमारे नैतिक अभिभावक यह भांप ही नहीं पा रहे थे कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं. बड़े प्रोडक्शन हाउसों ने खुद को महानगरीय जीवन बोध तक सीमित कर लिया था. देशभक्ति को या तो नेपथ्य में रखा जाता था या इसे पुराना विषय माना जाने लगा था. 'धुरंधर' ने इस परिदृश्य को बदल दिया. सिनेमा में बदलाव के लिए एकदम अनुकूल माहौल था.

देश की राजनीतिक और सांस्कृतिक भाषा 2019 से ही सतत बदलाव से गुजर रही थी. राष्ट्रीय भावनाएं जब ज्यादा प्रभावी तरीके से सामने आने लगीं तो संभ्रांत प्रगतिशीलता, शहरी विडंबना, वैश्विक आकांक्षा और नैतिक तटस्थता जैसी भावनाएं सिनेमा के नेपथ्य में चली गईं. इससे पहले 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक', 'द कश्मीर फाइल्स' और 'द केरला स्टोरी' जैसी फिल्मों की सफलताओं ने बदलाव का संकेत दिया था,

लेकिन 'धुरंधर' ने इसे संस्थागत रूप दिया है. यह एक फिल्म भर नहीं है, बल्कि मुख्यधारा में नई भावनात्मक फिल्मों के लिए लॉन्चिंग पैड है. इसका प्रभाव इतना अधिक रहा, जैसे अपनी भाषा में बात करने से डर रहे पूरे भारतीय सिनेमा को यह अपनी भाषा और भावना में उतरने का निर्देश दे रही हो. अलबत्ता, 'धुरंधर' की सफलता को आक्रामकता की जीत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए. 'धुरंधर' की उपलब्धि इसकी अभिव्यक्ति में है, इसकी विवादास्पदता में नहीं. निर्देशक आदित्य धर ने बमबारी पर स्पष्टता को तरजीह दी है. हताशा के बाद नायक की जीत को आक्रामक वर्चस्ववाद के तौर पर नहीं, एक विराट उद्देश्य के प्रति समर्पण के रूप में दिखाया गया है. इसके पाठ को सिनेमा से परे विस्तार मिला है : 2025 में राष्ट्रवाद के उभार को 'धुरंधर' में वह आत्मविश्वास मिला,

जिसमें किसी का अपमान नहीं है, न ही इस गर्व में कोई पूर्वाग्रह है. आलोचकों ने जैसी आशंका जताई थी, उसके उलट इसके दर्शक उतने ही परिष्कृत हैं, जो देशभक्ति की प्रशंसा तो करते हैं, लेकिन नफरत नहीं फैलाते. 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर सिक्का जमाने से ज्यादा कुछ किया है. यह 2025 में भारत के राष्ट्रवादी बदलाव का सांस्कृतिक उत्प्रेरक बनी है. इसकी प्रतिध्वनि सिनेमा से परे राजनीति, मीडिया और यहां तक कि दैनिक बातचीत में गूंजती है. इसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को याद दिलाया है कि कला और मानक से समझौता किए बगैर भी फिल्में देश की सामाजिक भावना से जुड़ सकती हैं. इसने मूड को आंदोलन में और आंदोलन को मुख्यधारा में रूपांतरित कर दिया है. अब जब वर्ष 2026 आ चुका है, 'धुरंधर' की प्रतिध्वनि रचनात्मक कल्पना को आकार देती रहेगी.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आर्थिक उलझनों का निवारण हो सकता है। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ**
दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं।

**मिथुन**
विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बितायें। विद्यार्थियों को आज किसी उपलब्धि के लिये सम्मान मिल सकता है।

**कर्क**
व्यवहार व सिद्धान्तों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिन्तित हो सकते हैं। कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म में आप रुचि ले सकते हैं। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे।

**कन्या**
आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें। किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**तुला**
आप काफी रोमांटिक मूड में रहने वाले हैं। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। सन्तान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक सम्बन्ध बन सकते हैं।

**मकर**
आज आप थोड़े अव्यवहारिक हो सकते हैं। जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी सम्बन्धों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें।

**कुंभ**
अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अधिकारियों के साथ वेतन बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं। रोगों से छुटकारा मिलेगा।

**मीन**
आज स्वास्थ्य में ध्यान देना चाहिये। आय के स्रोतों में कमी या सकती है। जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं।

# विकास की राह में भ्रष्टाचार का रोड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** कोढा प्रखंड के भटवाड़ा पंचायत में विकास की राह में 'भ्रष्टाचार का रोड़ा', एक तरफ कच्ची सड़क तो दूसरी ओर छठ घाट पर लूट! एक ओर जहाँ सरकार गांवों के कायाकल्प और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपये का बजट आवंटित कर रही है, वहीं धरातल पर स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से इन योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है।

ताजा मामला कोढा प्रखंड क्षेत्र के भटवारा से सामने आया है, जहाँ विकास कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार की तस्वीरें शासन-प्रशासन के दावों की पोल खोल रही हैं।

### पीसीसी सड़क के इंतजार में ग्रामीण

पहली तस्वीर गांव की मुख्य राह की है, जो आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों पर विकास की गंगा बह रही है, लेकिन हकीकत में सड़क पर पीसीसी का काम अब तक नहीं हुआ है। कच्ची और ऊबड़-खाबड़ ईंटों वाली इस सड़क के कारण राहगीरों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में यह सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाती है।

### आस्था के केंद्र 'छठ घाट' में बड़ा खेल

भ्रष्टाचार की हद तो तब पार हो गई जब आस्था के प्रतीक छठ घाट को भी नहीं बख्शा गया। दूसरी तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि छठ घाट की स्थिति कितनी दयनीय है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि पंचायत सचिव और संबंधित अधिकारियों द्वारा छठ घाट के सौंदर्यीकरण और निर्माण के नाम पर सरकारी धन की जमकर "लूट" की गई है। घाट के नाम पर मोटी रकम डकार ली गई, लेकिन काम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है। जलकुंभी से पटा यह घाट आज पशुओं के तबेले जैसा नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने अब इस मामले में जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से जांच की मांग की है। मुख्य सवाल यह है कि: आखिर विकास का पैसा गया तो गया कहाँ? सचिव और अन्य जिम्मेदार लोगों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या ग्रामीणों को इस नरकीय स्थिति से कभी निजात मिलेगी? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं कराया गया और छठ घाट में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वही इस मामले को लेकर पंचायत सचिव राकेश कुमार से पूछने पर बताया की ऐसे ही होता है।

# फलका में फर्जी प्रसव मामले में बड़ी कार्रवाई

## डॉक्टर और एएनएम आशा से मांगा स्पष्टीकरण विभाग में हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**फलका /कटिहार।** फलका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते दिन चर्चित 'फर्जी प्रसव मामले' ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में संलिप्तता पाए जाने पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. अश्वनी कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों पर विभागीय करवाई शुरू कर दिया है।

प्रसव के नाम पर किए गए फजीर्वाड़े को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से महिला चिकित्सक व एएनएम को सीएचसी सेवा से हटा दिया है। इनके साथ ही, इस मिलीभगत में शामिल आशा कर्मी सहित चिकित्सक व एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने ने आगे बताया कि स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब न मिलने पर इन सभी के खिलाफ औपचारिक विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

प्राइवेट नर्सिंग होम से साठगांठ पर सख्त हिदायत - इस घटना के बाद चिकित्सा प्रभारी डॉ० अश्वनी कुमार ने अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की।बैठक में सख्त निर्देश दिए गए कि कोई भी सरकारी स्वास्थ्य कर्मी या आशा कार्यकर्ता किसी निजी नर्सिंग होम के लिए बिचौलिए के रूप में काम नहीं करेगा। साथ ही कहा गया किमरीजों को निजी संस्थानों में भेजने या सरकारी सुविधाओं में हेरफेर करने की शिकायत मिलने पर बिना किसी रियायत के बर्खास्तगी की जाएगी।

### अस्पताल में हड़कंप का माहौल

इस कड़ी कार्रवाई के बाद फलका स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। जिले के आला अधिकारी इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह के फजीर्वाड़े को रोका जा सके।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने लोगों की सुनी समस्या

## जिला प्रशासन को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई/कटिहार।** पूर्णियां के प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को विधिवत सुनवाई की उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार के साथ जिला पदाधिकारी कटिहार आशुतोष द्विवेदी मौजूद रहे। सर्वप्रथम प्रमंडल आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। उसके बाद प्रमंडलीय आयुक्त ने डीएसएलआर कार्यालय एवं फाइलों का अवलोकन किया। फिर अनुमंडल कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय का बारी-बारी से निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी की मजूदगी में अनुमंडल पदाधिकारी आकांक्षा आनंद,डीएसएलआर प्रियंका कुमारी एवं अनुमंडल के सभी अंचल पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की लगभग 2 घंटे तक विस्तार रूप से बैठक हुई। विभाग के सभी फाइलों की समीक्षा की गई। तत्पश्चात प्रखंड सभागार भवन मे भूमि से संबंधित जनता दरबार में लोगों की विधिवत सुनवाई की। जिसमें जनता दरबार से संबंधित मामलों की निपटारा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि अनुमंडल के सभी अंचल अधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई है। जिसमें नामांतरण, परिमार्जन मामलों में सह समय पर निपटारा किया जाए इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। वरीय पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं की लोगों की समस्याओं को सह समय पर निपटारा किया जा सके। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधित जनता दरबार में सुनवाई की गई है जिसमें अधिकतर लोगों का आपसी बटवारा मामला सामने आया है। इसके लिए भी अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसएलआर, अंचल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार, अंचल पदाधिकारी, श्यामसुंदर साह आदि दर्जनों पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एक ही परिवार से धान खरीद पर किसान आक्रोशित

**कोढा/ कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोढा प्रखंड के भटवाड़ा पैक्स के किसानों ने पैक्स अध्यक्ष पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि अध्यक्ष द्वारा पंचायत के वास्तविक किसानों से धान की खरीद नहीं की जा रही है और बिचौलियों व अपने परिजनों के नाम पर गलत तरीके से खरीद दर्शाई जा रही है। किसानों ने बताया की गोदाम में उपलब्ध धान और कागजी खरीद में भारी अंतर है। किसानों के अनुसार पैक्स में उमेश यादव से 201 क्विंटल, प्रिया कुमारी 80 क्विंटल, निखिल यादव 62 क्विंटल, लीलानंद यादव 18.25 क्विंटल ,निपेंद्र यादव 61 क्विंटल, निशांत यादव180 क्विंटल, शशि मंडल 130 क्विंटल, संतोष यादव 68.25 क्विंटल, सौरभ यादव 44 क्विंटल से ही धान की खरीददारी हुआ है।

# जिला पदाधिकारी की चेतावनी पर हरकत में आया संवेदक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार ग्रामीण।** नव वर्ष के मौके पर पिकनिक स्पाटों पर सैलानियों की सुरक्षा की इंतजामात की जानकारी लेने जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी मनिहारी गंगातट भी पहुंचे थे। यहां उन्होने नवामी गंगे परियोजना के तहत चल रहे कई निर्माण कार्यों की मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली।

नवामी गंगे परियोजना के तहत गंगा किनारे तकरीबन नौ करोड की लागत से 120मीटर लम्बे व 30मीटर चौडे रिवरफ्रंट का निर्माण चल रहा है। इसका निर्माण सितंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना था. लेकिन नदी के जल स्तर में होनेवाली उतार चढ़ाव व बाढ़ के कारण काम लम्बे समय तक बाधित रहा। बाढ़ का पानी उतर जाने के बाद भी कार्य की प्रगति के संवेदक व संवंधित कार्य एजेंसी वुडको के अधिकारी को जिलापदाधिकारी ने इसे जल्दी पूरा कराने को सख्त निर्देश दिये। डीएम की सख्त हिदायत के बाद संवेदक सकते मे आया। शनिवार को निर्माण स्थल पर साईट मैनेजर राहुल राय की मौजूदगी में कार्य स्थल पर मजदूर काम करते देखे गये।श्री राय ने बताया कि प्राकृतिक प्रतिकुलताओं, जल

**रिवरफ्रंट का बाधित कार्य**

■ सितंबर 2025 तक ही रिवरफ्रंट का कार्य पूर्ण हो जाना था लेकिन बाढ़ ससमय पूर्ण होने में बनी बाधक

स्तर में लगातार उतार चढाव, निर्माण सामग्री की समय पर अभाव कार्य मे विलंब का कारण बनी। मनिहारी गंगाघाट का एतिहासिक धार्मिक महत्व रहा है। यहां सीमांचल के जिलों सहित राज्यों से बडी संख्या में धमार्नुरागी श्रद्धालू धार्मिक व मांगलिक अनुष्ठानों के मौके पर पहुंचते हैं। गंगा स्नान, सहित गंगापूजन, आरति व धार्मिक अनुष्ठानों के सूगमतापूर्वक सम्पादन की समुचित सुविधा मिल सके इसके मद्देनजर सुसज्जित, रिवरफ्रंट बनवाये जा रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार यहां बैठकर गंगा की नयनाभिरामक्षछवि निहारने को बेंच, इसके दोनों सिरे पर वाश रूम, चैंजिंग कक्ष सहित प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए प्रकाश स्तंभ व रंग बिरंगी रोशनी की व्यवस्था की जानी है। बाढ़ कटाव के कारण प्रति वर्ष गंगाकिनारे नया स्वरुप ऊभर आने से धमार्नुरागी श्रद्धालुओं को स्नान, पूजन व गंगा आरती के लिए समुचित, साफ सफाईवाली जगह नहीं मिल पाती है। लेकिन इस रिवरफ्रंट के बन जाने से यहां गंगास्नान सहित अन्य पावन मांगलिक अनुष्ठानो को लेकर आनेवाले श्रद्धालुओं को सुकून से गंगा स्नान आचमन, पूजन अर्चन व आरती का अवसर उपलब्ध हो सकेगा।

# टैलेंट हंट सह डिविजनल डांस, ड्रामा एवं म्यूजिक प्रतियोगिता का आयोजन

## कटिहार रेल मंडल में डांस,ड्रामा और म्यूजिक का जलवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के कोशी रेलवे ऑफिसर्स क्लब में कार्मिक विभाग की ओर से 'टैलेंट हंट कम डिविजनल डांस, ड्रामा एंड म्यूजिक प्रतियोगिता 2025-26' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीआरएम किरेंद्र नरह, रेल महिला समिति अध्यक्षा निवेदिता नरह, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीपीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों, उनके परिजनों और बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य, समूह गीत, वाद-विवाद, नाटक, लोकगीत और वाद्य-यंत्र वादन जैसी कई मनमोहक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा रेल क्लब तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रेलमंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और मनमोहक प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन न सिर्फ प्रतिभा निखारते हैं, बल्कि युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और रचनात्मक सोच को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट

■ **प्रतिभाओं ने जीता दर्शकों का दिल**

प्रदर्शन करने वाले दर्जनों प्रतिभागियों को रेल प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि आगे भी इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को मंच मिल सके। मंच का संचालन रितेश ठाकुर द्वारा किया गया। जबकि कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्मिक विभाग के प्रभारी चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर उमाशंकर सहित अन्य वेलफेयर इंस्पेक्टर की सराहनीय भूमिका रही। रेल प्रशासन द्वारा सभी चयनित सफल प्रतिभागियों का नाम एनएफ रेलवे के मुख्यालय मालीगांव में भेजा जाएगा। जहां गुवाहाटी में आगामी 6 फरवरी 2025 को आयोजित क्षेत्रीय स्तर के कार्यक्रम में सभी सफल प्रतिभागी हिस्सा ले पाएंगे और अपना जलवा बिखेर पाएंगे।

इस अवसर पर रेलवे ऑफिसर्स क्लब में दो पाली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआरएम किरेंद्र नरह ,रेल महिला समिति अध्यक्षा निवेदिता नरह, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह के साथ रेलवे महिला समिति की उपाध्यक्ष पूजा सिंह, सचिव कुमकुम वर्मा, कोषाध्यक्ष शिल्पी मंडल, संयुक्त सचिव सुधा कुमारी, तिरु सिंह, आभा सिंह, प्रियंका कुमारी सहित सभी रेल अधिकारी और महिला समिति की टीम,यूनियन प्रतिनिधि वो सैकड़ों की संख्या में रेलकर्मी आदि मौजूद रहे।

# थाना परिसर में जप्त शराब की गई नष्ट

**मनिहारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनिहारी थाना पुलिस द्वारा अलग-अलग अवसरों पर जप्त की गई सैकड़ों लीटर शराब का थाना परिसर में विधिवत विनष्टिकरण किया गया। इस दौरान राजस्व पदाधिकारी रामसागर पासवान एवं थानाध्यक्ष पंकज आनंद की उपस्थिति में कुल 282 लीटर शराब नष्ट की गई। जिसमें बड़ी मात्रा में विदेशी शराब शामिल थी। बिहार से सटे झारखंड एवं पश्चिम बंगाल की खुली सीमाओं के कारण पूर्ण शराबबंदी लागू बिहार में तस्करी रोकना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसके बावजूद पुलिस लगातार अभियान चलाकर शराब तस्करी पर कड़ी नजर बनाए हुए है। इस अवैध धंधे में संलिप्त कई तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही/कटिहार।** भारत की पहली महिला शिक्षिका व 19 वीं शताब्दी की महान क्रांतिकारी नारी सावित्रीबाई फुले का जन्म दिवस आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा में धूमधाम से मनाया गया । इस संदर्भ में सावित्रीबाई फुले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी श्वेता सुमन ने बतायी की सावित्रीबाई फुले का इतिहास शिक्षा, समाज, सुधार और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित था।

इनका जन्म 3 जनवरी 1831 ई. को हुआ था। इन्होंने ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में पुणे में भारत का पहला बालिका स्कूल खोला और लड़कियों व दलितों की शिक्षा के लिए कई स्कूल चलाएं, इन्होंने बाल विधवाओं के लिए काम किया। विधवा, पुनर्विवाह,बाल हत्या प्रतिबंध गृह जैसे आंदोलन का नेतृत्व किया। साहित्य के क्षेत्र में कविताएं काव्य फूले और बावन काशी,सुबोध रत्नाकर प्रमुख रचनाएं हैं, इन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा का विरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने जाति भेदभाव और अस्पृश्यता के खिलाफ आवाज उठाई और महिला सेवा मंडल की स्थापना 1852 में की तथा प्लेग पीड़ितों की सेवा करते हुए स्वयं प्लेग की चपेट में आ गई और 10 मार्च 1897 को उनका निधन हो गया। इन्होंने कहा था कि स्वाभिमान के लिए पढ़ाई करो और पाठशाला ही इंसान का सबसे अच्छा गहना हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में कालेश्वर साह, सियाराम यादव, श्वेता सिंह, शुभांगी पाराई, अमित कुमार, मनोज कुमार, रवि कुमार, सुषमा कुमारी, तारकेश्वर कुमार ऋषि, सवेरा खातून आदि उपस्थित रहे।

# आनंद मार्ग के विश्व मंच पर बेस्ट भुक्ति प्रधान रवि रश्मि सम्मानित



**कटिहार/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आनंद मार्ग के विश्वस्तरीय धर्म महासम्मेलन आनंद मार्ग के हेडक्वार्टर पुरुलिया जिले के आनंद नगर में आयोजित किया गया। इस धर्म महा सम्मेलन में विभिन्न तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए इस विश्व मंच पर श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत के हाथों के विश्व मंच पर बेस्ट भुक्ति प्रधान कटिहार के रवि रश्मि को अध्यात्मिक भाव से जनसेवा के लिए सम्मानित किए गए। यह पुरस्कार वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर संस्था के विश्व स्तर पर जनसेवा के कार्यकलाप पर चयन कर दिया जाता है।

# आदर्श जीवन के जीवंत प्रतीक हैं श्याम बिहारी प्रभाकर : पूर्व राज्यपाल

■ **93वें जन्मोत्सव पर साहित्य सम्मेलन में हुआ सम्मान, भेंट किया गया 'अभिनन्दन-ग्रंथ', आयोजित हुई काव्य-गोष्ठी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** 93 शरद देख चुके बिहार के वयोवृद्ध कवि-कलाकार श्याम बिहारी प्रभाकर आदर्श-जीवन के जीवित प्रमाण है। कोई भी व्यक्ति अनुशासित और सकारात्मक जीवन जीते हुए लम्बी आयु प्राप्त कर सकता है, यह प्रभाकर जी के जीवन से सीखा जा सकता है। उनका गुणवत्तापूर्ण मूल्यवान जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है।

यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन सभागार में श्री प्रभाकर के 93वें जन्मोत्सव पर आयोजित सम्मान-समारोह का उद्घाटन करते हुए सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की सेवा से वर्षों पूर्व अवकाश ले चुके प्रभाकर जी रंगमंच, आकाशवाणी और दूरदर्शन के लोकप्रिय कलाकार ही नहीं, एक मर्म-स्पर्शी काव्य-सृजन करने वाले संवेदनशील कवि भी हैं। इनका जीवन अनुकरणीय है।

पूर्व राज्यपाल ने इस अवसर पर साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित अभिनन्दन ग्रंथ 'सबके अपने प्रभाकर' का लोकार्पण किया और उसे सम्मेलन की ओर से श्री प्रभाकर को 'जन्मोत्सव-भेंट' प्रदान किया। कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय द्वारा संपादित इस ग्रंथ में 74 विद्वानों और साहित्यकारों ने श्री प्रभाकर के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए हैं। इसके पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने 93वें जन्म-दिवस पर श्री प्रभाकर को सुंदर अंग-वस्त्रम और पुष्प-हार से सम्मान किया। अपने उद्गार में डा अनिल सुलभ ने कहा कि प्रभाकर जी दोष-रहित सार्थक जीवन के सुंदर उदाहरण हैं। स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की प्राप्ति किस प्रकार की जा सकती है, यह प्रभाकर जी के जीवनादर्श से सीखा जा सकता है। इनके जीवन का प्रत्येक पक्ष अनुशासित, सकारात्मक और कल्याणकारी है। सभी प्रकार के व्यसनों से दूर प्रभाकर जी सादगी,सदाचार और शुचिता के मूर्तमान रूप हैं। 93 वर्ष की आयु में भी इनकी कर्मठता चकित करती है। एक कवि और रंगकर्मी के रूप में इन्हें आदरणीय स्थान प्राप्त है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर प्रसाद, डॉ. मधु वर्मा, आयुर्वेद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. दिनेश्वर प्रसाद, डॉ. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता,भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ. पुष्पा जमुआर, डॉ. अशोक प्रियदर्शी, डॉ. शशि भूषण सिंह, डॉ. रत्नेश्वर सिंह, कुमार अनुपम, बाँके बिहारी साव, विभारानी श्रीवास्तव, कमल वास राय, सत्यजीत राज, डॉ. अविनाश प्रसाद, विनोद कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा श्री प्रभाकर के शतायु होने की मंगल कामना की।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ कवयित्री आराधना प्रसाद की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि मधुरेश नारायण, डा पूनम आनन्द, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, शमा कौसर 'शमा', सुनील कुमार, जय प्रकाश पुजारी, डॉ. शालिनी पाण्डेय, डॉ. मीना कुमारी परिहार, डॉ. मनोज गोवर्द्धनपुरी, शुभ चंद्र सिन्हा, ई. अशोक कुमार, उमेश मिश्र, डॉ. ओम प्रकाश जमुआर, डॉ. आर प्रवेश, मृत्युंजय गोविन्द, प्रभात धवन, नीता सहाय, डा अर्चना त्रिपाठी, अभय आर्या, सुनीता गुप्ता, संजय लाल चौधरी, ओम् नमः शिवाय सिंह, डॉ. प्रियंका सिन्हा, नन्दन कुमार आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी मधुर काव्य-रचनाओं से उत्सव में रस और उल्लास का सृजन किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

श्री प्रभाकर के जमाता चक्रधर प्रसाद, मंजू गुप्ता, मीना गुप्ता, श्रीकांत व्यास, विश्व मोहन चौधरी संत, नमन प्रिया, राज कुमार चौबे, राम किशोर सिंह विरागी, अशोक कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# उद्योग संवाद कार्यक्रम में आरबीएचएम जूट मिल खोलने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर पर स्थित बियाडा विभाग के कार्यालय में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के अध्यक्षता में उद्योग संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार, डीडीसी अमित कुमार,डीजीएम बियाडा शिव कुमार, जीएम उद्योग विभाग सोनाली शीतल, श्रम अधीक्षक पीटर मिंज, विद्युत कार्यपालक अभियंता धीरज कुमार, कारखाना निरीक्षक, जीएसटी पदाधिकारी, डीपीएम जीविका सहित उद्योग से संबंधित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कटिहार जिला औद्योगिक नियोजक संघ के अध्यक्ष विकास सिंह की ओर से जिला पदाधिकारी को अंग वस्त्र एवं बुके देकर उद्यमियों की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने उद्यमियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया। जिसमें औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र का फोरलेन से कनेक्टिविटी, औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र के चारों ओर चार दिवारी बाउंड्री वॉल औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र के मुख्य द्वार पर गार्ड रूम, औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र में लगातार हो रहे चोरी से निजात पाने के लिए आउटपोस्ट नाका की स्थापना, चारों ओर बिजली, सीसीटीवी कैमरा, जल निकासी, साफ सफाई,उद्यमियों को सुविधा शुल्क से मुक्त करना, 2016 से बंद औद्योगिक नीति सर्विस सुविधा लागू करने, सफल उद्यमियों को किस्त लिए जमा करने पर कम इंटरेस्ट लगाने की मांग, उद्यमियों के विफल होने पर होने पर विभाग द्वारा लीज कैंसिल करने पर परिवार के भरण पोषण के लिए मुआवजा देने की मांग सहित बिहार सरकार के द्वारा उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग शामिल रहा। अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि एक समय था जब कटिहार जिला औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित थी और एक समय है जब जिला उद्योग विहीन होते जा रही है। उन्होंने जिला पदाधिकारी के इस पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में उद्यमियों के हर समस्या का समाधान हो जाएगा। उद्योग संवाद कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक बियाडा विभाग शिव कुमार ने बताया कि अब उद्यमी औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र में फोर स्टार होटल, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं नर्सिंग होम आसानी से खोल सकेंगे। अध्यक्ष विकास सिंह ने जिला पदाधिकारी से 8 जनवरी 20 16 से बंद आरबीएचएम जूट मिल की लगभग खाली पड़ी 55 एकड़ जमीन पर भारत सरकार एवं बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से जूट मिल या कोई नया उद्योग लगाने का मांग किया। श्री सिंह ने बताया कि लगभग 25 से 30 एकड़ जमीन में चारों ओर से बाउंड्री वॉल एवं बिल्डिंग ऑफिस के लिए खाली पड़ा है। अगर कोई नया उद्योग लग जाए तो कटिहार के हजारों मजदूरों को एवं उसके परिवार एवं बच्चों के सामने बेरोजगारी के नौबत से छुटकारा मिल जाएगा। उद्यमी संवाद कार्यक्रम मे आरबीएचएम जूट मिल के पूर्व प्रशासनिक पदाधिकारी नवीन कुमार सिंह ने डीएम से अनुरोध करते हुए कहा कि कोलकाता के उद्यमी कटिहार में उद्योग लगाना चाह रहे हैं।

# पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का मांझी में स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मांझी (सारण)**। छपरा-सिवान मार्ग से होकर सिवान जाने के क्रम में बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का रालोमो व एनडीए समर्थकों द्वारा जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सारण जिलाध्यक्ष अशोक कुशवाहा एवं प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश कुशवाहा के साथ वाहनों के काफिले के साथ मंत्री पियानो पोखरा पहुंचे, जहां जलालपुर प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह के नेतृत्व में समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। दाउदपुर पहुंचने पर मांझी प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार राय के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, आंतरिक आय बढ़ाने और योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। मौके पर अवध किशोर सिंह, पंकज कुमार सिन्हा, रामवृक्ष यादव, पुण्यदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# ठंड से राहत के लिए स्टेशन परिसर में अस्थायी रैन बसेरा शुरू, एसडीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)**। सीमावर्ती शहर रक्सौल में बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर परिषद ने आमजन और यात्रियों को बड़ी राहत दी है। शनिवार को नगर परिषद द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित पार्क में नवनिर्मित अस्थायी रैन बसेरा का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन नगर परिषद की कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) मनीष कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मनीष आनंद विशेष रूप से मौजूद रहे।



महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि अस्थायी रैन बसेरा को सुव्यवस्थित तरीके से तैयार किया गया है। इसमें पुरुषों एवं महिलाओं के ठहरने के लिए अलग-अलग टेंट लगाए गए हैं। पुरुष अनुभाग में 50 व्यक्तियों तथा महिला अनुभाग में 30 महिलाओं के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरा में ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त संख्या में कंबल, गद्दे एवं हीटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर न हो।

**सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम**

रैन बसेरा में ठहरने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे के लिए केयरटेकर की तैनाती की गई है, जो आगंतुकों का पंजी संधारण करने के साथ उनकी सुविधाओं का भी ख्याल रखेंगे। इसके अलावा नगर परिषद कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, जो समय-समय पर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी ने इसे मानवता की सेवा बताते हुए कहा कि यह पहल निर्धन एवं बेसहारा लोगों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

**प्रशासनिक व रेलवे अधिकारियों की रही मौजूदगी**

उद्घाटन समारोह के दौरान एसडीएम मनीष कुमार ने नगर परिषद की इस त्वरित और संवेदनशील पहल की सराहना की। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार जायसवाल, यातायात निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, राजकीय रेल थानाध्यक्ष पवन कुमार, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार मिश्रा, टीटीई बृजेंद्र कुमार मिश्रा सहित रेलवे के कई अधिकारी उपस्थित थे। वहीं भाजपा नेता राकेश कुशवाहा, पार्षद रवि कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुमार, नगर परिषद के प्रधान सहायक चंदेश्वर बैठा, नगर मिशन प्रबंधक राकेश रंजन, रवि रंजन ठाकुर, सफाई निरीक्षक रामनरेश प्रसाद कुशवाहा, कर संग्राहक पंकज कुमार सिंह, कनीय अभियंता राज कुमार राय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### बीडीओ ने आवास योजना लाभार्थियों का किया भौतिक सत्यापन

**मशरक (सारण)**। बंगरा व गंगौली पंचायत के विभिन्न वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का बीडीओ पंकज कुमार ने भौतिक सत्यापन किया। बीडीओ ने बताया कि योजना से जुड़े लाभुकों के नामों की अंतिम जांच की जा रही है। भूमि स्वामित्व, पारिवारिक आय और अन्य योजनाओं से प्राप्त लाभों की भी पड़ताल की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपात्र व्यक्तियों को किसी भी हाल में योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। संदेहास्पद मामलों की विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला शिक्षा की ज्योति सावित्रीबाई फुले को मांझी में श्रद्धांजलि

**मांझी**। प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय उर्दू, नचाप में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हवलदार मांझी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। हवलदार मांझी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं और वंचित वर्गों को सशक्त किया। उनके आदर्श आज भी शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में पंकज प्रकाश सिंह, रविंद्र ठाकुर, जहीरूद्दीन अंसारी सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### कड़ाके की ठंड में युवा क्रांति रोटी बैंक ने बांटे कंबल, "सुकून भरी सर्दी" अभियान

**छपरा (सारण)**। हाड़ कंपा देने वाली ठंड को देखते हुए युवा क्रांति रोटी बैंक द्वारा "सुकून भरी सर्दी" अभियान के तहत जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। संस्था हर वर्ष की तरह इस बार भी ठंड से बचाव के लिए गरीब एवं असहाय लोगों तक मदद पहुंचा रही है। इस अवसर पर डॉ कनुप्रिया सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उन लोगों तक गर्म कपड़े, स्वेटर और कंबल पहुंचाना है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। संस्था बीते आठ वर्षों से भोजन के साथ-साथ ठंड के मौसम में राहत सामग्री का वितरण करती आ रही है। संस्था के संस्थापक ई. विजय राज ने सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने से ही वास्तविक बदलाव संभव है। डॉ कनुप्रिया सिंह, सत्येंद्र सिंह और मंजू सिंह ने बताया कि एमएस जनरल सर्जरी उत्तीर्ण करने की खुशी में जरूरतमंदों की मदद कर उन्हें आत्मिक सुकून मिलता है। कंबल वितरण कार्यक्रम में कृष्णा श्रीवास्तव, अभिषेक अग्रहरि, आकाश, निशांत, सुमित, मोनल, सौरभ, रेहान, रिज़वी, अर्जुन सिंह, रामबाबू, अमरेश सहित कई युवा सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### दुबौलिया में पैमाइश के दौरान हिंसा, सीओ समेत पांच घायल

**बेतिया**। लौरिया अंचल के बेलवा लखनपुर पंचायत के दुबौलिया गांव में शनिवार को दुबारा नापी एवं आंशिक बेदखली की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों के विरोध से स्थिति हिंसक हो गई। बीएलडीआर के तहत आदेश पर अंचल प्रशासन पैमाइश के लिए पहुंचा था, लेकिन विरोध, धक्का-मुक्की और आगजनी के कारण कार्रवाई अधूरी रह गई।घटना में अंचलाधिकारी नीतेश कुमार सेठ, थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा, महिला पुलिस अधिकारी निशी कुमारी व प्रियरंजना कुमारी तथा ड्रोन कैमरा कर्मी अमित कुमार घायल हो गए। सभी को सीएचसी लौरिया में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।सीओ ने असामाजिक तत्वों पर जानबूझकर विरोध व आगजनी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पुनः पैमाइश की बात कही गई है। गांव में फिलहाल तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

### नव वर्ष पर नेपाल गई महिला की मौत

**मशरक (सारण)**। मशरक के कवलपुरा मठिया गांव की 70 वर्षीय महिला उर्मिला देवी की नेपाल में ब्रेन हेमरेज से गिरने के बाद मौत हो गई। शनिवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका पासपत तिवारी की पत्नी थीं। उनके पुत्र डॉ अनूप तिवारी ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर उनकी मां नेपाल के वीरगंज गई थीं, जहां घूमने के दौरान ब्रेन हेमरेज हुआ और वे गिर पड़ीं। इलाज के लिए स्थानीय निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। गांव में ही दाह-संस्कार किया गया।

### सुविधाएं अपूर्णः मशरक में कैसे सुधरेगी स्वास्थ्य व्यवस्था?

**मशरक (सारण)**। मशरक में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कागजों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दर्जा दे दिया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की है। करीब दो लाख की आबादी वाले क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए यहीं आना पड़ता है, पर संसाधनों की कमी उन्हें महंगे निजी अस्पतालों की ओर जाने को मजबूर कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनंत नारायण कश्यप के लगातार अनुपस्थित रहने से इलाज प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में सिविल सर्जन सारण द्वारा पूर्व में स्पष्टीकरण भी जारी किया गया था। राजद प्रखंड अध्यक्ष वरुण यादव ने बताया कि एक्स-रे मशीन पुरानी और अक्सर खराब रहती है। प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के बावजूद अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है, जिससे गर्भवती महिलाओं को निजी क्लीनिक जाना पड़ता है। प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह ने डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सर्जन चिकित्सक और ट्रामा सेंटर की मांग की है।

### शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)**। जितना थाना पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 600 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई झझरा गांव के सामने सैनिक सड़क पर की गई, जहां से दोनों आरोपियों को दबोचा गया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि बरामद सभी 600 बोतलें नेपाली कस्तूरी शराब की हैं, जिनमें प्रत्येक बोतल 300 एमएल की है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान जितना थाना क्षेत्र के झझरा गांव निवासी मोहन साह एवं गजेंद्र साह के रूप में हुई है।

# महिला शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फुले को किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मांझी (सारण)**। प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय उर्दू, नचाप में शनिवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हवलदार मांझी के नेतृत्व में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। शुभारंभ में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हवलदार मांझी ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का कार्य किया। उन्होंने विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा के द्वार खोले, जो आज भी शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षक नेता पंकज प्रकाश सिंह, रविंद्र ठाकुर, जहीरूद्दीन अंसारी, तिजामुद्दीन अंसारी, श्रीनिवास यादव, अशोक शाह, शेखर कुमार सिंह, रीना कुमारी, गुड़िया कुमारी, आशा कुमारी, साजदा खातून, राजीव कुमार सिंह, सगीर तबरेज अंसारी, रामायण महतो, विजय शंकर महतो, धर्मेंद्र कुमार सिंह,मनीषा कुमारी,निशा कुमारी, नूतन कुमारी,अरविंद कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।




# जरूरतमंदों के बीच संयुक्त रूप से समाजसेवियों ने किया कंबल वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)**। कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से नववर्ष की शुरुआत में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस मानवीय पहल में कायस्थ परिवार, समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया, अभिन्नोवेशन ग्रुप एवं मिशन 2 करोड़ चित्रांश इंटरनेशनल से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे। समाजसेवी अभिजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में घूम-घूमकर असहाय लोगों, सड़क किनारे सो रहे जरूरतमंदों, सफाई कर्मियों एवं बेसहारा व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 9 बजे छपरा जंक्शन से हुई, इसके बाद भगवान बाजार चौक, दरोगा राय चौक, सदर अस्पताल आश्रय स्थल, डाकबंगला रोड, नगरपालिका चौक और कचहरी स्टेशन सहित कई स्थानों पर वितरण किया गया। अभिजीत श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सहायता पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना एक सामूहिक सामाजिक दायित्व है।




कार्यक्रम में कायस्थ परिवार छपरा–सारण के अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा 'मिंटू', युवा अध्यक्ष अभिषेक अरुण, समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव, महासचिव अजय सहाय, उपाध्यक्ष कमल किशोर सहाय सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया।

## मानपुर थाने में नए थानाध्यक्ष ने संभाली कमान

**मैनाटांड**। मानपुर थाने में नए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने थाने की कमान संभाल ली। इस दौरान उन्होंने मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने कहा अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## साइकिल चोरी

**बगहा**। नगर के वार्ड 28 के शायरी स्थान से चोर ने पुजारी की साइकिल की चोरी कर ली। नगर थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि मंदिर के पुजारी सुदामा चौधरी की साइकिल की चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है।

# अररा गांव में भीषण आग, तीन घर जले, लाखों की संपत्ति स्वाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)**। आदापुर अंचल क्षेत्र की वेलवा पंचायत अंतर्गत अररा गांव में दोपहर के समय अचानक लगी भीषण आग में तीन लोगों के घर जलकर राख हो गए। इस अगलगी की घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति के नुकसान की सूचना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शंकर गिरी के घर में अचानक आग लग गई, जो देखते ही देखते आसपास के घरों में फैल गई। आग इतनी भयावह थी कि घर में मौजूद परिजनों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में घरों में रखा खाने-पीने का सामान, कपड़े, नकदी सहित लाखों रुपये मूल्य के आभूषण जलकर नष्ट हो गए। आग लगते ही ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तेज लपटों के सामने उनके प्रयास नाकाम रहे। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में विक्रमा गिरी एवं राम शोभित गिरी के घर भी आग की चपेट में आ गए, जहां मवेशियों के लिए रखा भूसा तथा पुस की झोपड़ी जलकर राख हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है, जबकि पीड़ित परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# जनता दरबार में भूमि विवादों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरकटियागंज**। प्रखंड सभाकक्ष में शनिवार को अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें भूमि विवाद से जुड़े कई मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में अंजुवा गांव की महादलित बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय की भूमि को लेकर विवाद का मामला सामने आया। भूमि दाता गौरव राज ने जमीन देने से इंकार किया, लेकिन आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत करने और सीओ द्वारा कानूनी प्रक्रिया समझाने के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन गई।वहीं नूनीयवा टोला निवासी अरविंद शर्मा ने अपनी जमीन पर काम कर रहे मजदूर पर ही कब्जा करने का आरोप लगाया। केसरिया के ललन शर्मा ने पड़ोसी द्वारा नाला अवरुद्ध करने की शिकायत की। इसके अलावा भी कई मामलों को जनता दरबार में रखा गया। सीओ ने तीन मामलों का निष्पादन किया, जबकि पांच नए मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया गया। पूर्व के चार मामलों की सुनवाई प्रक्रियाधीन है। मौके पर शिकारपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार सहित अंचल कर्मी उपस्थित रहे।

## दोन क्षेत्र में सांसद का जनसंपर्क, विकास समस्याओं पर हुई चर्चा

**रामनगर**। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के दुर्गम दोन इलाके में सांसद सुनील कुमार ने शनिवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत गंडक निरीक्षण भवन परिसर से हुई, जहां जदयू कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों ने सांसद का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बनकटवा, चम्पापुर, बनवारी, बेलाटांडी, पिपरा दोन, गोबरहिया दोन व लक्ष्मीपुर सहित कई गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने सड़क, पुल-पुलिया, बिजली और संचार व्यवस्था की बदहाल स्थिति से सांसद को अवगत कराया। लोगों ने बताया कि जर्जर सड़कों और पुलों के अभाव में बरसात के मौसम में गांवों का संपर्क मुख्यालय से कट जाता है। बिजली आपूर्ति व कमजोर मोबाइल नेटवर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावित हो रहा है।सांसद ने कहा कि दोन क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी और समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर ठोस पहल की जाएगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंचल कार्यालय से परेशान ग्रामीण उपमुख्यमंत्री तक जाएगा मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामनगर**। थाना क्षेत्र के बड़ा बेलवा निवासी सच्चिदानंद तिवारी ने रामनगर अंचल कार्यालय के कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि अपनी जमीन की पैमाइश को लेकर वर्षों से अंचल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। इससे तंग आकर वे अंचलाधिकारी की कथित कारगुजारियों की शिकायत उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा से करने की तैयारी में हैं।श्री तिवारी के अनुसार, वर्ष 2019 में अतिक्रमण को लेकर थाना जनता दरबार में आवेदन दिया गया था। थानाध्यक्ष के पत्र के आलोक में जमीन की पैमाइश के लिए 2 दिसंबर 2019 को 1100 रुपये की रसीद कटवाई गई, लेकिन मापी नहीं हुई। बाद में अंचल कर्मियों ने पुरानी रसीद का हवाला देकर दोबारा रसीद कटवाने को कहा, जिसके बाद 27 मार्च 2023 को पुनः रसीद कटवाई गई, फिर भी पैमाइश लंबित है। उन्होंने अंचलाधिकारी पर दलालों के प्रभाव में रहने और अमीन के उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर मामले को टालने का आरोप लगाया है। वहीं अंचलाधिकारी वेद प्रकाश ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था, जल्द ही पैमाइश कराई जाएगी।

# ज्योतिष केवल भविष्य कथन नहीं, बल्कि ऊर्जा प्रबंधन का विज्ञान हैः आचार्य मोहित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ**। राजधानी के नीलमथा स्थित 'माa श्री महाकाली विद्या मंदिर इंटर कॉलेज' के 30वें वार्षिकोत्सव में प्रसिद्ध युवा ज्योतिषी और समाजसेवी आचार्य मोहित पांडेय को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय के प्रबंधक और वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. भवानी दत्त भट्ट के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आचार्य मोहित पांडेय ने कहा, "ज्योतिष केवल भविष्य जानने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह 'ऊर्जा प्रबंधन' का विज्ञान है।" उन्होंने वर्तमान परिवेश में अभिभावकों को संदेश देते हुए कहा कि बच्चों पर अपनी अधूरी महत्वाकांक्षाएं थोपने के बजाय उनकी 'मौलिक प्रतिभा' को पहचानना चाहिए, तभी वे जीवन में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएंगे। आचार्य मोहित ने अपनी इस उपलब्धि और सम्मान को अपने गुरुजनों की तपस्या और आशीर्वाद का प्रतिफल बताते हुए इसे उनके श्रीचरणों में समर्पित किया।




**तकनीक और वेदों का अनूठा संगमः** मूल रूप से बिहार के भोजपुर (बक्सर) स्थित आशा पड़री गांव के निवासी आचार्य मोहित पांडेय का व्यक्तित्व आधुनिक शिक्षा और वैदिक ज्ञान का अद्भुत संगम है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज और किंग जॉर्ज इंटर कॉलेज, लखनऊ से हुई। इसके बाद उन्होंने बीबीडीएनआईटीएम से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और फिर लखनऊ विश्वविद्यालय से ज्योतिष में डिग्री हासिल की है।

समाज सेवा और ज्योतिष में कीर्तिमानः वर्ष 2017 से ज्योतिष के क्षेत्र में सक्रिय आचार्य मोहित अब तक 10,000 से अधिक कुंडलियों का विश्लेषण कर चुके हैं। सोशल मीडिया पर उनके द्वारा संचालित समूह 'ज्योतिष विज्ञान एवं भविष्य दर्शन' से लगभग 3 लाख लोग जुड़े हैं।

ज्योतिष के साथ-साथ समाज सेवा में भी वे अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। कोरोना काल में लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में भोजन वितरण से लेकर, 'दीनबंधु सेवा समूह' के माध्यम से हर सर्दी में जरूरतमंदों को कंबल वितरण अभियान चलाने तक, वे निरंतर समाजहित में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में डॉ. भवानी दत्त भट्ट ने आचार्य मोहित के प्रयासों की सराहना की और विद्यालय परिवार की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।

# सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने किया कंबल वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)**। रेड क्रॉस सोसाइटी जूनियर विंग, बिहार के कन्वेनर एवं सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सीपीएस कल्याणपुर परिसर में रेड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से 50 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई, जब महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर, व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद सीपीएस कल्याणपुर पहुंचे और डॉ. हरेंद्र सिंह के साथ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए। यह आयोजन सेवा, करुणा और मानवीय संवेदना का जीवंत उदाहरण बन गया।




सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना को साकार करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी निरंतर मानवता की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। आपदा, संकट और कठिन परिस्थितियों में निस्वार्थ सेवा के साथ-साथ समाज को सजग और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से संगठन द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर यह संदेश उभरकर सामने आया कि सच्चा उत्सव वही है, जो समाज के कमजोर वर्ग के जीवन में राहत और मुस्कान ला सके। जब जनप्रतिनिधि और समाजसेवी एक मंच पर आकर कार्य करते हैं, तब सेवा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न रहकर समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि सेवा केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म में अभिव्यक्त होती है। रेड क्रॉस सोसाइटी, सीपीएस ग्रुप और माननीय सांसद द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है।

# सीओ के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगहा**। शनिवार को प्रखंड सभागार में सीओ बगहा दो मोहम्मद वसीम अकरम की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिसमें पटखौली, लौकरिया, नौरंगिया सहित विभिन्न थानों से भूमि विवाद से जुड़े दो दर्जन से अधिक मामले आए। सीओ बगहा दो मोहम्मद वसीम अकरम ने बताया कि जनता दरबार में लौकरिया थाना क्षेत्र के नीतीश नगर,पटखौली के मंगलपुर औसानी व नौरंगिया थाना के बेलहवा मदनपुर से जुड़े लगभग 20 मामले जनता दरबार में आये जिसमें पटखौली थाना क्षेत्र के औसानी निवासी बुधई राम व बेलहवा मदनपुर के सर्वेश महतो के मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष मामलों में थानाध्यक्ष व सीओ के साथ-साथ कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से सुनवाई की गई। एवं मामले में अग्रेत्तर कार्रवाई को लेकर दोनों पक्षों से कागजात की मांग की गई। सीओ ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राप्त कागजात के आधार पर मामले का निष्पादन किया जाएगा।

## एक नजर

### खिलौना गन के साथ दबदबा बनाना पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। कासमा थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव से पुलिस ने एक युवक को खिलौना गन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गौतम कुमार (पिताः मिथलेश यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गौतम ने एक खिलौना गन में लकड़ी की नली लगाकर उसे असली हथियार जैसा रूप दिया और सोशल मीडिया (फेसबुक व व्हाट्सएप) पर फोटो वायरल कर दी। उसका उद्देश्य क्षेत्र में अपना दबदबा बनाना और भय पैदा करना था। सूचना मिलते ही 'डायल 112' की टीम और स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। थानाध्यक्ष अक्षयबार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गौतम के घर छापेमारी की गई, जहाँ से उक्त खिलौना गन बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### प्रहलाद प्रसाद का निधन, विधायक समेत कई दिग्गजों ने जताया शोक

**रफीगंज**। नगर पंचायत की उप मुख्य पार्षद आरती देवी के ससुर एवं पार्षद प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद के पिता प्रहलाद प्रसाद (80 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने शहर के डाकखाना गली स्थित अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही स्थानीय विधायक प्रमोद सिंह, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद, थानाध्यक्ष शंभू कुमार और समाजसेवी शंकर शौंडिक सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक जताने वालों में वार्ड पार्षद राजू मिश्र, नूरुल होदा खान, मंत्री जी, संजय चौरसिया और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

### चंदौली पिपरा में पौष पूर्णिमा पर दिव्य दरबार और भंडारे का आयोजन



**रफीगंज**। कासमा थाना क्षेत्र के कष्ट हरण धाम, चंदौली पिपरा में पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य भंडारा और 'दिव्य दरबार' आयोजित किया गया। यह आयोजन चित्रकूट के जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य गुरु राकेश भारद्वाज के सानिध्य में संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि इस धाम में पंचमुखी हनुमान जी विराजमान हैं और पिछले एक वर्ष से यहाँ हर मंगलवार को बागेश्वर धाम की तर्ज पर दिव्य दरबार लगाया जाता है। इस अवसर पर उड़ीसा के राउरकेला से आई श्रद्धालु प्रीति पाल और स्थानीय श्रद्धालु अंजू देवी ने बताया कि इस दरबार के प्रति उनकी गहरी आस्था है और यहाँ आने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण चिंटू कुमार, चंदन मिश्रा, प्रवीण सिंह, राजू मिश्रा और विक्रम मिश्रा सहित अन्य भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

### गिरधारी प्रसाद गुप्ता महाविद्यालय में संस्थापक की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**हसपुरा**। ईटवां स्थित गिरधारी प्रसाद गुप्ता महाविद्यालय के परिसर में कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय गिरधारी प्रसाद गुप्ता की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य जयकुमार ने की। उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोजपा (R) के प्रदेश सचिव विजय कुमार ने कहा कि गिरधारी बाबू का शिक्षा के प्रति अगाध लगाव था, जिसके कारण उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस महाविद्यालय की स्थापना की। प्रमुख श्रीनिवास सिंह और पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह ने कहा कि गिरधारी बाबू अपनी सरलता और मृदुभाषी स्वभाव के लिए सदैव याद किए जाएंगे। इस मौके पर परीखा सिंह, लक्ष्मण प्रसाद सिंह, रमेंद्र कुमार और गोविंद प्रसाद सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दो शराब कारोबारियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के धिराबीघा गांव में छापेमारी कर दो शराब कारोबारियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने धीराबीघा गांव में पूर्व में शराब कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई की थी जिसमें बबलू मांझी एवं विकास मांझी के घर से शराब बरामद किया गया था। वही ये लोग पुलिस को आता देख फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### आपात स्थिति में रक्तदान कर मो. सद्दाम हुसैन ने पेश की मानवता की मिसाल

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के युवा मानव सेवा के क्षेत्र में लगातार मिसाल कायम कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को हसपुरा बाजार निवासी रक्तवीर योद्धा कमिटी के वरिष्ठ सदस्य मो. सद्दाम हुसैन ने आपातकालीन स्थिति में रक्तदान कर मानवता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कनाप गांव निवासी जयकरण विश्वकर्मा की धर्मपत्नी 60 वर्षीय देवमुनी देवी किडनी संबंधी बीमारी से पीड़ित हैं। चिकित्सकों ने उनके शरीर में हीमोग्लोबिन की गंभीर कमी बताई थी, जिसके बाद तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ी। इस आपात स्थिति में मो. सद्दाम हुसैन आगे आए और बिना किसी संकोच के रक्तदान किया। इससे पूर्व दाउदनगर स्थित एक क्लीनिक में पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी अनंत बावरी भी बिहार आकर रक्तदान कर चुके हैं। रक्तवीर सद्दाम हुसैन ने बताया कि यह उनका 17वां रक्तदान है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना उन्हें आत्मिक संतोष देता है। उन्होंने बताया कि पहली बार उन्होंने पटना में पढ़ाई के दौरान आइडियल आईज प्राइवेट एजुकेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया था, जहां कुल 100 यूनिट रक्त संग्रह हुआ था। इस शिविर में 70 छात्राओं और 30 छात्रों ने भाग लिया था। छात्राओं के उत्साह और बढ़-चढ़कर सहभागिता से प्रेरित होकर उन्होंने भी स्वेच्छा से पहला रक्तदान किया था। मौके पर उपस्थित जयनंदन शर्मा, सतीश शर्मा, दीपक राज, मनीष कुमार, पप्पू यादव, राकेश शर्मा, रवि रंजन, चुन्नू सहित अन्य लोगों ने कहा कि युवाओं द्वारा निस्वार्थ भाव से किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण भी।

### गैर मजरुआ को निजी जमीन बता अभियुक्तों ने की बिक्री

**औरंगाबाद**। जालसाजी और धोखाधड़ी का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। गलत दस्तावेज तैयार कर गैर मजरुआ आम को निजी जमीन बता केवाला के रूप में बिक्री कर दिया। ताजा मामला सिमरा थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर फ्रॉड करने वाले अभियुक्तों की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि जालसाजी और धोखाधड़ी के तहत 5 लाख 11 हज़ार रुपए फ्रॉड का मामला सामने आया है। इस संबंध में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव निवासी बासुदेव यादव ने प्राथमिकी दर्ज करायी है जिसमें बताया कि देव थाना क्षेत्र के केताकी टोले दोस्महा निवासी स्व. रामदेनी रजक के पुत्र आर.पी रजक एवं सिमरा थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव निवासी स्व. नरेश रजक के पुत्र शिवपूजन रजक ने एक बिक्री का जमीन बताया, जो कुटुंबा थाना क्षेत्र के मनसरा में है। उस जमीन पर 10/8 का तीन कमरा बना हुआ है। उस ज़मीन और कमरा की कीमत 5,11,000 रूपये तय हुआ। 25 जनवरी 2019 को 2,50,000 रूपये अग्रीम राशि दिया। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने मुझे विश्वास दिलाया कि यह मकान और जमीन बिल्कुल साफ एवं सही है। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है जबकि बाद में पता चला कि वह जमीन गैर मजरुआ आम है। जानकारी होने पर पैसों की मांग तो अभियुक्त ने पैसे हड़पने की नियत से एससी-एसटी एक्ट में फसाकर जेल भेजवाने की धमकी दी और गाली गलौज किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्तों को जल्द ही पकड़ा जायेगा।

# जहानाबाद में ऑटो के लोकल किराए में वर्षों बाद बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र में चलने वाले ऑटो (टेंपो) के लोकल किराए में कई वर्षों बाद 2 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय शिक्षित बेरोजगार टेंपो चालक संघ (नगर सेवा) द्वारा लिया गया है। बढ़े हुए किराए की सूची जारी कर दी गई है, जो बस स्टैंड, स्टेशन, कचहरी और शहर के प्रमुख मार्गों पर लागू होगी।

संघ द्वारा जारी नए किराए के अनुसार किराए में हुई इस मामूली बढ़ोतरी को लेकर यात्रियों से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में यदि ऑटो किराए में केवल 2 की बढ़ोतरी की गई है, तो यह कोई बड़ी बात नहीं है। यात्रियों ने कहा कि महंगाई को देखते हुए लिया गया यह फैसला उचित है और वे बढ़ा हुआ लोकल किराया देने को तैयार हैं।

ऑटो चालकों ने बताया कि जहानाबाद एक छोटा शहर है और यहां कोई बड़ा औद्योगिक क्षेत्र नहीं है। अधिकतर यात्री आसपास के ग्रामीण इलाकों से आते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए किराए में बहुत अधिक बढ़ोतरी नहीं की गई, बल्कि केवल 2 की मामूली वृद्धि की गई है, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। इस संबंध में वीरेंद्र कुमार दास, टेंपो चालक संघ के जिला सचिव ने कहा कि इस किराया वृद्धि से न तो यात्रियों को कोई परेशानी हो रही है और न ही चालकों को। दोनों पक्ष इस निर्णय से संतुष्ट हैं। अब तक इस बढ़ोतरी को लेकर किसी तरह की शिकायत सामने नहीं आई है। कुल मिलाकर, वर्षों बाद की गई यह सीमित किराया वृद्धि महंगाई के दौर में संतुलित निर्णय मानी जा रही है, जिसे शहरवासियों और ऑटो चालकों दोनों का समर्थन मिल रहा है।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बरामद किए पांच मोबाइल, वास्तविक मालिक को लौटाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गुम हुए पांच मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिको को लौटाया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र से अलग-अलग जगहों से मोबाइल फोन के गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने पांच मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई जिसमें खोया हुआ मोबाइल बरामद कर पुलिस उसके वास्तविक मालिक का पता लगाकर उन्हें वापस करती है। वही अपना खोया हुआ मोबाइल फोन प्रकार लोगों के चेहरे पर खुशी साफ-साफ देखी गई।

# विलंब से बुआई होने पर गेहूं की पैदावार पर संकट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के कुटुंबा प्रखंड में इस वर्ष गेहूं की बुआई निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बता दें कि सामान्यतः 15 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच गो्हूं की बुआई पूरी हो जानी चाहिए थी परंतु इस वर्ष केवल कुछ ही खो्तों से समय पर बुआई हो सकी। वहीं अधिकांश खेंतों में 15 दिसंबर के बाद गेहूं बोया गया हैं जबकि जनवरी माह शुरू हो गई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक के अनुसार देर से बुआई का सीधा असर उत्पादन पर पड़ता है। प्रतिदिन प्रति बीघा लगभग 1० किलो तक उपज घट सकती है। इस आधार पर अभी बोए जा रहे गेहूं के प्रति बीघा करीब तीन क्विंटल तक उत्पादन कम होने की आशंका जताई जा रही है जो किसानों के लिए गंभीर आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। किसान प्रदीप कुमार, जगन साव का कहना है कि खरीफ मौसम के अंत में हुई लगातार और तूफानी बारिश के कारण खो्तों में लंबे समय तक नमी बनी रही जिससे धान की समय पर कटाई नहीं हो सकी और जुताई भी देर से हुई। कृषि मौसम वैज्ञानिक के अनुसार देर से बुआई किए गए गेहूं में रोग और कीट लगने की संभावना अधिक होती है।

# जन स्वराज की समीक्षा बैठक आयोजित, बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद स्थित जन स्वराज कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर रामबली चंद्रवंशी ने की। इस अवसर पर पटना से अमजद हसन विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं जहानाबाद जिले के प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता तथा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. रामबली चंद्रवंशी ने हालिया चुनाव में पार्टी की हार को स्वीकार करते हुए कहा कि जन स्वराज पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई, जिससे पार्टी विपक्ष के रूप में भी प्रभावी भूमिका में नहीं आ सकी। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अपने आप में गंभीर है और इसके पीछे निश्चित रूप से कुछ बड़े कारण रहे होंगे। उन्हीं कारणों के विश्लेषण और आत्ममंथन के लिए यह बैठक बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि इसी तरह की बैठकें आने वाले दिनों में पूरे बिहार में आयोजित की जाएंगी।




प्रो. चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों से जन स्वराज पार्टी लगातार मेहनत कर रही थी। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर आम लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। प्रशांत किशोर ने भी लगातार जनसभाएं कीं, लेकिन इसके बावजूद चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि अब यह समझना जरूरी है कि कहां कमी रह गई और हार का मुख्य कारण क्या रहा, ताकि भविष्य की रणनीति को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि फिलहाल खरमास का महीना होने के कारण यह समय राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज से अनुकूल नहीं माना जाता, लेकिन इसके बावजूद नए साल की शुरुआत में ही समीक्षा बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। इन बैठकों में विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा की जाएगी। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए प्रो. रामबली चंद्रवंशी ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष न होकर एक विशेष पार्टी के पक्ष में काम करता नजर आया। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहा था, जिसके कारण चुनाव में गड़बड़ियां हुईं। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि महिलाओं को 10 हजार रुपये देने जैसी योजनाओं के माध्यम से वोट खरीदने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि चुनाव जीतने के लिए जीविका दीदियों का इस्तेमाल किया गया और उनके साथ धोखा हुआ।

प्रो. चंद्रवंशी ने कहा कि एनडीए ने 202 सीटों पर जीत दर्ज की और इसकी खुशी उन्होंने पहले ही मना ली थी, क्योंकि चुनाव आयोग का गठन और सीटों का समीकरण पहले से ही तय कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि जन स्वराज समेत अन्य दलों ने भी चुनाव को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं और आवेदन दिए हैं, लेकिन चूंकि पूरी सरकारी व्यवस्था सत्ता पक्ष के हाथ में है, इसलिए आशंका है कि उनकी बातों को गंभीरता से नहीं सुना जाएगा। अंत में उन्होंने कहा कि जन स्वराज पार्टी आगे भी गरीबों, वंचितों और आम जनता की समस्याओं को उठाती रहेगी। पार्टी के कार्यकर्ता लगातार लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानने और उनके हक की लड़ाई लड़ने का काम करते रहेंगे।

# मॉक ड्रिल से लोगों को सिखाए आग से बचाव के उपाय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखण्ड अग्निशमालय द्वारा एमटी वाहन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आम आग, एलपीजी सिलेंडर/चूल्हे से लगने वाली आग, झुग्गी-झोपड़ी में आग लगने की घटनाएं तथा बिजली के शॉर्ट सर्किट से उत्पन्न आग से बचाव के उपायों की जानकारी लोगों को दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने लोगों को आपात स्थिति में घबराने के बजाय सही कदम उठाने की सलाह दी और आपातकालीन नंबर 101 व 112 की महत्ता बताते हुए पंपलेट का वितरण किया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चरकावा पचार के वार्ड संख्या 15, 10, 13, 6 एवं कासमा रोड वार्ड संख्या 16 में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें आग लगने की स्थिति में त्वरित बचाव और नियंत्रण की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से दिखाया गया। मॉक ड्रिल को देखकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर अग्नि चालक नीरज पासवान, अग्निक सौरव कुमार एवं अग्निक अमीषा कुमारी उपस्थित रहे। अग्निशमन टीम के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

# अहियापुर में सफ़दर हाशमी और सावित्रीबाई फुले के विचारों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अहियापुर के सभागार में जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के तत्वावधान में "सफ़दर हाशमी और सावित्रीबाई फुले के प्रतिरोध का स्वर" विषय पर एक विचारोत्तेजक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंबुज कुमार ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी ने किया। सेमिनार की शुरुआत सावित्रीबाई फुले और सफ़दर हाशमी के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। छात्राओं सुप्रिया, रेणु, साक्षी एवं अनुज्ञा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विषय प्रवेश डॉ. राजेश कुमार विचारक ने करते हुए प्रतिरोध की ऐतिहासिक और सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला।




मुख्य वक्ता के रूप में जलेस औरंगाबाद के जिला सचिव एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि सावित्रीबाई फुले और सफ़दर हाशमी ने अपने जीवन और कर्म से यह सिद्ध किया कि समाज के अंधकार को चीरने का सबसे सशक्त माध्यम प्रतिरोध है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अंधविश्वास, रूढ़िवाद, ऊंच-नीच और विधवा उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष कर शिक्षा की मशाल जलाई, जबकि सफ़दर हाशमी ने गरीबों और मज़लूमों की आवाज़ को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सत्ता के दरबार तक पहुंचाया। जलेस के जिला उपाध्यक्ष श्री मंडल ने कहा कि जो लोग समाज में प्रतिरोध का साहस रखते हैं, वे केवल अपने समय के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीते हैं। शिक्षक गोपेन्द्र कुमार सिन्हा गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी व्यवस्था जब अपनी जड़ें जमा लेती है, तो उसे बदलने के लिए प्रतिरोध अपरिहार्य हो जाता है, और सावित्रीबाई फुले तथा सफ़दर हाशमी इसी संघर्ष के प्रतीक हैं। सेमिनार में शमशाद आलम, समुन्दर सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, सनाद्दुल्लाह रिज़वी, श्रीकांत प्रसाद, सुधीर सत्यम, श्रीकांत कुमार वर्मा, सुधीर कुमार एवं मनोज कुमार ने भी अपने विचार रखे और दोनों महापुरुषों के वैचारिक प्रतिरोध को आज के सामाजिक संदर्भ में प्रासंगिक बताया।

# लोक अभियोजक ने जिला पदाधिकारी से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शनिवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने नये जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर लोक अभियोजक द्वारा जिला पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। मुलाकात के दौरान जिला पदाधिकारी ने न्यायिक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अभियोजन पक्ष से अधिक से अधिक सहयोग की अपेक्षा जताई। इस पर उपस्थित सभी सरकारी अधिवक्ताओं ने न्यायालय के कार्यों में भरपूर सहयोग देने तथा लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन के लिए यथासंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।



साथ ही अभियोजन की बैठकों में नियमित रूप से उपस्थित रहने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इस अवसर पर जीपी वृजा प्रसाद, विशेष लोक अभियोजक शिवलाल मेहता, परवेज अख्तर, शक्ति कुमार सहित बड़ी संख्या में अपर लोक अभियोजक उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अभियोजन की सक्रिय भूमिका से न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# किसानों ने सहकारिता मंत्री से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

ओबरा (औरंगाबाद)। ओबरा प्रखंड के महुआंव पंचायत के किसानों ने धान अधिप्राप्ति में आ रही समस्याओं को लेकर सहकारिता मंत्री से मुलाकात कर आवेदन सौंपा। किसानों शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सतीश कुमार और मनोज कुमार ने आवेदन के माध्यम से बताया कि सरकारी खरीद की व्यवस्था सुचारु नहीं होने के कारण किसानों को मजबूरी में धान व्यापारियों और बिचौलियों के हाथ बेचना पड़ रहा है। किसानों ने मंत्री को अवगत कराया कि महुआंव पैक्स डिफाल्टर घोषित है, जिसके कारण पंचायत में धान की अधिप्राप्ति नहीं हो पा रही है। इस स्थिति में किसान अपने धान को औने-पौने दाम पर बेचने को विवश हैं और बिचौलियों के चंगुल से बच नहीं पा रहे हैं। आवेदन में यह भी कहा गया कि स्थानीय प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी द्वारा महुआंव पंचायत को लगभग 12 किलोमीटर दूर सरसैली पंचायत के पैक्स से टैग कर दिया गया है। दूरी अधिक होने के कारण किसानों के लिए वहां धान ले जाना व्यावहारिक नहीं है, जिससे अधिप्राप्ति प्रभावित हो रही है। किसानों का आरोप है कि बगल के पैक्स से टैगिंग नहीं कराई गई है और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी की उदासीनता के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। किसानों ने बताया कि सरकारी दर पर धान की खरीद नहीं होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि महुआंव पंचायत को बगल के ओबरा पंचायत के पैक्स से टैग किया जाए, ताकि किसानों को धान की अधिप्राप्ति का लाभ मिल सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए किसान शैलेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सहकारिता मंत्री को आवेदन के माध्यम से पूरी स्थिति से अवगत कराया गया है। मंत्री की ओर से समस्या के समाधान को लेकर संतोषजनक आश्वासन दिया गया है।




# हादसे को दावत दे रहा बिना तार वाला बिजली का पोल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शहर के धर्मशाला मोड स्थित गणेश मंदिर के समीप पुरानी जीटी रोड पर लगा बिना तार वाला बिजली का पोल राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। सड़क के ठीक बीचों-बीच खड़ा यह पोल आए दिन दुर्घटना को दावत दे रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले इस पोल से बिजली के तार जुड़े थे, लेकिन लाइन हटने के बाद पोल को नहीं हटाया गया। रात के समय और बारिश या कोहरे में यह पोल साफ नजर नहीं आता, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन इसके काफी करीब से गुजरते हैं। कई बार वाहन अनियंत्रित होकर पोल से टकराते-टकराते बचे हैं। इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित बिजली विभाग और प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। यदि समय रहते इस पोल को हटाया नहीं किया गया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि सड़क पर आवागमन सुरक्षित हो सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। गौरतलब है कि बिजली विभाग ने शहर में नए पोल लगाकर उसमें कवर वाले हाईटेंशन तार खींच दिए हैं। वहीं पुराने पोल से तार को तो हटा दिया गया है लेकिन पोल शहर में विभिन्न जगहों पर बीच सड़क पर ही है जिससे लगातार सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है।



# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर शिक्षा के प्रति जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा स्थित सुंदरी देवी एवं प्रधानाध्यापक शालिग्राम यादव मेमोरियल शैक्षणिक पिछड़ापन मोटिवेशनल संस्थान, हेलिकॉप्टर हाउस अतरौली में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता अजीत कुमार के नेतृत्व में नारी शिक्षा की अग्रदूत, महान समाज सुधारक और भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती पर शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर दलित एवं वंचित वर्ग के लोगों से संवाद करते हुए अजीत कुमार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने प्रतिकूल परिस्थितियों में शिक्षा की रोशनी फैलाने का जो प्रयास किया, उसका प्रभाव आज भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच सका है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए सामाजिक प्रतिकूलताओं के बीच विशेष रूप से महिला शिक्षा के लिए जीवन भर संघर्ष किया। समानता, सम्मान और स्वाभिमान के लिए उनका संघर्ष आज भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि सावित्रीबाई फुले को अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ महिला शिक्षा के प्रसार, मानवीय संवेदना के विस्तार और रूढ़िवादी मान्यताओं के खिलाफ आवाज उठाने के दौरान अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रोफेसर सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने विधवा पुनर्विवाह और समाज में व्याप्त छुआछूत जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी जीवन पर्यंत सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयास किए। रंजीत कुमार ने कहा कि आज भी समाज में कई अनुसूचित, दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग ऐसे हैं, जो शिक्षा के महत्व को नहीं समझ पाए हैं और अभी भी शिक्षा एवं ज्ञान के माध्यम से मुख्यधारा से नहीं जुड़ सके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से दलित और वंचित टोले एवं मोहल्लों में टोला सेवक और तालीम मरकज की नियुक्ति की गई है तथा शैक्षणिक जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ पा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष शिक्षा बजट में वृद्धि कर रही है, लेकिन इसका सम्मानजनक प्रभाव तभी दिखेगा जब समाज के प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी वर्ग अपने-अपने गांव, टोले और मोहल्लों में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक और प्रेरित करने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# परिमार्जन प्लस पोर्टल पर लंबित आवेदनों के ससमय निष्पादन के निर्देश

## डीएम ने की सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के शनिवार को जिला प्रशासन बलिया प्रखंड कार्यालय पहुची। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा शनिवार को निरीक्षण एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचईडी, कल्याण, पशुपालन, पंचायती राज विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए परिमार्जन पोर्टल पर लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर चिकित्सकों की प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा हाई स्कूल बलिया अथवा सदानंदपुर हाई स्कूल को मडल विद्यालय बनाने की बात कही गई जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा इसकी विस्तृत समीक्षा कर अन्य विकल्प देखते हुए यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। नल-जल की समीक्षा करते हुए तकनीकी कारणों से बंद पड़े नल-जल योजना को यथाशीघ्र चालू करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को सभी थाना से समन्वय कर एससी-एसटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कराने का निर्देश दिया। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने मोबाईल वैन की प्रतिदिन भ्रमण का मनिटरिंग करने का निर्देश प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को दिया। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की एवं उनकी समस्याओं को सुना। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने पंचायत से संबंधित समस्याओं को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा गया, जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा आम लोगों के साथ जनसुनवाई की गई जहां आम लोगों द्वारा राशन कार्ड, भूमि सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने त्वक्षण संबंधित पदाधिकारी को उपरोक्त आवेदन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय पार्ट-3 से संबंधित सभी बिन्दुओं को विस्तृत रूप से सभी जनप्रतिनिधियों को बताया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये समस्याओं को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बलिया, अंचल अधिकारी बलिया सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पीएचसी में सीएचओ एवं एएनएम की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एपीएचसी तथा एचएससी में पदस्थापित एएनएम की बैठक पीएचसी नावकोठी में शनिवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत टीकाकरण हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए लक्ष्य प्राप्त करने की प्रत्येक एएनएम की जबाबदेही है। टेलीमेडिसीन, जननी बाल सुरक्षा, गैर संचारी रोग, परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी, बंध्याकरण, टीकाकरण, यूविन पोर्टल आदि की समीक्षा की गई। टीकाकरण कार्यक्रम की उपलब्धि कम रहने पर असंतोष जाहिर की गई। इसमें वृद्धि लाने का निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोताही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य उपकेंद्र के कार्य का बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, सीएचओ सुमानी, जूली, प्रियदर्शनी, रवि कुमार, राजा, भारती कुमारी आदि थे।

## एक नजर

### विशेषज्ञ शिक्षकों से बच्चे होंगे प्रशिक्षित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर मेहदौली में शनिवार को क्लास 1 से 3 तक के नामित शिक्षकों को अकादमिक अनुसमर्थन विषय विशेषज्ञ शिक्षक के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक कृष्ण कुमार व समन्वयक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बेहतर शिक्षण पद्धति नई तकनीकों व शैक्षणिक सामग्री के उपयोग में मदद करती है ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सके। कार्यशाला में शिक्षकों को वर्ग शिक्षण में आने वाली समस्याओं व कठिन बिंदुओं पर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा समाधान बताया गया। साथ ही वर्ग कक्ष में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी शिक्षकों को मासिक कार्य योजना बनाने को कहा गया। मौके पर अजनीश, शानू, श्वेता, संगीता, मीरा, सुमन, तहसीन, बिंदिया, राधा, ज्योति, बेबी, सुभद्रा, कविता, ज्योति आदि मौजूद थे।

### युवक का शव बरामद

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना क्षेत्र के बथोली पंचायत के वार्ड 4 स्थित बहियार में पेड से लटका युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक के गले में चादर का फंदा लगा हुआ था। इसकी सूचना मुखिया प्रतिनिधि शंभू सिंह के द्वारा बरौनी थाना को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद बरौनी थाना अध्यक्ष विकास कुमार रंजन शस्त्र बल के साथ वहां पहुंच कर शव को बरामद किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई। पहुंचकर पेड़ से लटकी करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवक कि लाश बरामद की। तत्पश्चात् पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु बेगूसराय भेज दिया। मौके पर प्रतिनिधि पंचायत समिति उपेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शंभू सिंह, राजद नेता उमेश यादव आदि उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार के विरूद्ध खेमयू करेगी प्रदर्शन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनरेगा का नाम बदलने और किसानों, मजदूरों के हितों के साथ केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीति के खिलाफ सहित विभिन्न मांगों को लेकर बिहार खेतिहर मजदूर यूनियन प्रखंड कार्यालय के समक्ष 7 जनवरी को धरना प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी बिहार खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला सचिव रामभजन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन की सफलता के लिए गांव गांव में जन्मसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

### जनता दरबार में तीन मामले निष्पादित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए जमीनी विवाद को लेकर वीरपुर अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पूर्व का तीन और एक नए मामलों के साथ कुल चार मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें से आपसी समझौते के आधार पर तीन मामलों को निष्पादित किया गया। शेष बचे एक मामलों को लेकर दोनों पक्षों को अगले तिथि में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।मौके पर अंचल कर्मी व पुलिस पदाधिकारी के साथ फरियादी मौजूद थे।

### दो नशेड़ी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बभनगामा गांव से शनिवार को दो नशेड़ी को वीरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगूसराय न्यायालय भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना सनहा संख्या 81/26 के नशेड़ी जिसका पहचान बभनगामा गांव निवासी बम बम सिंह के पुत्र शिवम कुमार उर्फ बिहारी एवं सुजीत कुमार सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है।

### 35 वर्षीय मजदूर की पुणे में मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा पश्चिम के एक मजदूर की मौत पूणे में शुक्रवार की रात रेल हादसा में हो गयी। वह स्व सच्चिदानन्द सिंह उर्फ सोचो का लगभग 35 वर्षीय पुत्र बताया गया। घटना की सूचना उसके संबंधी ने मुरारी कुमार के परिजनों को दूरभाष पर देर रात दी। घटना के संबंध में बताया गया कि वह वहां ड्राइवर का कार्य किसी कंपनी में करता था। काम समाप्ति के बाद वह अपने डेरा लौट रहा था। इसी दौरान घने कुहासे के कारण रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक मुरारी कुमार स्वर्गीय सच्चिदानंद उर्फ सोचो के दो पुत्रों में वह बड़ा था। छोटा भाई राजा बाबू गांव में रहकर गाय पालन एवं खेती-बाड़ी का काम करता है। मुरारी कुमार परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, जिसके असामयिक निधन से पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट में आ गया है। मौत की खबर से पहसारा में मातमी सन्नाटा छा गया है।

# अगवा किशोर को पुलिस ने किया बरामद

## लोगों ने की कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी गांव से फिरौती के लिए अगवा किशोर को पुलिस ने शनिवार को सकुशल बरामद कर लिया।शनिवार को रंगदारी की मांग को लेकर बदमाशों ने एक 10 वर्षीय किशोर का अपहरण कर लिया। हालांकि पुलिस की तत्परता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से किशोर को सकुशल बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की दोपहर स्कूल से लौटने के दौरान बदमाशों ने रामदीरी निवासी पंकज पासवान के पुत्र दीपक कुमार का अपहरण कर लिया। बताया जा रहा है कि पंकज पासवान गुजरात में रहते हैं और कुछ दिन पहले ही बदमाशों ने उन्हें फोन कर 5 लाख रंगदारी की मांग की थी। परिजनों ने इसे मजाक समझकर नजरअंदाज कर दिया। लेकिन बाद में बदमाशों ने अपहरण की घटना को अंजाम दे दिया। किशोर के अपहरण की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मटिहानी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात के समय दियारा क्षेत्र से किशोर को सकुशल बरामद कर लिया। किशोर की बरामद्गी के बाद शनिवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मटिहानी थाना पहुंचे और बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर थाना का घेराव किया। परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते अपराधियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसी घटनाएं आगे भी दोहराई जा सकती हैं। फिलहाल मटिहानी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में जिले में एक मोबाइल व्यवसायी युवक के अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी, जिसका शव एक सप्ताह बाद बूढ़ी गंडक नदी से चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र में बरामद हुआ था। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने बेगूसराय की विधि-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नववर्ष पर कर्मियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत के उत्सव हाल नावकोठी में नववर्ष पर सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला मुखिया संघ के महासचिव सह स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार उर्फ बिट्टू तथा संचालन अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक इन्द्र देव महतो ने किया। उन्होंने कहा कि आज मेरे लिए गौरव का क्षण है कि पंचायत के लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के कलमकार, स्वच्छता कर्मी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता, जीविका कर्मी, आवास सहायक, किसान सलाहकार, बिजली कर्मी, जनवितरण प्रणाली के विक्रेता से लेकर प्रधानाध्यापक तक को एक मंच पर सम्मानित कर रहा हूँ। ये सभी पंचायत के सकारात्मक विकास में अहम भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। आंगनबाड़ी सेविका नौनिहालों को स्कूली पूर्व शिक्षा प्रदान करती है तो आशा कार्यकर्ता नौनिहालों, गर्भवतियों का संपूर्ण टीकाकरण कराकर स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम योगदान देती है। जीविका कर्मी महिलाओं का समूह निर्माण कर आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। प्रधानाध्यापक अपने मार्गदर्शन में अनगढ बच्चों को गढकर स्वर्णिम भारत के निर्माण में नींव को मजबूत बनाने की दिशा में अहर्निश लगे रहते हैं। इन सभी का पंचायत के चहुमुखी विकास में किये गए कार्य मील का पत्थर साबित हो रहा हैघ्। पिछले चार वर्षों में पंचायत के विकास में किए गए कार्य की चर्चा करते हुए आगामी एक वर्ष में किए जाने वाले कार्य की भी चर्चा की। इस अवसर पर सभी को अंग वस्त्र से सम्मानित कर आयोजित भोज में सभी जनप्रतिनिधि, स्वच्छता कर्मी सहित अन्य कर्मी, गणमान्य ने एक साथ आनंद लिया। इससे ऊंच, नीच की भ्रांति समाप्त होकर समरसता का संदेश दिया। समारोह में प्रधानाध्यापक गणेश झा, राजेश कुमार, विभाकर कुमार, जिप प्रतिनिधि डा राजेन्द्र शर्मा, शकील अहमद बेग, प्रो हरेराम सिंह, रामानुज चौधरी, मो सलमान आदि ने अपने विचार का बखान दिए।

# होटल मोर्या के एक्जक्यूटिव डायरेक्टर की मां की मनी पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** जय मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट, बड़हरा के परिसर में मिल्की व घोड़ादेई गांव निवासी स्व सोनाझरी देवी की पहली पुण्य तिथि मनाई गई। जहां स्व ललन सिंह की पत्नी व जय मां काली बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सह होटल मोर्या पटना के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बीडी सिंह की मां सोनाझरी देवी का स्टैच्यू है। उनके स्टैच्यू पर सैकड़ो गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि दिवगंत सोनाझरी देवी धर्मपरायण, समाजसेवी, गरीबों के रक्षक, असहायों की 24 घंटे सेवा में तत्पर रहने वाली मां सीता की तरह अपने बच्चों एवं परिवार को एकता के सूत्र में बांधा। अपना संस्कार, व्यवहार, आचरण, संस्कार देने वाली देवी की प्रतिमूर्ति स्व सोनाझरी थी। आज मंदिर के म्यूजियम में स्थापित मूर्ति को पुष्पांजलि देकर ग्रामवासी, क्षेत्रवासी, जिलेवासी अपने को गौरान्वित महसुस कर रहे है। इस मौके पर उनके पुत्र बीडी सिंह, मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, मुख्य सलाहकार डॉ लक्ष्मण तिवारी, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, सह मुख्य संरक्षक रविशंकर सिंह, प्रशासक कंचन कुमार, जितेंद्र सिंह, पर्यवेक्षक राजेश सिंह, मुख्य पुजारी विष्णु उपाध्याय, पुजारी पप्पू बाबा, विशंभर बाबा, प्रशांत बाबा, धर्मेंद्र राय, उपेंद्र राय, शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह, तपित सिंह, ऋषिकेश सिंह, सुरेश प्रसाद, सचिव सतेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मुख्य सलाहकार विजय कुमार सिंह, रामकुमार सिंह, मुखिया रितेश कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# राजकीय सम्मान के साथ ललित बाबू की मनी पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी प्रखण्ड के सिमरिया धाम में शनिवार को भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री स्वर्गीय पंडित ललित नारायण मिश्र की 51वीं पुण्यतिथि राजकीय समारोह के साथ मनाया गया। बरौनी प्रखण्ड स्थित उनके स्मारक स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित इस राजकीय समारोह में जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक मनीष, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वर्गीय पंडित ललित नारायण मिश्र की पुण्यतिथि पर राजकीय समारोह आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती रही है।

# मिथिला के सच्चे सपूत, प्रसिद्ध शिक्षाविद् व सबके चहेते राजनीतिज्ञ थे प्रो नीलांबर चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** सीएम साइंस कॉलेज के लोकप्रिय शिक्षक रहे प्रो नीलाम्बर चौधरी मिथिला के सच्चे सपूत, प्रसिद्ध शिक्षाविद् व सबके चहेते राजनीतिज्ञ थे। यह बात सी. एम. कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने शनिवार को सीएम साइंस कॉलेज में महाविद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक सह पूर्व विधान पार्षद प्रो नीलाम्बर चौधरी की 92वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'प्रो नीलाम्बर चौधरी: व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार रखते हुए कही। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलानुशासक प्रो. श्रीपति त्रिपाठी ने अपने संबोधन में प्रो नीलाम्बर चौधरी को सिद्धांतनिष्ठ व्यक्तित्व का बेहतर उदाहरण बताते कहा कि उन्होंने सदैव सिद्धांतों के आधार पर निर्णय लिए और व्यक्तिगत लाभ-हानि की चिंता किए बिना समाज एवं शैक्षणिक जगत की सेवा में स्वयं को समर्पित रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो संजीव कुमार मिश्र ने प्रो नीलाम्बर चौधरी की शैक्षणिक विरासत को महाविद्यालय परिवार के लिए अमूल्य प्रेरणा का स्रोत बताया। पीजी रसायन विभाग के अध्यक्ष डॉ विश्वदीपक त्रिपाठी के संचालन में आयोजित जयंती समारोह में अतिथियों का स्वागत भौतिकी विभागाध्यक्ष सह बर्सर डॉ उमेश कुमार दास ने किया। मौके पर अतिथियों सहित महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने प्रो नीलाम्बर चौधरी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ निधि झा ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# महासंघ गोपगुट की प्रखंड इकाई का गठन, वीरेंद्र सिंह बने अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट प्रखंड उदवंतनगर भोजपुर का सम्मेलन व कमिटी का गठन की शुरुआत झंडोत्तोलन और शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में अंचल, प्रखंड समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित हुए। महासंघ भोजपुर के जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारी विरोधों नीतियों पर प्रकाश डाला। जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने जिलास्तर के समस्या और राज्य स्तर के जटिल लंबित मामलों के साथ-साथ पुराना पेंशन, स्थाई नियुक्ति, राज्य स्तरीय प्रोन्नति पर विस्तार से चर्चा की। उमा शंकर साहू, विनोद कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुमन कुमारी, धनजी राम, संजू कुमारी, तारकेश्वर राम, मुन्ना कुमार, राजकुमार, संदीप, रवि सहित अन्य कर्मियों ने सम्मेलन को संबोधित किया। चुनाव पदाधिकारी रामानंद सिंह, सुमन जी, रमेश कुमार यादव के देख रेख में 11 सदस्यों का सर्वसम्मति से प्रखंड इकाई का चुनाव किया गया। जिसमे अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सचिव उमा शंकर साहू, कोषाध्यक्ष रवि केश हिमांशु का चयन हुआ। वही मुन्ना, संजू, सुमन कुमारी, विनोद, धन जी राम, विजय, तारकेश्वर, संदीप, विनय कुमार को पदाधिकारी निर्वाचित किया गया।

# समारोह आयोजित कर मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की बेलखुंडा पंचायत के जशत गांव में शनिवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिता, अशोक महतो, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, राजद नेता रामबालक यादव, विश्वनाथ यादव सहित अन्य ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। विधायक ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किया। उन्होंने 1848 में लड़कियों के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने स्त्री शिक्षा के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया। स्त्री शिक्षा के साथ ही उन्होंने समाजोत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह की वकालत की। उन्होंने विधवाओं के लिए आश्रम की भी स्थापना की। इस बीच अशोक महतो, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, रामबालक यादव, डॉ. सौरव सुमन आदि ने भी सावित्रीबाई फुले की देनों पर चर्चा की। समारोह की अध्यक्षता राजद नेता डॉ. परमेश्वर मंडल ने की। मंच संचालन विश्वनाथ यादव ने किया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, पूर्व मुखिया विजय यादव, राजद नेता राजेन्द्र पासवान, ढोढा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चन्द्रमा यादव, जयराम यादव, मुखिया रामरूप यादव, फोशन यादव, चंद्रिका यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# मैथिली अकादमी के पूर्ववत स्वायत्त क्रियान्वयन के लिए विद्यापति सेवा संस्थान ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार प्रदेश के एकमात्र संवैधानिक भाषा मैथिली के संरक्षण और संवर्धन के लिए गठित मैथिली अकादमी के स्वायत्त अस्तित्व में पूर्ववत क्रियान्वयन की मांग को लेकर विद्यापति सेवा संस्थान ने शनिवार को दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रो अयोध्या नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित धरना प्रदर्शन में विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू, मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं कमलाकांत झा, मणिकांत झा, समाज सेवी विनोद मिश्र, बैद्यनाथ यादव, प्रो उदय शंकर मिश्र, हरिश्चंद्र हरित, प्रो चंद्रशेखर झा बूढ़ा भाई, डॉ राम शुभग चौधरी, परमानंद झा, डॉ गणेश कांत झा, श्याम किशोर राम, डॉ महानंद ठाकुर, देवेंद्र चौधरी, राम लला चौधरी, पंकज कुमार ठाकुर, दीपक कुमार झा, संतोष कुमार झा आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। धरना को संबोधित करते हुए संस्थान के महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि बिहार में मैथिली भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति को संरक्षण संवर्द्धन देने के उद्देश्य से वर्ष 1976 में स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था के रूप में मैथिली अकादमी की स्थापना की गई थी। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं और पुस्तकों के प्रकाशन सहित अनेक महत्वपूर्ण साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को अंजाम देना था। लेकिन, आज यह अकादमी प्रशासनिक उदासीनता और कर्मचारियों के भारी अभाव के कारण बंद पड़ा है और उसके भवन में ताला लटका होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक स्थिति है। मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं कमला कांत झा ने बताया कि मैथिली अकादमी अपने स्थापना काल से ही ना केवल बिहार, बल्कि संपूर्ण देश भर में मैथिली भाषा के शोध, प्रकाशन और साहित्यिक गतिविधि का एक प्रमुख केंद्र रहता आया है। अकादमी द्वारा अद्यतन करीब 213 महत्वपूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन किया गया है, जिसमें से करीब नौ कृति साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित है। अकादमी से प्रकाशित पुस्तकें बिहार सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने के साथ ही यूपीएससी और बीपीएससी सहित अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। ऐसी स्थिति में अकादमी के कर्मचारियों को अन्य संस्थान में प्रतिनियुक्त किए जाने और स्थायी नियुक्ति के अभाव में अकादमी को बंद करने का टोटा खड़ा करना संपूर्ण मिथिला समाज और संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल मैथिली भाषा के लिए अपमानजनक है। अध्यक्षता करते हुए प्रो अयोध्या नाथ झा ने कहा कि करोड़ों शोधार्थी, विद्यार्थी और साहित्यकारों को उनके भविष्य के ऊपर मंडरा रहे खतरा के बादल से बचाने एवं शासन-प्रशासन के स्तर पर मैथिली के विरूद्ध उठाए जा रहे आत्मघाती कदम के विरोध में विद्यापति सेवा संस्थान एवं अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है।

# धान खरीद में 30 प्रतिशत लक्ष्य की कटौती होने से किसानों की बढ़ी परेशानी

## 28 फरवरी तक होनी है धान की खरीद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के 30% लक्ष्य को कम किए जाने एवं पैक्सों द्वारा कम कीमत पर धान खरीदे जाने से किसानों में भारी नाराजगी है। मसौढ़ी अनुमंडल में धान की बंपर पैदावार होने के बावजूद अधिप्राप्ति के लक्ष्य में की गई भारी कटौती ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों का आरोप है कि धान की उपज मामले में मसौढ़ी अनुमंडल आगे रहा है, लेकिन सरकार हर वर्ष धान खरीद का लक्ष्य घटा दे रही है जिसे किसान परेशान हो रहे हैं। मसौढ़ी प्रखंड के बारा पंचायत के किसानों का कहना है कि सरकार हर वर्ष धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य घटाकर किसानों को लूट रही है। किसान अपनी उपज को पैक्स में देना चाहते हैं, लेकिन पैक्स अध्यक्ष किसानों से धान की खरीद नहीं कर रहे है। जिससे किसान अपनी उपज को कम कीमत पर व्यापारियों व बिचौलियों को बेचने के लिए बाध्य हैं। काफी परेशानी एवं मेहनत से किसान फसल उपजाते हैं, लेकिन अब उन्हें औने-पौने दाम पर फसल बेचना पड़ रहा है। वहीं एक अन्य किसान ने बताया कि सरकार ने पैक्स द्वारा धान खरीद के लिए 2379 रुपए का दर निर्धारित किया है, लेकिन सभी पैक्स कम कीमत पर धान की खरीद कर रहे हैं। जिससे प्रति क्विंटल भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बहरहाल आपको बता दें कि मसौढ़ी प्रखंड में 60888.28 टन उत्पादन हुआ है। जिसके एवज में 11447.00 लक्ष्य रखा गया है। वही धनरूआ प्रखंड की बात करें तो 63760.09 टन का उत्पादन हुआ है। वहीं इसके एवज में 11986.90 का लक्ष्य रखा गया है एवं पुनपुन प्रखंड की बात करे तो 31703.7 टन का उत्पादन हुआ है जबकि 5960.30 का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में विभिन्न प्रखंडों में हो रहे धान के उपज के विरुद्ध लक्ष्य का आंकड़ा बहुत ही कम है। जिसके कारण किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान कम कीमत पर व्यापारियों व बिचौलियों को अपनी फसल बेचने के लिए बाध्य है। बता दें कि पिछले वर्ष मसौढ़ी प्रखंड में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 1 लाख 62 हजार क्विंटल था, लेकिन इस बार घटाकर एक लाख 14 हजार क्वींटल कर दिया गया है, जिससे किसानों के समक्ष संकट पैदा हो गया है। धान अधिप्राप्ति को लेकर सहकारिता मंत्री डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि पूरे बिहार में धान की अच्छी उपज होती हैं लेकिन किसानों को परंपरागत तरीके से धान और गेहूं छोड़कर अन्य क्षेत्र में भी कदम बढ़ाने होंगे। ऐसे में एक सरकार की एक लिमिट है जिसके तहत पैक्सवार धान की खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पैक्स किसानों की उपज लेने में आना-कानी करते हैं, तो इसके समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है और शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर किसान अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। धान.अधिप्राप्ति की अंतिम तिथि 28 फरवरी है।

# सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाई के साथ सीखेंगे संगीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## वाद्य यंत्र कराया गया उपलब्ध



**मसौढ़ी।** सरकारी स्कूलों में रिकॉर्डेड गाने पर चेतना सत्र का आयोजन नहीं होगा, बल्कि बच्चे अब खुद वाद्य यंत्र बजाते हुए चेतना सत्र में शामिल होंगे। दरअसल वाद्य यंत्र बजाने और गाना गाने में बच्चे दक्ष बने इसके लिए मसौढ़ी के सभी प्राईमरी, मिडिल एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों में म्यूजिक डेस्क बनाया जाएगा। इसके तहत स्कूलों में हारमोनियम, तबला, झाल, करताल आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों को गाना गाने सहित इन वाद्य यंत्रों को बचाने के लिए संगीत के शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार इसमें उन लड़के और लड़कियों को शामिल किया जाएगा, जिनमें गाना गाने में दिलचस्पी होगी। लड़कियों को संगीत की शिक्षा देने पर विशेष जोड़ दिया जाएगा। गाने-गाने के अलावा तबाला, हारमोनियम, झाल, करताल की कला भी सिखाया जाएगा। गाने में छठ जैसे पारंपरिक गाने सहित बिहारी लोक गीत पर ज्यादा जोड़ दिया जाएगा। स्कूलों को वाद्य यंत्र खरीदने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम मे मसौढ़ी के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय में मसौढ़ी के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निगरानी मे वितरण किया गया। प्रत्येक विद्यालय को एक-एक म्यूजिक सिस्टम, तबला, नाल, कैसियो यंत्र, टफली, झाल, मंजिरा, वासुरी धुधरु सेट दिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीकुमार, लेखा सहायक प्रमोद कुमार, खुशबू कुमारी, रंधीर कुमार, मनोज कुमार सहीत सभी विद्यालय प्रधान उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास मामले में चार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पिपरा थाने के पुलिस ने पारथु गांव से हत्या के प्रयास मामले में चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दरअसल बताया जाता है कि पारथु गांव के रंजन कुमार ने अपने ऊपर जानलेवा हमला लाठी डंडे से पीट कर हत्या का प्रयास करने मामले में चार लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी, थानाध्यक्ष ने बताया कि पिपरा थाना कांड संख्या 01/26 में हत्या के प्रयास में चार अभियुक्त 1. सूरज कुमार पे नंदू पासवान 2. मुन्ना कुमार उर्फ भूरा पे सुशील पासवान 3. उज्वल कुमार पे सहेन्दर पासवान 4. आदित्य कुमार उर्फ बैला पे राजकुमार सभी ग्राम पारथु थाना पिपरा को गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई की जा रही है।

# बुलडोजर राज के खिलाफ होगा धरना प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भाकपा माले धनरूआ प्रखंड कमेटी की एकदिवसीय बैठक महमदपुर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव अक्लू पासवान ने की, जिसमें सदस्यता भर्ती नवीकरण पत्रिका के ग्राहक बनाने और बुथ पर आए वोटो की जांच पड़ताल करने सहित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत 5-6 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन की तैयारी के संदर्भ में बुलडोजर राज के खिलाफ मनरेगा और चार श्रम कोड को रद्द करने की मांग पर चर्चा हुई। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य सह पटना जिला सचिव कामरेड अमर ने कहा कि जिला के सभी प्रखंडों में गरीबों की झोपड़ियां फुटपाथ दुकानदारों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं जबकि भू माफियाओं के ऊपर एनडीए की सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए उन्हें उजाडा जा रहा है। पर्चाधारियों को भी हटाया जा रहा है जबकि इस ठंड के मौसम में एक तरफ सरकार गरीबों को संरक्षण देने के लिए अलाव और कंबल बांटने की बात कर नौटंकी करती है और दूसरे तरफ उनकी आसियानों को उजाड़ रही है वहीं अडानी को हजारों एकड़ जमीन औने पौने दाम पर दिए जा रहे हैं। वहीं मनरेगा को खत्म कर भी बी जी राम जी कर इसे और पूरी तरह खत्म करने की केंद्र सरकार की कोशिशें के खिलाफ मनरेगा कि पुनर्बहाली बहाली चार श्रम कोड के जरिए गुलामी के तहत मजदूरों के अधिकारों पर हमले आज तेज हो रहे हैं इसके खिलाफ मजदूरों की व्यापक गोलबंदी व संघर्ष के बल पर केन्द्र व राज्य सरकार को सबक सिखाना होगा। इस बैठक में वीरेंद्र प्रसाद निरंजन वर्मा, रिंकू देवी, जितेंद्र राम, उपेंद्र मांझी, दीनाराम दीपक पासवान, खुर्शीद अंसारी, कमलेश यादव, प्रमोद यादव, रामजीवन पासवान, रंजय बिन्द, कमला देवी सहित दर्जनों प्राखंड कमिटी सदस्य शामिल थे।

## जनता दरबार का आयोजन

**अथमलगोला।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला अंचल परिसर में भूमि विवाद निष्पादन के लिए शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी अपर्णा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार की तरह आज भी अंचल कार्यालय परिसर में भूमि विवाद निष्पादन के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे अथमलगोला थाना के पुलिस अधिकारी भी शामिल रहे। हालांकि जनता दरबार में अधिकारी मुस्तैद दिखे।

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़ीं सेवाओं को लेकर आयोजित होगा जनसंवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़ीं महत्वपूर्ण सेवाएं आमलोगों को समय सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी पांच दिसंबर को यहां भूमि सुधार जन कल्याण संवाद का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य के उप मुख्यमंत्री-सह-मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा करेंगे। इस दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल, सचिव गोपाल मीणा, विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह, अपर सचिव आजीव वत्सराज, उप निदेशक मोना झा, सहायक निदेशक सुधांशु शेखर, सुमित कुमार आनंद, विशेष कार्य पदाधिकारी अनुपम प्रकाश, सहायक निदेशक सह जनसंपर्क पदाधिकारी जूही कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर समेत मुख्यालय के अन्य विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। स्थानीय नगर भवन में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में प्रथम पाली में आमजनों की समस्या सुनी जाएगी। इस दौरान विभाग से संबंधित ऑनलाइन सेवाओं, समस्याओं और उनके समाधान पर आमलोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी। आमलोगों में से कुछ आवेदनों का अंचल वार चयन कर मौके पर अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारी को आवेदनकर्ता के सामने बैठाकर समस्या पर चर्चा होगी। इस सत्र में राजस्व विभाग से संबंधित सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं संबंधित राजस्व कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। संवाद में भाग लेने वाले आवेदनकर्ताओं से अपने आवेदन के साथ अंचल का नाम, अपना नाम, स्पष्ट पता और मोबाइल नंबर जरूर डालने की अपील की गई है। इससे आमलोगों को उनके आवेदन पर होने वाली कार्रवाई की जानकारी मैसेज से मिलती रहेगी। इसके साथ ही आवेदकों से अनुरोध है कि जिस समस्या हेतु वो जनकल्याण संवाद में आ रहे हैं, पूर्व में अगर उसके लिये अधिकारियों के समक्ष कोई आवेदन दिया है, तो उसे भी अवश्य संलग्न करें। महत्वपूर्ण यह है कि यहां मिले सभी आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड कर सभी पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद द्वितीय पाली में राजस्व विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं राजस्वकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक उप मुख्यमंत्री सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा की जाएगी। इस बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त, जिले के समाहर्ता, अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, बन्दोबस्त पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में दाखिल खारिज, परिमार्जन प्लस, ई मापी समेत सभी ऑनलाइन सेवाओं की स्थिति की आंकड़े के साथ समीक्षा की जाएगी। इस दौरान अभियान बसेरा- 2 की स्थिति की भी विशेष रूप से समीक्षा होगी। भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के माध्यम से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की मंशा है कि दाखिल खारिज, परिमार्जन प्लस और ई मापी समेत सभी ऑनलाइन सेवाएं आमलोगों को समय सीमा में उपलब्ध कराने से भूमि अभिलेख अपडेट होंगे। इसका लाभ राज्य में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के कार्य में भी मिलेगा। इससे राज्य में भूमि विवाद में भी भारी कमी आएगी। इससे प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने आमजनों को आश्वस्त किया है कि भविष्य में भूमि सुधार से संबंधित कार्यों के लिए किसी को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। सभी जिले में एकऽएक राजस्व ग्राम वार सभी कार्यों की समीक्षा की जा रही है और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समय सीमा में मामलों के निष्पादन के निर्देश दिए जा रहे हैं। अभी प्रमंडल मुख्यालय में समीक्षा का कार्य चल रहा है। इसके बाद जिलावार समीक्षा होगी। उन्होंने कहा है कि समीक्षा का ये कार्य राजस्व मुख्यालय के अधिकारी प्रधान सचिव सीके अनिल के नेतृत्व में लगातार जारी रखेंगे। सुधार के दृष्टिकोण से शुरू इस अभियान का उद्देश्य लोगों को समयबद्ध तरीके से उनका कार्य कराकर उन्हें परेशानी से बचाना है।

# मसौढ़ी मे धूमधाम से मनी सावित्रीबाई फुले की जयंती

## महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र मे सावित्रीबाई फुले का योगदान आज भी प्रेरणादायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** देश की पहली महिला शिक्षिका के रूप में देश को गौरवान्वित करने वाली सावित्री बाई फुले जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाई थी, उनकी जयंती पर शनिवार को कई जगहों पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही मसौढ़ी स्थित लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के तत्वाधन में सावित्रीबाई फुले की जंयती पर कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्रीकांत कुमार ने की। उन्होंने समाज के लिए शिक्षा क्षेत्र मे उनके योगदान खासकर महिलाओं में आज भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश संयोजक ने अपने संबोधन में सावित्रीबाई फुले द्वारा मनुवादी विचार धारा के खिलाफ समाज को विपरीत परिस्थितियों में खासकर बालिका और महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागृति पैदा करते हुए देश की सबसे पहली शिक्षिका के रूप में अपने को स्थापित की। आज भी समाज के लिए वह शिक्षा की सरस्वती के रूप में स्थापित है। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक धीरेंद्र पासवान (मुन्ना पासवान) ने वर्तमान बिहार सरकार और मसौढ़ी अनुमंडल के परिसर में सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा स्थापित करने की मांग करती है। आने वाले समय में अनुमंडलाधिकारी के समक्ष एक स्मारक पत्र सौपेंगी। इस अवसर पर कार्यालय में उनके तैलचित्रों पर पुष्प अर्पित कर सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर रेखा देवी, पूर्व मुखिया कविता देवी, पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार, महेंद्र प्रताप,राम एकबाल रविदास (पूर्व मुखिया कराय पंचायत), रामाकांत यादव,आदित्य कुमार, विवेकानंद कुमार एवं अन्य गन्यमान लोग उपस्थित थे।

# पीजी रेलखंड में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना गया रेल खंड के मसौढ़ी कोर्ट हाल्ट के समीप सरवां रेलवे गुमटी के पास एक अज्ञात ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक की पहचान ऋषि कुमार पिता गुड्डू चौधरी ग्राम ओकरी थाना ओकरी जिला जहानाबाद के रूप में हुई है जो सरवां गुमटी मसौढ़ी के पास ट्रेन से गिरने के कारण मृत्यु हो गई है, परिजनों को सूचित किया गया है पोस्टमार्टम हेतु पीएमसीएच भेजा गया है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि कोई अज्ञात ट्रेन से या हादसा हुआ है। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक मसूरी के संगत पर मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहता था और प्रतिदिन पटना मजदूरी करने के लिए जाता था, शनिवार को भी मजदूरी करने के लिए तारेगना रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ा था और क्यास लगाया जा रहा है कि वह ट्रेन के गेट के पास खड़ा होगा उसी में झटके में गिर गया होगा। मृतक के पिता गुड्डू चौधरी पिता अखिलेश चौधरी के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### न्याय प्रणाली में सहानुभूति...

ज्यादा मुकदमों और जटिल विवादों का सामना करने के लिए तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि बिहार में हमेशा से यह समझ रही है कि न्याय कई तरह से हो सकता है और यहां न्याय का मतलब एक ऐसा सही और नैतिक तरीका अपनाना है जो दूसरों के प्रति सहानुभूति, जिम्मेदारी एवं समाज की सहमति पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि अदालतों के पास ऐसे संसाधान होने चाहिए जो न्यायिक शक्तियों का सही और प्रभावी तरीके से उपयोग करने में मदद करें। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को पटना उच्च न्यायालय परिसर में 302.56 करोड़ रुपये की विभिन्न न्यायिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। एडीआर भवन, प्रशासनिक ब्लॉक, बहुमंजिला कार पार्किंग, आईटी भवन, आवासीय परिसर, महाधिवक्ता कार्यालय का एनेक्स भवन और अस्पताल भवन की नींव रखना शामिल है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जस्टिस सूर्यकात ने कहा कि बिहार में न्याय को कभी सिर्फ़ कठोर नियमों और कानून की किताब तक सीमित नहीं समझा गया। यहां न्याय बहुत ही मानवीय और नैतिक विचार है, जो सहानुभूति, ज़िम्मेदारी और सामाजिक समझ से बनता-बिगड़ता है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत मसौढ़ी गये जहां उन्होंने पुनपुन प्रखंड के पोठही में 38.77 एकड़ भूमि पर बनने वाली बिहार न्यायिक अकादमी का भूमि पूजन किया। मौके पर सुप्रीम कोर्ट के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर सिंह आदि मौजूद रहे। यह अकादमी न्यायाधीशों व न्यायिक अधिकारियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देगा।

# बेलवा घाट पर महाआरती का आयोजन

## मानव सेवा और प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा करने का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वाल्मीकिनगर।** भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में 150 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राज जिमरी नौतनवां के मुखिया ख़ूबलाल बड़घडिया, विशिष्ट अतिथि निर्माता एचेल थारू, संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर सह समाजसेवी संगीत आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, अभिनेता सोनू चौधरी, केदार महतो, हरिद्वार कुमार, अभिनेता चंद्रभान कुमार, निर्माता अरविंद अकेला,स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, सत्येंद्र सिंह, सुमन सिंह फाइटर जयदेव कुमार एवं पूनम देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने संबोधन के क्रम में कहा कि यहां आने से मन को शांति मिलती है। समाजसेवी संगीत आनंद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के प्रति जन जागरूकता हेतु आज हम पौधा का वितरण कर रहे हैं। कुमार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश कुमार के सौजन्य से पौष्टिक आहार न्यूट्रिमिक्स का वितरण किया गया। संस्था द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किए गए। कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की गई। हरिद्वार कुमार ने कहा कि नूतन वर्ष 2026 की यह पहली महा आरती है। नए साल के दूसरे दिन की यह महा आरती कई दृष्टिकोण से खास है। रुद्र नेचुरल साबुन एवं शहद निर्माता सत्येंद्र सिंह एवं सुमन सिंह ने कहा कि महिलाओं को शहद निर्माण का प्रशिक्षण देकर हम स्वावलंबी बना रहे हैं। अभिनेता सोनू चौधरी ने कहा कि स्वरांजलि सेवा संस्थान का चलंत दरिद्र नारायण भोज और नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम काबिले तारीफ है। धमाका फिल्म्स के निर्माता अरविंद अकेला ने कहा कि यह महाआरती कार्यक्रम नवोदित कलाकारों के लिए एक प्लेटफार्म साबित हो रहा है। उपस्थित सभी भक्तों ने मानव सेवा और प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस आयोजन में जय कुमार, सत्येंद्र-सुमन, खूबलाल बड़घडिया, धमाका फिल्म्स के निर्माता अरविंद अकेला, फौजी चंद्र मोहन तिवारी एवं फौजी विद्यासागर राणा का सहयोग सराहनीय रहा। नूतन वर्ष के दूसरे दिन बड़ी संख्या में बाहरी पर्यटक भी महा आरती में शामिल हुए। नारायणी गंडकी माता की जय ,गंगा मैया की जय, वाल्मीकि धाम की जय, त्रिवेणी धाम की जय आदि नारों से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान होता रहा। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कहा कि पौष पूर्णिमा का अपना अलग महत्व है। संगम तट पर महा आरती करने से, कथा पूजा हवन में भाग लेने से पुण्य की प्राप्ति होती है। संचालन संगीत आनंद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन केदार महतो ने किया। विशेष योगदान हेतु नेपाल के धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, पवन भट्टराई, समाजसेवी डॉ. संजय कुमार, स्मृति शेष शिक्षाविद राधेश्याम पांडे एवं संरक्षक विजय कुमार की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। इस अवसर पर कामेश्वर श्रीवास्तव, फाइटर जयदेव कुमार, गायक राजा कुमार, तन्नू कुमारी, रितिका कुमारी, संध्या कुमारी, अंजलि कुमारी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। शांति मंत्र के पश्चात, कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बढ़ती ठंड को लेकर सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बढ़ती ठंड एवं शीतलहर की गंभीर स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दरभंगा जिला के सभी 18 अंचलों में अंचलाधिकारियों के द्वारा प्रमुख चोक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश है। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अलाव स्थलों की निगरानी करें। बताया जाता है कि जिले के कुल 168 जगहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था है । वहीं अब तक कुल 343.53 क्विंटल लकड़ी जलाई गई है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को 5171 कंबल उपलब्ध कराए गए हैं ताकि जरूरतमंदों के बीच उनका वितरण किया जा सके। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से दिनांक 02.01.2026 से दिनांक 04.01.2026 के बीच दरभंगा जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में जागरूकता रथ का भी संचालन किया जा रहा है ताकि गरीबों/श्रमिकों को आपदा के प्रति जागरूक किया जा सके। प्रशासन द्वारा शीतलहर के मद्देनजर लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई तथा ये भी अपेक्षा की गई कि शीत से बचाव के उपकरणों यथा, हीटर, गीजर, ब्लोअर का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करे तथा सोने के पहले अलाव तथा अंगीठी बुझा दे ताकि अगलगी की घटना ना हो। अनावश्यक अपने घरों से नहीं निकलें।

# एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों के साथ की बैठक

**पकरीबरावां (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसडीपीओ कार्यालय में शनिवार को पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानाध्यक्षों के साथ एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने बैठक की। बैठक में एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों को ठंड के मद्देनजर पेट्रोलिंग तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कांडों के निष्पादन में तेजी लाने, वारंटियों एवं कांडों के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी करने को कहा। इसके साथ ही वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करने पर चर्चा हुई। बैंकों की सुरक्षा बढ़ाने को कहा गया। वाहन चेकिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल, पकरीबरावा के पुलिस आरक्षी निरीक्षक प्रशांत कुमार, वारिसलीगंज के आरक्षी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार सहित कौआकोल, रूपौ, काशीचक, शाहपुर आदि थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# नववर्ष, मकर संक्रांति को लेकर दिया गया दही-चूड़ा का भोज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी नवादा के शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के द्वारा नववर्ष व मकर संक्रांति के अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, नवादा के प्रांगण में दही- चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के अलग-अलग क्षेत्र से आए हुए डॉ अनुज सिंह के हजारों समर्थक, मीडिया बंधु एवं कार्यकर्ताओं ने शिरकत किया। इस आयोजन पर डॉ अनुज सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से छोटे-बड़े स्तर पर प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर इस तरह का आयोजन करता आया हूं। इसमें जिला भर के राजनीतिक, समाजसेवी समेत समाज के विभिन्न वर्गों के चर्चित महानुभाव और आमजन को आमंत्रित करता आया हूं, और खासकर नवादा विधानसभा क्षेत्र के सहयोगी साथियों को विशेष रूप से आमंत्रित करता हूं। उन्होनें बताया कि मकर संक्रांति समाजिक समरसता सदभाव का प्रतीक है। चूड़ा दही सबसे शुद्ध सात्विक भोजन के रूप में मान्यता प्राप्त है। कहीं किसी तरह की कमी न रह जाय इसका भी ख्याल स्वयं अनुज सिंह रख रहे थे। सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत खुद अनुज सिंह गुलाब का फूल देकर कर रहे थे। वहीं हजारों की संख्या में सभी वर्गों के आए हुए अतिथियों के साथ समाजसेवी डॉ अनुज सिंह भी एक साथ बैठकर भोजन में शामिल होकर आनंदित हो रहे थे। महिलाओं की भी बड़ी तायदाद थी। इस भोज में शामिल होने आये अल्पसंख्यक समाज के डॉ अनीश खान एवं मास्टर सफीर खान आपस में चर्चा कर रहे थे कि डॉ अनुज सिंह के द्वारा खुद परोसकर दही चूड़ा खिलाना सबसे कुशल क्षेम पूछकर प्रेम प्रसारित करना हम सभी कार्यकर्ता साथियों को गौरवान्वित करता है उनकी इसी व्यवहार से हमलोग भावानात्मक रूप से उनसे जुड़े हुए हैं। भोज में नवादा जिला के सभी पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र के पार्षद सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समाजसेवी फैयाज अहमद ने कहा कि नवादा जिला गंगा जमुनी तहजीब की एक मिशाल है और यह मिशाल बरकरार रहे।

# समय सीमा के अंदर व गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण कार्य : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में तकनीकी विभागों, नीति आयोग एवं एससीए, डीओसी, सीएसआर और डीएमएफटी की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य की गहनतापूर्वक समीक्षा की गई तथा भवन निर्माण विभाग एवं एलएईओ के कार्यपालक अभियंता को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। एलएईओ के कार्यपालक अभियंता को आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं डीएमएफटी योजनान्तर्गत कार्यान्वित अपूर्ण योजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निश्चित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया गया। वहीं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सामुदायिक विकास कार्यक्रम अन्तर्गत चापाकलों का अधिष्ठापन निश्चित समय-सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी सड़को् को नियमानुसार मरम्मती कराने एवं बीएमएसआईसीएल अन्तर्गत कार्यान्वित योजनओं को सवेदक से समन्वय स्थापित करते हुए ससमय गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। वहीं विद्युत व्यवस्था को निर्बाध रूप से आपूर्ति करने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम कुसुम जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रखंड स्तर पर कैम्प लगाकर कर प्रचार प्रसार एवं जागरूकता अभियान के माध्यम से आम जन को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किये जाने हेतु निदेश दिया गया। बिहार महादलित विकास मिशन अन्तर्गत सामुदायिक विकास भवन-सह-वर्कशेड के निर्माण कार्य हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद से समन्वय स्थापित करते हुए योजना कार्य को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से कराए जाने वाले योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में अविलम्ब सूचना देते हुए समन्वय स्थापित करते हुए उसका निकराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में नौ जख्मी, दर्जनों नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा गांव में शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में नौ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में एक पक्ष के कामेश्वर पासवान के पुत्र अमरजीत कुमार पासवान, पत्नी सरस्वती देवी, पुत्री तेतरी कुमारी, प्रमोद पासवान के पुत्र विपिन कुमार और गोलू कुमार तथा विनोद पासवान की पत्नी संगीता देवी शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के योगेंद्र पासवान के पुत्र सन्नी देओल और बॉबी देओल तथा भाई सत्येंद्र पासवान को भी गंभीर चोटें आई हैं। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर शराब पीने और बेचने का आरोप लगाया जो मारपीट की वजह बनी। उक्त मामले दोनों पक्षों द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें महिला व पुरूष मिलाकर कुल 25 लोगों नामजद किया है। मारपीट के मामले में दोनों तरफ से प्राथमिक दर्ज कराई गई है। बावजूद दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एक पक्ष के अमरजीत कुमार ने बताया कि गांव का ही रहने वाला दिव्यांग युवक मनोज कुमार ने अपने घर के बाहर ब्रेड पकौड़ा और भभरा का दुकान खोला था। चितरंजन और सत्येंद्र शराब के नशे में धुत होकर वहां पहुंचे और उससे दुकान बंद करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ता चला गया। चितरंजन और सत्येंद्र उसके दुकान को उखाड़ने की कोशिश करने लगे। जब उन्हें रोका गया तो उन लोगों ने अपने रिश्तेदारों को बुला लिया। दो बाइक पर सवार होकर 6 रिश्तेदार वहां पहुंचे और घर में घुसकर मारपीट करना शुरू कर दिया। बाहर के लोगों को घर में घुसकर मारपीट करते देख गांव के लोग इकट्ठा हो गए। उग्र होकर ग्रामीणों ने बाहर से आए लोगों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मामला बढ़ते देख बाहर से मारपीट करने आए लोग बाइक को छोड़कर भाग निकले। दूसरे पक्ष के सत्येंद्र का कहना है कि ब्रेड पकौड़ा और भभरा दुकान की आड़ में दिव्यांग मनोज और उसके पिता अवैध शराब का कारोबार करते हैं। जब उसे शराब बेचने से मना किया तो वह मारपीट करने पर उतारू हो गया। मारपीट के दौरान दो बाइक पर सवार होकर आए रिश्तेदारों के साथ भी मारपीट की गई और उनके बाइक को क्षतिग्रस्त कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराया। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में एफआईआर दर्ज कर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना में शामिल जख्मी अभियुक्तों का उपचार सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं अन्य अभियुक्त फरार हो गए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। विदित हो कि आए दिन उक्त गांव में शराब बेचे जाने की घटनाएं सामने आती रहती है। इसके पहले भी शराब के विरुद्ध छापेमारी करने गई रिसियप थाना की पुलिस और धंधेबाजों के बीच मारपीट में कई पुलिस वाले जख्मी हुए थे।

# मुख्यमंत्री के विचारों से प्रभावित होकर आशुतोष ने थामा जदयू का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों से प्रभावित होकर जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता आशुतोष कुमार ने शनिवार को जनता दल यूनाइटेड का दामन थाम लिया। जदयू कला संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने रामराज्य नगर निवासी आशुतोष कुमार को उनकी लगनशीलता एवं पार्टी की विचारधारा में आस्था को देखते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और जिला उपाध्यक्ष का पद दिया है। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने आशुतोष से आशा व्यक्त की कि वे अपनी जिम्मेदारी का कर्तव्य परायणता से निर्वहन करेंगे एवं पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को मजबूत करेंगे। वहीं नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बिहार की हर जनता के चहेते नेता हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य से हर वर्ग के लोग खुश हैं। ऐसे में उनकी विचारधारा को देखते हुए मैंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। भविष्य में संगठन को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। मौके पर ओबरा प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा कसौंधन वैश्य महासभा का 10वां स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय अधिवेशन आज

## बिहार की धरती पर पहली बार हो रहा राष्ट्रीय अधिवेशन, जुटेंगे देशभर के प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार की धरती पर आज एक ऐतिहासिक अवसर साकार होने जा रहा है। राष्ट्रीय युवा कसौंधन वैश्य महासभा के तत्वावधान में पहली बार बिहार में संगठन का दसवां स्थापना दिवस समारोह सह राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन आज रविवार को दाउदनगर स्थित संस्कार विद्या नॉलेज सिटी परिसर में संपन्न होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री नारायण प्रसाद, ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा, विधान पार्षद जीवन कुमार, मोरवा विधायक रणविजय साहू, संदेश विधायक राधा चरण साह तथा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष संतोष कसौंधन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश ने बताया कि यह अधिवेशन समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में समाज की सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने को लेकर व्यापक मंथन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य सुशील कुमार, जिला पार्षद श्वेता गुप्ता, नगर परिषद औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, नगर परिषद दाउदनगर की अध्यक्ष अंजली कुमारी, वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष इंजीनियर सुंदर साहू, कांग्रेस के प्रवक्ता ज्ञान रंजन तथा पारस हॉस्पिटल, पटना के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विकास कुमार शामिल होंगे। राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश ने बताया कि अधिवेशन में विशेष रूप से कसौंधन समाज के युवाओं को संगठित करने, उन्हें शिक्षा, रोजगार, व्यापार और राजनीति में आगे लाने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही समाज के लिए भावी कार्ययोजना तय की जाएगी। गौरतलब है कि बिहार में कसौंधन समाज की आबादी लगभग पांच लाख है और सामाजिक के साथ-साथ राजनीतिक परिदृश्य में भी समाज की महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका रही है। ऐसे में यह राष्ट्रीय अधिवेशन समाज की एकजुटता और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है और बड़ी संख्या में समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर कसौंधन समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की मनी जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती धूम धाम से मनाई गयी। इस अवसर सावित्री बाई फूले के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई , तथा उनके जीवन कृत्यों को याद किया गया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि 19वीं सदी के समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय के प्रति सावित्री बाई ने आवाज उठाई एवं उन्हें शिक्षा को अपनी बेहतरी के लिए हथियार बनाने की वकालत थी। आज महिलाओं का हर क्षेत्र में बढ़ती भूमिका के लिए उन्होंने सावित्री बाई की भूमिका को अप्रतिम बताया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत डेमा मध्य विद्यालय हरिहरगंज के प्रधानाध्यापक नरेंद्र पांडेय एवं मध्य विद्यालय ओरा के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार ने कहा कि सावित्री बाई का भारतीय धरा पर आना एक युगांतरकारी परिघटना रही है। उन्होंने सामाजिक व्यस्था में पुरुषों के समकक्ष महिलाओं को खड़ा करने में उनकी विषम परिस्थिति में निभाई गई भूमिका को स्मृत किए। साथ ही उन्होंने उनके पति ज्योतिबा फुले की भूमिका को भी याद किया जिन्होंने समाज का परवाह नहीं करते हुए अपनी पत्नी को साक्षर किया और उनको शिक्षिका का औपचारिक प्रशिक्षण दिलाकर शिक्षिका बनवाया एवं समाज में बालिका शिक्षा का उनसे अलख जलवाया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने भी सावित्री बाई फूले की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

# समस्याओं का समाधान कराना प्राथमिकता : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने शनिवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर उसके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित कुल 11 लिखित परिवाद प्रस्तुत किए गए। जनता दरबार में प्राप्त परिवादों में मुख्यतः अतिक्रमण हटाने, भूमि विवाद, जमाबंदी रद्दीकरण, आपदा राहत राशि भुगतान, इंदिरा आवास योजना में अनियमितता, पैक्स द्वारा धान खरीद में अनियमितता, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप निर्माण, दाखिल-खारिज, भूमि मापी एवं परिमार्जन, विद्यालयों में मनमानी एवं मिलीभगत से सरकारी राशि के दुरुपयोग तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। जनता दरबार में प्राप्त प्रमुख परिवादों में रफीगंज थाना क्षेत्र के खरोखर निवासी भरत सिंह द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायत, नवीनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया निवासी बद्री नारायण सिंह द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय, पड़रिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक पर विद्यालय में मनमानी एवं मिलीभगत से सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप, बारून प्रखंड क्षेत्र के वैधाही निवासी अजय कुमार राय एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा वार्ड संख्या 05 द्वारा इंदिरा आवास योजना में अनियमितता की निष्पक्ष जांच हेतु परिवाद, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेला निवासी कौशल्या कुंवर द्वारा जमाबंदी रद्दीकरण से संबंधित परिवाद, पोखराह निवासी अम्बिका पाठक एवं अन्य द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप का निर्माण पंचायत मुख्यालय में किए जाने की मांग, उपहारा थाना क्षेत्र के उपहारा निवासी शलीग्राम पंडित द्वारा आपदा राहत राशि के भुगतान से संबंधित परिवाद तथा रफीगंज थाना क्षेत्र के बीबीपुर निवासी मुकुल कुमार द्वारा भदवा पैक्स अध्यक्ष पर किसानों से धान क्रय न कर बिचौलियों एवं अपने परिजनों से अनियमित रूप से धान खरीद करने का आरोप प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी जनसुविधाओं से संबंधित विभिन्न समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जिलाधिकारी ने सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच कर त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एसपी ने जनता दरबार लगा सुनी फरियाद




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा शनिवार को सिमरा थाना में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। उपस्थित लोगों ने एसपी के समक्ष अपनी-अपनी फरियाद सुनायी। जनता दरबार में सबसे अधिक भूमि विवाद से जुड़े मामले छाए रहे। इन मामलों को गंभीरता से सुनते हुए एसपी ने सिमरा थानाध्यक्ष प्रशांत को सभी मामलों की गहन जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान एसपी के साथ एसडीपीओ संजय कुमार पांडे सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। लोगों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद समेत विभिन्न स्थानीय समस्याओं से पुलिस को अवगत कराया। कई मामलों में एसपी ने मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के आदेश दिये। एसपी ने कहा कि जनता दरबार पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है।

# विभिन्न मामलों में 30 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग मामलों में 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में 2, हत्या के प्रयास में 1, शराब में 12 एवं अन्य शीर्ष कांड में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 13.30 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। 30 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1026 वाहनों की जांच की गई जिसमें 59000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 लोगों को जेल भेजा गया है।

# औरंगाबाद में पीएम किसान के 1,78,451 लाभार्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सरकार द्वारा एग्री स्टैक योजना शुरू किया गया है। इस संबध में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत जितने भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं उनका फार्मर रजिस्ट्री किया जाना है। जिले में 1,78,451 पीएम किसान के लाभार्थी हैं जिसमें 12752 से अधिक किसानों का फार्मर रजिस्ट्री किया गया है। यह बहुत ही अत्यंत आवश्यक इसलिए है कि जो उनका जमीन का रजिस्ट्री हो जाता है। साथ ही में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि आपके खुद के नाम का जमाबंदी होना चाहिए और जमीन का रसीद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखें तो सबसे अधिक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लाभार्थी औरंगाबाद, मदनपुर और रफीगंज में हैं । इसके बाद वहां भी फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया है। सबसे अधिक औरंगाबाद और रफीगंज प्रखंड में किया है। इसके साथ ही किसानों के द्वारा कैंपेन मोड में सभी का रजिस्ट्री भी किया जा रहा है। ई-केवाईसी भी किया जा रहा है। इसको लेकर किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, एटीएम-बीटीएम को निर्देश दिया गया है कि अपने पंचायत अंतर्गत सभी किसानों का फार्मर रजिस्ट्री मिशन मोड में करें जिसके लिए बिहार सरकार के तरफ से हल्का कर्मचारी और कृषि विभाग के कर्मी संयुक्त रूप से 6, 7, 8, 9 को मिशन मोड में पूरे बिहार में इसको कराया जाने का है। यह आवश्यक इसलिए है क्योंकि इसमें कुछ लाभार्थी वर्ग ऐसा है, जिनके पास जमीन नहीं है या उनके लाभ के लिए उपयुक्त नहीं है, वो लाभ ले रहे हैं तो उससे ये फिल्टर हो जाएगा। इसलिए जिले में दो चरणों का प्रशिक्षण होगा। पहला 6 से 9 जनवरी एवं दूसरा 18 से 21 जनवरी को आयोजित किया जायेगा।

# औरंगाबाद में बिहार रूरल लीग 7 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सौजन्य से जिले में पहली बार बिहार रूरल लीग का आगाज हो रहा है। इस संबंध में आज शहर के प्रकाश क्रिकेट अकादमी में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बिहार रूरल लीग के बारे में जानकारी दी गई। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि बिहार रूरल लीग का मुख्य उद्देश्य गांव-कस्बे से जुड़े हुए खिलाड़ी जो पैसे या व्यवस्था के अभाव में बड़े लेवल पर क्रिकेट नहीं खेल पा रहे हैं उन्हें इस लीग के माध्यम से उनके टैलेंट को बाहर लाना है ताकि उन्हें भी बड़े लेवल पर क्रिकेट खेलने का एक प्लेटफार्म मिल जाए। ऐसी स्थिति में इस लीग में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। सचिव उज्ज्वल सिंह रिशु ने बताया कि यह लीग पूरे बिहार में कराया जा रहा है। इसी कड़ी में औरंगाबाद में इसके ट्रायल की घोषणा कर दी गई है जो 7 से 10 जनवरी तक शहर से सटे हसौली गांव स्थित रुद्रा क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड में खेला जाएगा जहां किसी भी उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। ट्रायल पूरी तरह से पारदर्शी होगी। इसके लिए पियूष पुष्कर को संयोजक और पांच सदसीय सिलेक्शन कमिटी में अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार(मल्लू), मो इरशाद और मो इरफान शामिल हैं। कोषाध्यक्ष शशांक शेखर आशु ने कहा कि अभी तक ट्रायल में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से लगभग 400 खिलाड़ियों ने आवेदन किया है और लगभग इतने ही लोगों के ऑफलाइन शामिल होने की संभावना है। इस ट्रायल कैंप के माध्यम से कुल 16 टीमें बनाई जाएगी जहां एक टीम में 15 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। इस कैंप में शामिल होने के लिए सभी खिलाड़ियों को कलर ड्रेस पहन कर आना अनिवार्य होगा। मौके पर संयुक्त सचिव अखोरी अमित सिन्हा सहित बिहार रूरल लीग से जुड़े अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मापी कराकर बर्षों पुराने विवाद का निपटारा कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के बंधुआ गांव के लोगों ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर वर्षों से चले आ रहे रास्ते के विवाद का निपटारा करने की मांग की है। अंचल अधिकारी को दिए गए आवेदन में उन्होंने जिक्र किया है कि थाना संख्या 554 के खाता 35 खेसरा 20 में 11 एकड़ 81 डिसमिल गैरमजरुआ मालिक जमीन में रास्ते को लेकर अनुसूचित जाति एवं मुस्लिम समुदाय के बीच वर्षो से विवाद चलता आ रहा है। विदित हो कि दस वर्ष पूर्व उक्त रास्ते से सरस्वती पूजा एवं रविदास पूजा का जुलूस निकालने को लेकर अनुसूचित जाति और मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच हिंसक झड़प भी हुई थी। हर साल त्योहार के अवसर पर स्थिति अति संवेदनशील बनी रहती है। आवेदकों का कहना है कि 11 एकड़ 81 डिसमिल जमीन में से 5 एकड़ 82 डिसमिल जमीन का रसीद लियाकत मियां के नाम कटता है। यह जमीन जमीदार के द्वारा लियाकत मियां के नाम पर बंदोबस्त की गई थी। वहीं वर्ष 1976-77 में सरकार द्वारा 1 एकड़ 97 डिसमिल जमीन अनुसूचित जाति के बारह लोगों के नाम से बंदोबस्त की गई थी। शेष 4 एकड़ 20 डिसमिल जमीन कब्रिस्तान, कर्बला, मुर्दाघाटी, रास्ता, स्कूल और नट का कब्रिस्तान के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सर्वे खतियान में अंकित नहीं है। आवेदन में मरहूम लियाकत मियां की पत्नी जैबुन निशा ने बताया कि मेरे हिस्से से स्कूल के नाम से छह डिसमिल जमीन केवाला किया गया था परंतु लगभग 60 डिसमिल जमीन में स्कूल बना हुआ है। जो पूर्व में रास्ता हुआ करता था। इसी रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा है। आवेदकों का कहना है कि रिकॉर्ड के अनुसार जमीन का नापी कराने पर विवाद का निपटारा किया जा सकता है। आवेदन में रामचंद्र राम, रामध्यान राम, सूबेदार राम, अनिल राम, अरविंद राम, उपेंद्र राम समेत दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर किया है।

